पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 9:50 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद, बुधवार, 24 जनवरी 2024
वर्ष 4, अंक 305, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2030 तक पर्यटन पर खर्च में चौथा देश होगा भारत 16
आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा 15

# रामभक्तों का रेला, संभालने में जुटी सरकार

### भीड़ होने की जानकारी पर अचानक अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने खुद संभाला मोर्चा

### मुख्यमंत्री ने हेलीकाप्टर से किया भीड़ का सर्वे अफसरों को दिए बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश

### रामभक्तों को सीमाओं पर रोकने का इंतजाम दर्शन करने वालों को लौटाने में जुटा प्रशासन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मंगलवार को रामलला के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दर्शन के लिए मंदिर का द्वार खुलते ही उत्साही श्रद्धालुओं के भीड़ के दबाव में श्रीरामजन्मभूमि पथ पर सुचारु दर्शन के लिए की गई सारी व्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। कुछ देर के लिए भीड़ के दबाव और धक्कामुक्की में घायल 103 श्रद्धालुओं को निकालकर अस्पताल पहुंचा गया, जहां कुछ लोगों भर्ती भी कराया गया है। हालात की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद प्रमुख सचिव गृह व डीजी कानून-व्यवस्था के साथ हेलीकाप्टर से अयोध्या पहुंच गए और भीड़ का सर्वे भी किया। दोपहर बाद दर्शन सुचारू हो गया, लेकिन मंदिर परिसर से लेकर सड़कें भीड़ से ठसाठस हैं। अब प्रशासन अयोध्या आ रहे रामभक्तों को सीमाओं पर रोकने के साथ दर्शन करने वालों को उनके गंतव्य तक लौटाने में भी जुट गया है।

नव्य मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले से ही देशभर से दर्शन के लिए रामभक्त अयोध्या पहुंचने लगे थे। इनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने यहीं पर अपने गुरु आश्रमों, मंदिर, होटल, धर्मशाला, रामकथा पार्क, सरयू घाट और अन्य स्थानों पर डेरा डाल रखा था।

## पहले दिन 5 लाख ने किए रामलला के दर्शन

ऐसे में मंगलवार को मंदिर खुलने से घंटों पहले लाखों की तादात में लोग हाथ में केशरिया ध्वज लिए जयघोष करते रामपथ जुट गए। सुबह सात बजे दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खुले तो, रस्साकसी शुरू हो गई। भीड़ के दबाव में नियंत्रण के लिए लगाए गए बैरियर और जांच-तलाशी के उपकरण बेमानी साबित हुए। धक्का-मुक्की के बीच श्रद्धालुओं का रेला बिना जांच-तलाशी अपने सामान के साथ परिसर पहुंच गया। भीड़ के दबाव के चलते कुछ नीचे गिरे, किसी की चप्पल छूटी तो किसी को दम घुटने और उच्च रक्तचाप की शिकायत हुई। कुल 103 लोगों का उपचार कराया गया। श्रीराम अस्पताल लाए गए 102 में से गंभीर घायल सात लोग माता प्रसाद, विनीत चौहान, प्रिया शुक्ला, विनोद गुप्ता, पथ पवन, मुरली भुजन, प्रमोद को मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किया गया। छह को श्रीराम अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, सीने में फैक्चर की शिकायत पर जिला अस्पताल में 74 वर्षीय साधु नवाधन पाड़ी निवासी संभलपुर उड़ीसा को उसके साथी शरद ने भर्ती कराया है। श्रीराम अस्पताल के सीएमएस आरके शर्मा ने बताया कि गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया है, बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सुरक्षाबलों की मशक्कत और हल्का बल प्रयोग के बावजूद हालात नियंत्रित न होने पर शीर्ष अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और एटीएस, आरएएफ, एसएसएफ के कमांडो व विभिन्न दस्तों के साथ पैरामिलेट्री फ़ोर्स व करीब आठ हजार पुलिस कर्मियों को लगाया गया। एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार ने संयम की अपील कर श्रद्धालुओं को नियंत्रित किया। दूसरी पाली का दर्शन शुरू होने के कुछ घंटे बाद व्यवस्थाओं को पूरी तरह से सुचारु कराया जा सका।

रामपथ पर जन्मभूमि पथ से आगे कजियाना तक सड़क की एक पटरी पर कतार लगवाई गई है। इसबीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से दोपहर करीब 3:30 बजे अयोध्या पहुंचे और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद व डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के साथ हेलीकाप्टर से भीड़ का सर्वे किया और अफसरों को बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कहा कि अयोध्या आ रही भीड़ को सीमाओं पर तबतक रोकें, जबतक दर्शन करके भीड़ गंतव्य को रवाना न हो जाए। इसके बाद ग्रीन कारीडोर व बनाए गए हाइवे सील कर दिए गए। डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि पहले दिन 5 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए।



अयोध्या में उमड़ी भीड़

> हड़बड़ाहट में राम भक्त अयोध्या न आएं। करीब 10, 15 दिन बाद आएं और सुगमतापूर्वक रामलला के दर्शन करें। मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं ने राम लला के दर्शन किए हैं। उस समय इतनी ही भीड़ बाहर और थी।
> **- गौरव दयाल**, मंडलायुक्त

> पहली पाली में भीड़ का दबाव बहुत ज्यादा होने के चलते दिक्कत आई थी। जिसको नियंत्रित करवाया गया है। सुचारु रूप से दर्शन-पूजन चल रहा है। लोग अफवाहों पर कत्तई ध्यान न दें।
> **-राजकरन नय्यर**, एसएसपी

## प्रमुख सचिव गृह और डीजी ने संभाली गर्भगृह की कमान

अयोध्या कार्यालय

- दोपहर बाद मंदिर का पट खुला तो नियंत्रित तरीके से दर्शन हुआ सुचारू
- सुरक्षाकर्मी बेहद शालीनता व संयम से उल्लासित भक्तों की कर रहे मनुहार
- भक्तों को समझा रहे अफसर मीडिया टीमों को भी भीड़ से दूर रहने के निर्देश

**अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में दर्शन को लेकर डटी लाखों की भीड़ दोपहर से नियंत्रित दिखी। गर्भगृह में सुरक्षा की कमान खुद प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने संभाली। बाहर एडीजी और आईजी समेत हजारों की फोर्स तैनात है। सुरक्षा कर्मी बेहद शालीनता व संयम से उल्लासित भक्तों की मनुहार करते हुए संयमित करने में जुटे हैं। मीडिया टीमों को भी भीड़ से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बाइट के चक्कर में भगदड़ न हो।

एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया दो बार खुद भक्तों की भीड़ के पास पहुंचे और निवेदन किया कि बैठ जाएं, सभी को रामलला का दर्शन लाभ मिलेगा। स्थिति यह रही कि जन्मभूमि प्रवेश मार्ग पर चौतरफा बैरिकेडिंग होने के बाद भी भक्तों का तांता अनवरत लगा रहा। जिन्हें दर्शन नहीं मिला वह लौटने के बजाए वहीं डटे रहे। इसी बीच 1:15 बजे भक्तों की भीड़ देखते हुए दोपहर दर्शन की निर्धारित अवधि से पहले ही दर्शन सुलभ करा दिए गए। दोपहर तीन बजे तक करीब तीन लाख श्रदालुओं ने रामलला के दर्शन किए थे और लगभग इतने ही दर्शन के लिए कतार में लगे थे।

इसी के चलते दोपहर बाद जिलाधिकारी नीतिश कुमार ने 15 मजिस्ट्रेटों की भी तैनात कर दिया।

**मनुहार कर जगाए गए रामलला :** भगवान राम बाल्य स्वरूप में भव्य राम मंदिर में विराजमान हैं। इसलिए पूजा पद्धति में वात्सल्य की भी झलक मिल रही है। मंगलवार सुबह 4 .30 बजे उन्हें मंगल आरती और मनुहार के साथ जगाया गया। इसके बाद उन्हें स्नान कराया गया और सुबह 6 .30 बजे श्रृंगार आरती हुई। जिसके बाद उनकी सेवा करने के बाद भोग लगाया गया। सुबह सात बजे से गर्भगृह के कपाट दर्शन के लिए खोले गए। रामलला के मंदिर से कुछ दूर पर स्थित हनुमानगढ़ी में भी बजरंगबली के दर्शन के लिए लंबी कतार लगी रही।

### एक नजर

## कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत मिलेगा भारत रत्न



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को यह घोषणा की। जननायक के रूप में मशहूर ठाकुर दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उनका 17 फरवरी, 1988 को निधन हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह हाशिए पर पड़े लोगों के लिए एक योद्धा के रूप में उनके प्रयासों का एक प्रमाण है।

## राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज होगा मामला

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक (बैरिकेड) तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया और कांग्रेस समर्थकों के इस कृत्य को 'नक्सली कार्रवाई' बताया।

युवा कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के एक पोस्ट के जवाब में मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि मैंने डीजीपी को भीड़ को उकसाने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। जिस फुटेज को श्रीनिवास ने अपने अकाउंट पर पोस्ट किया है उसे साक्ष्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असम की संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। इस तरह के नक्सलवादी हथकंडे हमारी संस्कृति के बिल्कुल विपरीत हैं। शर्मा ने कहा कि साक्ष्यों में दिखाई दे रहा है कि कैसे राहुल गांधी और कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह भीड़ को पुलिसकर्मियों पर हमला करने के लिए उकसा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी जनता के सेवक हैं और वे किसी शाही परिवार से ताल्लुक नहीं रखते।



### भीड़ को उकसाने का आरोप

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दिए डीजीपी को निर्देश
- भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बैरिकेड तोड़ने का मामला

राहुल गांधी की अगुवाई वाली यात्रा को शहर में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अवरोधक तोड़ दिए। गांधी ने शहर के बाहरी इलाके में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने अवरोधक तोड़े हैं लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे। यात्रा को शहर की सीमा में प्रवेश करने से रोकने के लिए दो स्थानों पर अवरोधक लगाए गये थे। पुलिस को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बल प्रयोग भी करना पड़ा।

## शेयर बाजार धड़ाम, 8 लाख करोड़ की चपत

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच बिकवाली से बाजार नीचे आया।

- सेंसेक्स 1,053 अंक टूटा निफ्टी 21,250 से नीचे

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार की गिरावट के दौरान निवेशकों को करीब आठ लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बना, अयोध्या मन में बसी



- प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर साझा किया अनुभव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना उनके जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों में था और वह वहां से एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटे हैं जो कभी उनसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे दो पन्नों के एक पत्र में यह बात कही। पत्र की प्रति एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा, दो दिन पूर्व मुझे आदरणीय राष्ट्रपति जी का एक बहुत ही प्रेरणादायी पत्र मिला था। मैंने आज अपनी कृतज्ञता पत्र के माध्यम से प्रकट करने का प्रयास किया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश भर में जश्न का माहौल भारत की शाश्वत आत्मा की एक निर्बाध अभिव्यक्ति और देश के पुनरुत्थान में एक नए चक्र की शुरुआत है। इसके जवाब में मोदी ने लिखा कि अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं। मैं एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटा हूं। एक ऐसी अयोध्या, जो कभी मुझसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को उनकी शुभकामनाओं और स्नेह के लिए आभार जताया तथा कहा कि उन्होंने पत्र के हर शब्द में अपने करुणामयी स्वभाव और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन पर असीम प्रसन्नता को व्यक्त किया।

मोदी ने कहा कि जिस समय उन्हें यह पत्र मिला था उस वक्त वह एक अलग ही 'भाव यात्रा' में थे और इस पत्र ने उन्हें उनके मन की भावनाओं को संभालने और उनमें सामंजस्य बिठाने में अपार सहयोग और संबल दिया। उन्होंने कहा कि मैंने एक तीर्थयात्री के रूप में अयोध्या धाम की यात्रा की। जिस पवित्र भूमि पर आस्था और इतिहास का ऐसा संगम हुआ हो वहां जाकर मेरा मन अनेक भावनाओं से विह्वल हो गया। ऐसे ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनना उनके लिए एक सौभाग्य भी है और एक दायित्व भी है। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा लिखे गए पत्र में प्रधानमंत्री के 11 दिन के व्रत अनुष्ठान और इससे जुड़े यम-नियमों के उल्लेख पर मोदी ने कहा कि हमारा देश ऐसे अनगिनत लोगों का साक्षी रहा है जिन्होंने शताब्दियों तक अनेक संकल्प व्रत किए जिससे कि रामलला पुनः अपने जन्मस्थान पर विराज सकें।

## सोने-चांदी के सिक्कों की मच गई लूट

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- सड़क निर्माण के लिए डाली गई मिट्टी में समतलीकरण के दौरान एक कच्चे पात्र से निकले सिक्के
- ग्राम प्रधान ने दी तहरीर, ठेकेदार पर 1.3 किग्रा वजन के सिक्के लेकर भागने का आरोप

**अमृत विचार :** संभल जिले की गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव में सड़क निर्माण के लिए मिट्टी खुदाई के दौरान खेत से सोने-चांदी के सिक्के मिले हैं। मिट्टी समतल करने के दौरान फावड़े से मिट्टी का बर्तन फूटा तो सिक्कों की लूट मच गई।

करीब 1.3 किलोग्राम वजन के सौ से ज्यादा सिक्के लेकर ठेकेदार भाग गया। कुछ सिक्के ग्रामीणों के भी हाथ लगे। जानकारी होने पर सीओ, एसडीएम भी गांव पहुंचे। ग्राम प्रधान कमलेश ने ठेकेदार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। सिक्कों को मुगलकालीन बताया जा रहा है। हरगोविंदपुर गांव में सड़क निर्माण के लिए ग्राम प्रधान कमलेश द्वारा मिट्टी डलवाई जा रही थी। सोमवार शाम को ठेकेदार सोमवीर मजदूरों के साथ गांव लहरा नगला श्याम के मनीराम के खेत से ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी लेकर हरगोविंदपुर पहुंचा। मिट्टी पलटने के बाद सोमवीर ने मजदूरों से सतीश के घर के सामने मिट्टी को समतल कराना शुरू किया तो फावड़े से मिट्टी का बर्तन फूटा तो चारों तरफ सिक्के बिखर गए। ठेकेदार व मजदूरों ने सिक्कों को समेटना शुरू कर दिया। मिट्टी से खजाना निकलने की बात फैली तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गांव कुंडाई थाना जरीफनगर बदायूं निवासी ठेकेदार ने गांव के ही रघुनंदन से सिक्के साफ कराए और उनको लेकर भाग गया। ग्रामीणों को भी कई सिक्के मिले। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



## बैराज से गिरी कार, डूबने से चार युवकों की मौत

**शेरकोट (बिजनौर)।** हरेवली रामगंगा बैराज पर एक कार अनियंत्रित होकर पानी में गिर गई। इसमें पांच युवक सवार थे। एक किसी तरह बाहर निकल आया जबकि चार की डूबने से मौत हो गई। शेरकोट क्षेत्र के गांव नूरपुर छीपरी निवासी सिकंदर, खुर्शीद, राशिद, फैसल और महरूफ ऑल्टो कार से अफजलगढ़ में नुमाइश देखने गए थे। देर रात करीब साढ़े आठ बजे वहां से लौटते समय अफजलगढ़-शेरकोट की सीमा पर रामगंगा पर बने हरेवली बैराज पुल पर उनकी कार अनियंत्रित होकर पानी में गिर गई और डूबने लगी। सिकंदर किसी तरह बाहर निकल आया जबकि खुर्शीद, राशिद, फैसल और महरूफ कार में फंस गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

## यूपीपीसीएस के अंतिम नतीजे घोषित, सिद्धार्थ गुप्ता टॉपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज के प्रेमशंकर को दूसरा व हरदोई के सात्विक को मिला तीसरा स्थान
- राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2023 में 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए

**अमृत विचार :** राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपी पीसीएस) 2023 के अंतिम नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में 19 प्रकार के पदों के लिए 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। देवबंद, सहारनपुर के सिद्धार्थ गुप्ता ने टॉप किया है। जबकि प्रयागराज के प्रेम शंकर पांडेय दूसरे और हरदोई की सात्विक श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे। 167 पुरुष और 84 महिला अभ्यर्थी चयनित घोषित किए गए हैं। टॉप 10 में 8 पुरुष दो महिला शामिल हैं। 77 ओबीसी, एससी के 55 और एसटी के दो अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। टॉप 20 अभ्यर्थियों में 13 पुरुष 7 महिला हैं। कुल चयनित अभ्यर्थियों में 68 जिलों का प्रतिनिधित्व हुआ है। पीसीएस 2023 का अंतिम परिणाम आठ माह 9 दिन में पूरा किया गया है। कुल अभ्यर्थियों में महिलाओं का प्रतिशत 33.46 फीसदी है।

## सीबीआई ने 60 करोड़ रिश्वत लेने के मामले में दर्ज किया केस

नई दिल्ली, एजेंसी

- सात रेलवे अधिकारी और एक निजी कंपनी आरोपी

सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में 2016 से 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता संतोष कुमार के परिसरों पर तलाशी के बाद उन्हें दो करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद यह मामला सामने आया। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार तलाशी के दौरान मिली सामग्री से पता चला कि भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिश्वत दी थी। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान सीबीआई को कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े उन अधिकारियों के नामों की सूची भी मिली जिन्होंने कथित रूप से 2016 से 2023 के बीच नकदी में और अपने परिजनों के बैंक खातों में रिश्वत प्राप्त की थी। अधिकारियों के अनुसार निजी कंपनी को उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे से 2016-22 के दौरान छह बड़ी परियोजनाओं का ठेका मिला।

**जेफरीज का दावा** अयोध्या में एक वर्ष के अंदर 5 करोड़ भक्तों के आने की उम्मीद, एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में उप्र को 2024-25 में 25 हजार करोड़ के टैक्स मिलने की उम्मीद

# रामनगरी अयोध्या से पीछे होंगे वेटिकन सिटी और मक्का

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्टॉक मार्केट रिसर्च फर्म जेफरीज का दावा है कि अयोध्या धाम श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में वेटिकन सिटी और मक्का को भी पीछे छोड़ देगा। वेटिकन सिटी कैथोलिक समुदाय जबकि का सऊदी अरब में मक्का मुस्लिम समुदाय का पवित्र स्थान है। अयोध्या में 5 करोड़ लोगों के आने की संभावना जताई गई है, हालांकि मंदिर खुलते ही पहले दिन छह लाख लोगों के दर्शन से आकलन करें तो, यह आंकड़ा भी छोटा लगता है।

रिपोर्ट के अनुसार स्विटजरलैंड, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूएई आदि ने पर्यटन के बलबूते पर अतुलनीय आर्थिक विकास किया है। अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित श्रेणी की बना दिया है। इसी प्रकार अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत भी इस श्रेणी के देशों में शामिल होने जा रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था में विकास दर 10 प्रतिशत के पार जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क जैसी सुविधाओं के लिए अयोध्या पर 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए गए हैं। इससे शहर में नए होटल खुलेंगे और अन्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।



### अयोध्या धाम की वार्षिक आय में होगी वृद्धि, बढ़ेगा रोजगार

रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ अयोध्या धाम की वार्षिक आय में भी वृद्धि होगी। अभी देश में आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी से राज्य को 1200 करोड़ की आय होती है, जहां हर वर्ष 2 .5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचते हैं। वैष्णो देवी में प्रतिवर्ष 80 लाख लोग जाते हैं, जहां से वहां 500 करोड़ रुपये का टूरिज्म बूस्ट मिलता है। वहीं आगरा ताज महल में 70 लाख लोगों के पहुंचने से 100 करोड़, आगरा फोर्ट में 30 लाख लोगों के माध्यम से 27 .5 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। वेटिकन सिटी और मक्का की बात करें तो मक्का में प्रति वर्ष 2 करोड़ लोग आते हैं, जिससे सऊदी अरब को 12 बिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है, जबकि वेटिकन सिटी में 90 लाख लोग प्रतिवर्ष आते हैं जिनसे 315 मिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है।

**इसलिए बढ़ेंगे पर्यटक :** रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में नए हवाईअड्डे का पहला चरण शुरू हो गया है जो 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60 हजार यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले करीब 17 होटल हैं। 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं। इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी भी अयोध्या में संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में एक हजार कमरे जोड़ने की है। 12 सौ एकड़ की ग्रीनफील्ड टाउनशिप बनाने की योजना चल रही है।

### 25 हजार करोड़ के टैक्स कलेक्शन की संभावना

एसबीआई रिसर्च ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि राम मंदिर और अन्य टूरिज्म सेंट्रिक इनीशिएटिव्स के कारण उत्तर प्रदेश को 2024-25 में 25 हजार करोड़ रुपये टैक्स मिलने की उम्मीद है। अयोध्या अहम फैक्टर होगा। इसके चलते प्रदेश इस वर्ष करीब 4 लाख करोड़ रुपये और अमीर हो जाएगा।

### जीडीपी में 443 अरब डॉलर का होगा योगदान

रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यटन ने कोविड पूर्व यानी 2018-19 के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया। 2032-33 तक इसके 8 फीसदी की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है।

## एक नजर

### 31 जनवरी तक स्कूलों में अवकाश करने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागरिक एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नईम रजा ने जनपद में कड़ाके की ठंड के चलते 31 जनवरी तक कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों को बंद किए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। रजा ने कहा कि शीतलहर से ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। छोटे बच्चे सर्दी से बीमार न हों इसी को ध्यान में रखते हुए कक्षा 8 तक के स्कूलों में अवकाश कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की गई है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिशु वाटिका इंटर कॉलेज व एसवी पब्लिक स्कूल में सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। विद्यालय की दो दिवसीय 49 वीं अरविंद वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ. रोहित अग्रवाल, निशा अरोड़ा, नीलम शर्मा, अनुज अग्रवाल, डॉ. सत्या सक्सेना, भारती अग्रवाल, हरी निवास गुप्ता, ज्योत्सना गुप्ता, विपिन गुप्ता ने किया। वक्ताओं ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन चरित्र का वर्णन किया। इस दौरान प्रथम दिन के खेलों में भारोत्तोलन, कुर्सी दौड़, खो-खो, दंड बैठक, गुब्बारा दौड़, लेमन रेस आदि का आयोजन किया गया।

### अब आसानी से पढ़ सकेंगे रामचरितमानस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रभादेवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षक व फैशन डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट की संस्थापिका डॉ. पूनम गुप्ता ने गद्य में रामचरिमानस लिखा है। इसे संक्षिप्त रूप को लिखने का मकसद लोगों को आसानी से रामचरितमानस पढ़ाने का है। डॉ. पूनम ने बताया कि बचपन से घर में रामायण पढ़ी जाती थी। मैं भी प्रतिदिन पढ़ती थी, पर इतना समझ में आता था कि भगवान राम की महिमा का वर्णन और भी छोटे माध्यम से किया जा सकता है। इसी को लेकर गद्य में छोटे रूप में रामचरितमानस लिखने का निश्चय किया। सूक्ष्म गद्य स्वरूप में इसकी रचना की जिससे अधिक से अधिक लोग भगवान राम के आदर्शों को जान सकें।

### भजन सुन हुए मंत्रमुग्ध

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ग्रेट की चार्टर डे मीटिंग का आयोजन किया गया। आरंभ मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल और क्लब सदस्यों ने श्रीराम स्तुति के साथ किया। इसके बाद हरिद्रा राठौर ने राममयी नृत्य की प्रस्तुति दी। सुदेश आर्य और डॉ. मनोज रस्तोगी ने राम के भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर रितु रस्तोगी, इला सिंह, डॉ. गोविंद नौन्याल, रामचंद्र सोती, विजय अरोरा आदि मौजूद रहे।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में जगह-जगह मानव श्रृंखला का आयोजन आज, बूथों पर देख सकेंगे सूची में नाम

# लोकसभा क्षेत्र में 24,42,843 हुई मतदाताओं की संख्या, 69407 बढ़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 69407 मतदाता बढ़ गये हैं। लोकसभा क्षेत्र में अब मतदाताओं की संख्या 24,42,843 हो गई है। जबकि पहले यह संख्या 23,73,436 थी। जिले में शत प्रतिशत मतदान को प्रेरित किया जाएगा, जिसके लिए बुधवार को जिलेभर में जगह-जगह मानव श्रृंखलाएं आयोजित होंगी।

जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। यह सूची एक सप्ताह तक बूथों पर बीएलओ के पास मौजूद रहेगी। इसमें अपना नाम मतदाता देख सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य पूरा होने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है।



कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

नये मतदाता बनने के लिए अभी भी आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अब जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 24,42,843 है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 27 दिसंबर से 2023 से 23 जनवरी तक चला। इस कार्य में 1,30,285 मतदाताओं के नाम जोड़े गए। जबकि मृतक व दूसरे पते पर स्थानांतरित 62,866 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर 9 बीएलओ व सुपरवाइजर निलंबित किए गए। उन्होंने बताया कि नामांकन के आखिरी दिन तक ऑनलाइन मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 69407 मतदाता बढ़े हैं। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जिले में 2511 पोलिंग बूथ और 1145 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि बुधवार को 500 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। जनपद मुख्यालय पर 11-11.30 बजे तक सड़क पर खड़े होकर मानव श्रृंखला बनाएंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र मौजूद थे।

### 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा

जिलाधिकारी ने बताया कि 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा है। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या पहले 29,737 थी जो अब बढ़कर 45,899 हो गई। जेंडर रेशियो 870 से बढ़कर 884 हो गया।

### बढ़े दिव्यांग मतदाता

दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 16,696 है। दिव्यांग मतदाताओं की पहले संख्या 13097 थी। जो अब बढ़कर 16,696 हो गई है। इनके लिए बूथों पर रैंप, रेलिंग आदि बनाए जाएंगे। उनको मतदान में मदद का प्रबंध बूथों पर रहेगा।

### 41,710 बढ़ीं महिला मतदाता 11,46,014 हो गई संख्या

इस बार के लोकसभा चुनाव में 41,710 महिला मतदाता अधिक हो गई हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर जन प्रतिनिधि चुनेंगी। पहले इनकी संख्या 11,04,303 थी तो मतदाता सूची पुनरीक्षण में बढ़कर 11,46,014 हो गई।

### थर्ड जेंडर मतदाता 103

इस बार लोकसभा चुनाव में थर्ड जेंडर के 103 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह संख्या प्रदेश के अन्य जिलों के मुकाबले अधिक है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 436 हैं।

### जिले में बढ़ा जेंडर रेशियो

मतदाता सूची पुनरीक्षण से एक और बेहतर आंकड़ा सामने आया है। अब जिले का लिंगानुपात (जेंडर रेशियो) बढ़ गया है। पहले यह प्रति एक हजार पुरुषों के अनुपात में 870 था। जो अब बढ़कर 884 हो गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इसका अर्थ है कि अब जिले में लिंगानुपात बढ़कर प्रति एक हजार पुरुषों पर 884 महिला मतदाता हो गई हैं।

**लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की स्थिति**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 24,42,843 |
| पुरुष मतदाता | 12,96,829 |
| महिला मतदाता | 11,46,014 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 103 |
| दिव्यांग मतदाता | 16,696 |
| मतदान केंद्र | 1,145 |
| मतदेय स्थल | 2,511 |

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसमें स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने मतदान को बढ़ाने के उद्देश्य से रैली निकाली। जगह-जगह नुक्कड़ नाटक कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

स्कूली बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर मतदान बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही मतदाता जागरुकता क्लब के बच्चों द्वारा मुख्य चौराहों नुक्कड़ नाटक कर ग्राम वासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने नुक्कड़ नाटक के बाद लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए सभी से आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षक जोगेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, प्रमोद कुमार, अंजली सांगवान ,विकास कुमार, रामचन्द्र व ग्रामवासी मौजूद रहें।

# पारा @ 4 डिग्री, शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन

### बादल छाए रहने और कोहरे से गलन बरकरार, बादलों की ओट में छिपे सूर्यदेव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मंगलवार को शीतलहर ने लोगों को ठिठुरा दिया। बादल छाए रहने और कोहरे के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। 6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा ने लोगों को कंपा दिया।

मंगलवार की सुबह कोहरे से ढकी रही। घने कोहरे के चलते लोग सिहर गए, गलन ने लोगों को पूरे दिन ठिठुरने पर विवश किया। घरों में हीटर, ब्लोअर का सहारा लोगों ने ठंड से राहत पाने के लिए लिया। सड़कों के किनारे कई जगह लोग अलाव जलाकर सेंकने में जुटे रहे। सरकारी और निजी कार्यालयों में भी अधिकारी कर्मचारी ब्लोअर और रूम हीटर से राहत पाने का प्रयास किया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि आर्द्रता 93 प्रतिशत होने और छह किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हवा से लोग ठिठुर गए। दिनभर कोहरा छाये रहने और बादलों की ओट में छिपे रहने से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। वहीं जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने ठंड के चलते स्कूलों में और अवकाश बढ़ाने से इनकार किया। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. आरके सिंह का कहना है कि अभी शीतलहर जारी रहेगा। ठंड से राहत नहीं मिलेगी।



हरथला बाजार में दुकान पर ठंड में अलाव सेंकते लोग। ● अमृत विचार



ठंड में कुछ इस तरह जाता स्कूटी सवार।

### कड़ाके की सर्दी में रामगंगा में चलाया सफाई अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चित्रगुप्त इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के ग्राम मोरा मुस्तकम में चल रहे शिविर में मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने रामगंगा नदी की सफाई की। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने रामगंगा पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। रामगंगा नदी के जल में उतरकर व किनारों पर पूजा सामग्री के अवशेषों को एकत्र कर गड्ढों में दबाया। साथ ही राहगीरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ. जयप्रकाश सक्सेना ने कहा कि आज वर्तमान परिस्थिति में पर्यावरण संरक्षण बहुत आवश्यक है। इसके लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा। द्वितीय सत्र में कौशल विकास विषय पर बोलते हुए डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि वर्तमान समय की रोजगार संबंधी परेशानियों को देखते हुए कौशल ज्ञान होना बहुत ही जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर मो. शहजान, अमन, अनुराग, शिवांग पाठक, नरेंद्र राणा, आशुपाल, मोहित कुमार सिंह, स्पर्श भटनागर, पारस माथुर, देवाशीष, दीपांकर गौतम, वरुण शर्मा, विशाल सागर, यश कटारिया ने अपना योगदान दिया।

### श्रीबांके बिहारी परिवार की ओर से भजन संध्या

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** श्री बांके बिहारी परिवार की ओर से मंगलवार को अयोध्या नगरी में हुई भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुपालन में गंज गुरहट्टी पर हवन किया गया। साथ ही श्री राम भजन संध्या का आयोजन किया गया।

आचार्य पं. चिंतामणि ने विधि विधान से हवन कराया। विजय नंदन द्वारा श्रीराम के भजनों को प्रस्तुत किया गया। जिससे पूरा माहौल राममय हो गया। उनके द्वारा गाए भजन हमारे साथ श्री रघुनाथ तो किस बात की चिंता..। श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में.. और श्री राम से कह देना एक बात अकेले में.. आदि भजन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अभय गुप्ता, अजय गुप्ता, अंशुल गुप्ता, रजनीश गुप्ता, अशोक गुप्ता, नवीन अग्रवाल, राजेश गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजीव अग्रवाल, मोहित गुप्ता, अमित चोपड़ा, राज कुमार गुप्ता, शोभित गुप्ता, पीयूष अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, राजू रस्तोगी, शुभम गुप्ता, अविनाश गुप्ता, शौर्य गर्ग, तन्मय गुप्ता, सजल गुप्ता, वैभव गर्ग, प्रियंका गुप्ता, स्वाति गुप्ता, आरती गुप्ता, वीना गुप्ता, रश्मि गुप्ता, नीमा गुप्ता, सरोज गुप्ता, शुभि अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



एक शाम रामलला के नाम कार्यक्रम में सम्मानित कलाकार व संस्था के पदाधिकारी।

# भगवान श्रीराम के भजनों पर झूमे भक्त, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से मंगलवार को प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक शाम रामलला के नाम कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को राममय कर दिया।

वरिष्ठ कवयित्री डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने गीत रम रहे हैं राम सब की श्वांस में प्रश्वांस में, राम के अधीन यह जग कर रहे गुणगान है। सुनाकर वातावरण को राममय कर दिया। कवि मयंक शर्मा ने रामजी के आगमन पर गीत भावना जन की हृदय में रह गई, याचना के शब्द बंधित हो गए, जब अयोध्या से चले श्रीरामजी, नैन सारे अश्रुपूरित हो गए। हिमांशु मेहरा, प्रदीप शर्मा व शिल्पी रस्तोगी ने राम भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। ओसियन रस्तोगी, पूजा सैनी व दिशा सैनी ने नृत्य प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि एसके वर्मा ने कहा कि राम विनय एवं करुणा के सागर हैं। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि राम आग नहीं ऊर्जा है, राम पालक है, तारणहार है। प्रशांत शर्मा ने भगवान राम के जीवन से जुड़ी प्रश्नोत्तरी की। कार्यक्रम का संचालन कशिश, मीनू अरोड़ा और कशिश चौहान ने किया। कार्यक्रम का संयोजन पूनम चौहान ने किया।

# डीएम ने शिक्षा की खराब गुणवत्ता पर खंड शिक्षाधिकारियों को चेताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प और शिक्षा की खराब गुणवत्ता पर खंड शिक्षाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा की। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि इस परियोजना में वर्ष 2023-24 में स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करें। विद्यालय में चल रहे कार्यों की प्रगति तेज कराएं। परिवार सर्वेक्षण की प्रगति नगरीय क्षेत्र में सबसे खराब होने पर नाराजगी जताई। खंड शिक्षाधिकारी को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। खंड शिक्षाधिकारियों को चेतावनी दी कि शिक्षा के स्तर में सुधार लाएं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विद्यालय में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी शिक्षकों को भी रहें यह सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार से कहा कि जिले के हर स्कूल में आउट आफ स्कूल बच्चों की सूची रखवाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता, परियोजना अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, उप मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षाधिकारी, एडीओ पंचायत और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### तहसील सदर में बिना सूचना कार्य से अनुपस्थित रहने पर डब्ल्यूबीएन को निलंबित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी द्वारा स्थानांतरण करने पर डब्ल्यूबीएन गीता देवी को तहसीलदार कांठ ने 22 दिसंबर को कार्यमुक्त कर दिया था। लेकिन उन्होंने 23 जनवरी तक डब्लूबीएन पद पर तहसील सदर में कार्यभार ग्रहण नहीं किया और कार्य मुक्त होने की तारीख से बिना सूचना अनुपस्थित रहीं। जिसकी जानकारी पर जिलाधिकारी के निर्देश पर गीता देवी को निलंबित कर दिया है।

### गोकुलदास कालेज में प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य प्रो. चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई।

इस मौके पर सुभाष चंद्र बोस एक क्रांतिकारी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने कहा कि नेताजी द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए और उनको नमन करने के लिए हर साल उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू शर्मा और डॉ. शेफाली अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रो. अंशु सरीन, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो.अपर्णा जोशी, नमरा, मरियम, अरसी, दीपाली, इकरा, शूमैला, मिशवा, ईशा और रिशा आदि मौजूद रहे।

# पीडीए ही लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएगा

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** देश में भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए बड़े पैमाने पर गठबंधन हो चुका है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) यात्रा भाजपा और एनडीए गठबंधन को हराएगी।

उक्त बातें समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती ने जिला कार्यालय चक्कर की मिलक पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए उसे सांप्रदायिकता फैलाने वाली पार्टी बताया। कहा कि जो नई सरकार आए वह देश के अंदर बदलाव लाने वाली हो। जिसमें पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का और उन वर्ग के लोगों को सम्मान मिले जिन्हें आजाद भारत में उनकी हिस्सेदारी, स्वाभिमान और सम्मान नहीं मिल पाया।



प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती। ● अमृत विचार

सपा नेता ने कहा कि पार्टी हमेशा दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की हितैषी रही है। उनके हितों की रक्षा करना ही पीडीए यात्रा का उद्देश्य है। वह संविधान बचाओ-देश बचाओ समाजवादी पीडीए रथयात्रा लेकर पार्टी कार्यालय पहुंचे थे। जहां उनका जिलाध्यक्ष डीपी यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, सांसद डॉ. एसटी हसन, बिलारी के विधायक मो. फहीम, पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी, देहात विधायक के प्रतिनिधि आमिर कुरैशी ने स्वागत किया।

एससी-एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बसपा की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भी आने वाले समय में गठबंधन में शामिल होने की बात कही। सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि पीडीए की जनसंख्या 85 प्रतिशत है। असम के मंदिर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जाने से रोकने पर सांसद ने कहा कि हर किसी को पूजा, इबादत करने का अधिकार है।

**जयंती** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

# महान क्रांतिकारी और सच्चे देशभक्त थे सुभाषचंद्र बोस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती सोनकपुर स्टेडियम राम गंगा विहार में मनाई। उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर एवं मिठाई वितरण करके धूमधाम से आयोजन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान क्रांतिकारी देशभक्त थे। उन्होंने अपनी सेना बनाकर देश की आजादी में अपना जीवन न्योछावर कर दिया। ऐसे महान क्रांतिकारी देशभक्त की मृत्यु आज भी एक रहस्य बनी हुई है। हम भारत सरकार से यह मांग करते हैं जिस तरीके से 500 बरस के उपरांत श्रीराम मंदिर प्राप्त हुआ है संविधान के अंतर्गत देश जानना चाहता है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु किन परिस्थितियों में कब और कहां हुई। पिछली कांग्रेस सरकार ने इस पर कभी कार्य नहीं किया जो एक शक पैदा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के हित में तमाम कार्य किए गए हैं और कर रहे हैं। हमारी मांग है की देश के सच्चे सपूत नेता सुभाष चंद्र बोस जी की इस पहेली का हल करने पर देश आपको हमेशा याद रखेगा। कायस्थ समाज का देश की आजादी में अपना विशेष योगदान रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक संपन्न परिवार से आते थे। उसके बावजूद भी उन्होंने देश की आजादी में अपना जीवन समर्पित कर दिया ऐसी महान शख्सियत कि आज हम 128वी जयंती मना रहे हैं। जो हमारे लिए गौरव का दिन है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला संगठन नीतू सक्सेना, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना, जिला अध्यक्ष अनिल सक्सेना, बीके सक्सेना, अरुण सक्सेना, शिवोतार सक्सेना, अरविंद सक्सेना, संजय भटनागर, अमित आदि लोग उपस्थित रहे।





सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कायस्थ महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### अंग्रेजों से लड़ने को किया था आजाद हिंद फौज का गठन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। विद्यार्थियों को नेताजी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उप प्रधानाचार्य दिनेश सिंह व अन्य शिक्षकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक रस्तोगी ने किया। बताया कि नेताजी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े देशभक्त थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया। उनके द्वारा दिया गया नारा जय हिंद भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा जो उन्होंने दिया, इस वजह से उन्हें नेताजी के नाम से जाना जाता है। नेताजी भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष, आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे। कार्यक्रम में मीनाक्षी गिरि, पिंकी चौहान, दीक्षा, नीलम गुप्ता, गौरव कुमार, सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जयंती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। लाइनपार स्थित सुभाष पार्क में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरित किया गया।

महासभा के राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और नगर निगम में उपसभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा के कटक में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। वह अल्पायु में ही स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण के विचारों से प्रेरित थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया। गिरिराज किशोर भटनागर ने बताया कि नेताजी ने 1943 में दिल्ली चलो का नारा दिया और अंग्रेजों को नाकों चने चबावा दिए।

नेताजी की मृत्यु को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जाती है। महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश भटनागर ने कहा कि हम सब अब 23 जनवरी उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस दौरान राजीव सक्सेना, आरके आर्य, वरुण भटनागर, शिव प्रसाद सक्सेना, अजीत कुमार भटनागर, नीलम भटनागर, सुबोध नारायण श्रीवास्तव, आशीष सक्सेना, साहिल सक्सेना, शेखर भटनागर, अतुल भटनागर, सारथी सक्सेना, शलभ सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी नेता थे सुभाषचंद्र बोस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेंद्र कुमार, आचार्य रामवीर सिंह ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। विद्यालय के आचार्य राधेश्याम ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन से संबंधित अनेक घटनाओं का वर्णन किया। आचार्य गोविंद सिंह ने कहा कि नेताजी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी और सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी उनका था। जो उस समय काफी प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेताजी के नाम से संबोधित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य राकेश कुमार ने किया।

## शहर में आज

- महानगर के स्कूलों में मतदान को जागरुकता के लिए मानव श्रृंखला 11:00 बजे।
- मोरा की मिलक में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सुबह 10:00 बजे।
- काली माता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6:00 बजे।

## एक नजर

### अमृत कुंज योजना में भूखंडों का आवंटन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की अमृत कुंज योजना में विभिन्न श्रेणी के भूखंडों में प्राप्त आवेदनों का आवंटन लाटरी ड्रा से 24 जनवरी को प्राधिकरण कार्यालय में दिन में 11:00 बजे से किया जाएगा। इस लाटरी ड्रा को सीधे यू-ट्यूब पर भी लाइव देखा जा सकता है। जिसके लिए https://youtube.com/‹bha›@‹/bha›directpointnews4659?si=1gv_j8VpwdT-bbTV पर अथवा यू-ट्यूब पर जाकर Direct Point News सर्च कर लॉग इन किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक लॉटरी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए समय से कार्यालय आ सकते हैं।

### धोखाधड़ी मामले में अभियुक्त को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय ने मंगलवार को अभियुक्त बोधराज उर्फ बेगराज पुत्र रामचरन को जेल में बिताई गई अवधि (एक माह 24 दिन) और 700 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त संभल जिले के थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव सरथल का रहने वाला है। इस पर धोखाधड़ी कर अन्य व्यक्तियों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पुलिस व अदालत को गलत नाम व पता अंकित कराने का दोषी पाया गया है। इसके विरुद्ध पूर्व में बिलारी थाने के दरोगा नसरुद्दीन ने 12 मई 12-05-1997 में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना धर्मपुरा कलां गांव की है।

### चाकू मारकर घायल करने पर दो महीने की सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त जागेश्वर पुत्र रघुवीर को जेल में बिताई गई अवधि (दो माह 8 दिन) से दंडित किया है। यह बिलारी थाना क्षेत्र में मुईमेरथी गांव का रहने वाला है। इसके विरुद्ध 20 जून 1998 को राम प्रकाश शर्मा ने केस दर्ज कराया था। आरोप था कि अभियुक्त जागेश्वर ने राम प्रकाश शर्मा के साले को चाकू मारकर घायल कर दिया था।



वंदेभारत संस्था की ओर से आयोजित काव्य संध्या में उपस्थित कवि व रचनाकार।

## जहां विराजे हैं स्वयं, रघुनंदन श्रीराम...

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संस्था वंदेभारत की ओर से मंगलवार को प्रभु श्रीराम को समर्पित 'रामांजलि' शीर्षक से काव्य-संध्या स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित हुई। रचनाकारों ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

शुरुआत राजीव प्रखर ने मां सरस्वती की वंदना से की। दुष्यंत बाबा ने धर्मयज्ञ के जो सदा, रहते हैं विपरीत, युगों-युगों तक कष्ट ही होती उनकी रीत, वरिष्ठ साहित्यकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने प्राण-प्रतिष्ठा हुई राम की, जय-जय आठों याम, विराजे अवधपुरी निज धाम, हमारे रघुनंदन श्रीराम सुनाकर माहौल को राममय कर दिया। प्रो. ममता सिंह ने हर ओर छाए उल्लास को हुआ वनवास है पूरा से रेखांकित किया। राजीव प्रखर ने कर ले जो भी प्रेम से, सियाराम का ध्यान, कवि राघव गुप्ता ने लंका ढह गई, वंश मिट गया सुनाया। कमल शर्मा ने सजी हुई है गली गली, कवयित्री हेमा तिवारी भट्ट ने 'रा' सूचक है अग्नि का, 'म' शीतल वारि धाम सुनाया। अध्यक्षता कर रहे ओंकार सिंह ने पूर्णाहुति दी। मंदिर न्यारा बन गया, दिव्य रूप छवि धाम जहां विराजे हैं स्वयं, रघुनंदन श्रीराम से माहौल को राममय कर दिया।

### 11 लाख और अन्य खर्चे के तीन लाख रुपये लेकर भी कार्यक्रम में नहीं आने का लगाया था आरोप

# कोर्ट पहुंचीं अमीषा पटेल, जमानत पत्र पर हस्ताक्षर कर लौटीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अभिनेत्री अमीषा पटेल (47) मंगलवार दोपहर कोर्ट में पहुंची थीं। यहां अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर उन्हें प्रमाणित कराने के बाद वह लौट गईं। वह करीब 20 मिनट तक यहां रहीं।

अमीषा एक जालसाजी के मामले के पूर्व से लंबित मुकदमे में आई थीं। इनके विरुद्ध पूर्व में समन जारी हुए थे। गिरफ्तारी होने की आशंका में वह प्रथम अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल करने आई थीं। लेकिन, प्रार्थना पत्र अभी दाखिल नहीं हो सका है। अभिनेत्री के अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि अमीषा पटेल को कोर्ट पहुंचने में देर हो गई थी। इसलिए जमानत पत्र पर उनके हस्ताक्षर कराकर कोर्ट में उन्हें प्रमाणित भी करा लिया है, अब उसका दाखिला बुधवार को न्यायालय में करेंगे। अमीषा पटेल की तरफ से उनके अधिवक्ता ने बताया कि वह अमित पटेल की बेटी हैं और अंधेरी वेस्ट मुंबई में गंगा भवन जय प्रकाश रोड वर्सोवा की रहने वाली हैं। अभिनेत्री से संबंधित मामला एसीजेएम कोर्ट -दो में विचाराधीन है। अमीषा की तरफ से प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि संबंधित परिवाद में उन्हें झूठा एवं रंजिशन फंसाया गया है। अभिनेत्री ने प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनके बैंक खाते में किसी प्रकार के पैसे का कोई लेन-देन नहीं हुआ है। स्वयं परिवादी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वादी द्वारा रुपये राजकुमार गोस्वामी के खाते में भेजे गए होंगे, न कि उनके (अमीषा) के खाते में। लेकिन, न्यायालय ने आदेश पारित कर उन्हें तलब किया है। अधिवक्ता ने बताया कि प्रार्थना पत्र में अमीषा ने कहा है कि उनके विरुद्ध वारंट चल रहे हैं जिस कारण उन्हें उनकी गिरफ्तारी की आशंका है। इसलिए वह अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दे रही हैं। जमानत पत्र में अमीषा ने मामले से इनकार करते हुए कहा है कि परिवादी पवन कुमार वर्मा से न तो उनकी कभी कोई डील हुई और न ही रुपये का लेनदेन और न ही डांस करने को लेकर कभी कोई बातचीत।

उन्होंने ये भी कहा है कि पवन कुमार वर्मा की तरफ से जो भी रुपये दिए गए वह राजकुमार गोस्वामी के खाते में भेजे गए। जिस कार्यक्रम के लिए रुपये दिए गए, उसकी कोई भी संविदा उनसे नहीं की गई थी। अमीषा ने यह भी कहा है कि वह राजकुमार गोस्वामी को जानती तक नहीं हैं और न ही कभी उनसे मुलाकात हुई है। अभिनेत्री के अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने बताया कि अभिनेत्री के विरुद्ध कोर्ट ने सम्मन जारी किए थे। वह मंगलवार को कोर्ट में पेश होने आई थीं लेकिन, देरी के कारण कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाईं और जमानत पत्र पर हस्ताक्षर प्रमाणित कराकर लौट गई हैं।



अपने अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा के साथ मौजूद अभिनेत्री अमीषा पटेल।

**यह है मामला**

डबल फाटक निवासी परिवादी पवन कुमार वर्मा ड्रीम विजन के नाम से इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाते हैं। इनका आरोप है कि उनके ग्राहक आयुष अग्रवाल की शादी में 16 नवंबर 2017 को डांस करने के लिए उन्होंने अमीषा पटेल को 11 लाख रुपये में बुलाया था। तीन लाख रुपये उनके परिवहन व अन्य मामलों पर खर्च किए थे। इस तिथि से पहले 11 लाख रुपये उनसे विपक्षी राजकुमार ने प्राप्त कर लिए थे। पवन का कहना है कि बातचीत होने के बाद उन्होंने अमीषा के रुकने-ठहरने का भी इंतजाम कर लिया था। लेकिन वह नहीं आई थीं और उनके रुपये भी नहीं लौटाए गए। इस मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए 11 फरवरी 2019 को समन जारी कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में तलब किया था।

# अधिक बिजली उपभोग करते 172 पकड़े

### बिजली विभाग ने देहात क्षेत्र में लाइफ लाइन योजना के तहत काटे 110 कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के अधिकारियों ने लाइन लास रोक कर राजस्व बढ़ाने के लिए अभियान चलाया। इसके अन्तर्गत मंडल के मुरादाबाद और रामपुर जिले में 172 उपभोक्ता स्वीकृत भार से अधिक बिजली का उपभोग करते पकड़े गए। वहीं मुरादाबाद देहात क्षेत्र में लाइफ लाइन योजना के अन्तर्गत 110 के कनेक्शन काट दिए गए। इस कार्रवाई से अवैध तरीके से बिजली का इस्तेमाल करने वालों में खलबली मच गई है। लोग अपने भार बढ़वाने के लिए भागदौड़ करने में जुट गए हैं।

स्वीकृत भार से अधिक बिजली खपत करने वाले लोगों की विभाग ने घेराबंदी कर दी है। देहात क्षेत्र में चेकिंग कर रही कई टीम के अधिकारियों ने लाइफ लाइन योजना के चार स्थानों से 110 उपभोक्ताओं को स्वीकृत भार से अधिक बिजली की खपत करते पकड़ा और उनका कनेक्शन काट दिया।

इसी क्रम में महानगर के पचपेड़ा मोहल्ले में विद्युत वितरण खंड तृतीय क्षेत्र कटघर के अधिशासी अभियंता प्रेम सिंह ने टीम के साथ स्वीकृत भार से अधिक बिजली के खपत करने वाले 6 दुकानदारों को पकड़ा। इन 6 कनेक्शन से 12 दुकानों में बिजली सप्लाई चलती पकड़ी गई। अधिशासी अभियंता ने बताया की बिजली सप्लाई देने वाले हर उपभोक्ता पर कार्रवाई में 20 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। सभी को तुरंत नया कनेक्शन लेने के लिए कहा। इसके अलावा सभी के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं। वहीं रामपुर जिले भी बिजली चेकिंग अभियान में 56 मामले पकड़े गए।

मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि इसके अलावा कुंदरकी, बिलारी, डिलारी और दलपतपुर में बिजली चेकिंग कराई गई। जिसमें चारों स्थानों पर लाइफ लाइन योजना में देहात के उपभोक्ता स्वीकृत भार की आड़ 10 गुना बिजली की खपत करते पकड़े गए हैं। उन्होंने बताया की 4 स्थानों पर मिलाकर 110 कनेक्शन स्वीकृत भार से अधिक बिजली खपत करते पकड़े हैं। जिनमें 75 कनेक्शन धारकों का बिजली भार बढ़ाया गया है। 26 कनेक्शन धारकों के एलएमबी वन में चल रहे कनेक्शन को एलएमबी टू में परिवर्तित किया है। 12 ऐसे दुकानदारों को नए कनेक्शन दिए हैं। जिनकी दुकानों में कनेक्शन नहीं थे और उनके दुकान पर बिजली चलती पाई गई। रामपुर जिले में 56 लोगों को स्वीकृत भार से अधिक बिजली खपत में पकड़ा है।



कटघर के मोहल्ला पचपेड़ा में चेकिंग करते बिजली विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

# फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या करने वाले सात दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 25 लाख रुपये के लालच में पिता-पुत्र और दंपती ने रची थी साजिश
- न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा के साथ 6.20 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया

**अमृत विचार :** सात साल पुराने मामले में अदालत ने मंगलवार को सात लोगों को फिरौती के लिए अपहरण कर युवक की हत्या का दोषी ठहराया है। इन दोषियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा के साथ प्रत्येक को 6.20 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

जिला संभल के थाना हयातनगर क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन निवासी सतीश कुमार पुत्र चेतराम ने 12 दिसंबर 2016 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने पुलिस को बताया था कि 11 दिसंबर 2016 को करीब 10 बजे उनका चचेरा भाई संजीव कुमार पुत्र जगदीश सैनी निवासी कमालपुर सराय अपनी मां से मिलने के लिए नखासा थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा मोटरसाइकिल से गया था। इसके बाद से उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। अगले दिन 12 दिसंबर को संजीव के रिश्ते के भाई सागर पुत्र रामनाथ के पास संजीव के मोबाइल से मिस्ड कॉल आई थी, जब उस पर संपर्क किया गया तो किसी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद ग्राम प्रधान अनिल कुमार के फोन से बात की तो पता चला कि संजीव का किसी ने अपहरण कर लिया है और फिरौती के लिए 25 लाख रुपये की मांग की जा रही है। इस बात को मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी कर लिया था। इस मामले में थाना प्रभारी सुनील अहलावत ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए तत्काल विवेचना शुरू कर दी थी। आरोपियों द्वारा की गई फोन पर बात के अनुसार संजीव की मोटरसाइकिल थाना असमौली के गांव जसरथ नगला में बरामद हुई थी। इस घटना में सबसे पहले छत्रपाल पुत्र प्यारेलाल, चंद्रपाल पुत्र सूखा निवासीगण कमालपुर सराय पुलिस के हत्थे चढ़े थे। इन्होंने पुलिस को बताया था कि हमने रुपये के लालच में संजीव की हत्या कर दी है। इस साजिश में उनके साथ हरचरण पुत्र श्रीराम, आदेश पुत्र हरचरण निवासीगण देहपा हयातनगर, मदनपाल, देशराज पुत्रगण गणेशी और सुरेश पत्नी मदनपाल निवासीगण खादरपट्टी धनौरा शामिल हैं। छत्रपाल व चंद्रपाल ने पुलिस को यह भी बताया था कि उन्होंने अपने साथियों से मिलकर संजीव का अपहरण किया था। फिर फिरौती के रुपये न मिलने के बाद डर की वजह से संजीव की डंडों से पीटकर हत्या कर दी थी।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-तीन सरोज कुमार यादव की अदालत में की गई। अतिरिक्त जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष भटनागर ने बताया कि इस मामले में अदालत ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर सभी सात आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा के साथ प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया है।

# दहेज के लिए विवाहिता को धमकाया, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जून 2022 में हुई थी शादी, पीड़िता के छह माह का बेटा भी है

**अमृत विचार :** ससुराल वालों ने अपने को बीजेपी का कार्यकर्ता बताकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। उधर, विदेश में नौकरी कर रहा जेठ भी महिला को आए दिन फोन पर पर्दे में रहने की नसीहत दे रहा था। इस तरह हिंसा से तंग आकर महिला ने ससुराल वालों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उसने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी है।

यह मामला मुगलपुरा में पीरगैब के मोहम्मद अहमद की बेटी मोबीना परवीन का है। इसकी ससुराल नैनीताल के रामगनर में गुलहट्टी यूनियन में सैयद मसूद के घर है। मोबीना का निकाह 26 जून 2022 को सैयद मसूद अली के बेटे सैयद कुतुबुद्दीन से हुआ था। पीड़िता का कहना है कि ससुरालियों ने उसको एक लाख रुपये अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित किया है। पीड़िता ने बताया कि निकाह बाद से पति कुतुबद्दीन, ससुर मसूद अली व देवर महमूद अली ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विदेश में रह रहे जेठ मोईनउददीन ने कॉल करके घर से बाहर निकलने पर पाबंदी लगवा दी थी। उसके छह माह का बेटा भी है। पांच दिसंबर 2023 को पीड़िता की मां व भाई उसका हाल जानने पहुंचे तो पति, देवर और ससुर ने गाली-गलौज कर जान से मारने तक की धमकी देते हुए उन्हें मिलने नहीं दिया था। इस मामले में भी महिला ने थाने में शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई थी। सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि पीड़िता की तरफ से आरोपी उसके पति, ससुर, देवर और जेठ के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट व अन्य आरोप के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## तीन महीने बाद डीआईजी के निर्देश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में तीन महीने पहले हुई चोरी के मामले में मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। यह रिपोर्ट भी डीआईजी के निर्देश पर लिखी गई है। इसमें पीड़ित की तरफ से मुहल्ले के तीन लोग नामजद आरोपी बनाए गए हैं। इनमें आकाश, अंकुश व छोटू नामजद हुए हैं।

पीड़ित पक्ष के वेद प्रकाश सिंह कटघर थाना क्षेत्र में गुलाबबाड़ी पुलिस चौकी इलाके में पचपेड़ा में डॉ. योगेंद्र गुप्ता के किराए के घर में रहते हैं। यह घर दो मंजिला है। इसके ऊपर तल पर वह परिवार समेत रहते हैं। इनका कहना है कि वह 24 अक्टूबर 2023 को परिवार समेत गांव गए थे। मकान मालिक भी वहां नहीं थे। उसी रात में चार लाख रुपये नगद और जेवरात चोरी हो गए।

वेद प्रकाश सिंह ने इस मामले में मुहल्ले के ही आकाश, छोटू व अंकुश को दोषी ठहराया है। उनका कहना है कि इन लोगों ने उनके घर में घुसकर अलमारी तोड़ी और सभी ताले तोड़कर वहां रखे रुपये व जेवरात चोरी कर ले गए। इस मामले में कटघर कोतवाली प्रभारी तेजवीर सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारी के निर्देश पर मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

# कल होगा नव मतदाता सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुद्धि विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को 25 जनवरी को होने वाले नव मतदाता सम्मेलन के बारे में पदाधिकाारियों ने जानकारी दी। कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आर्यन त्यागी ने कहा कि 25 जनवरी को दोपहर 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के नव मतदाताओं को वर्चुअल संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में 18 से 23 वर्ष तक के युवाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए मतदाता नये भारत का आधार बनेंगे।

भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण पंडित ने बताया कि नव मतदाता सम्मेलन की जिम्मेदारी मोर्चा के पदाधिकारियों को मिली है। जिले की चार विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, बिलारी, कांठ, ठाकुरद्वारा में 2-2 स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें हर सम्मेलन में 1000 युवा शामिल होंगे। पार्टी का नमो एप पर दो करोड़ लोगों को जोड़कर विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का पार्टी का लक्ष्य है। युवा मोर्चा की ओर से स्टेडियम, जिम, क्लब, कोचिंग, स्कूल, कॉलेज में जाकर युवाओं को सम्मेलनों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस दौरान अर्पित चौहान, लकी, अमन ठाकुर, कशिश चौहान, अभिनव गुप्ता, अक्षय गुप्ता, कुंवर अभिषेक सिंह, अभिषेक राठौर, रोहित आदि मौजूद रहे।




भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते युवा मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## अयोध्या के लिए नहीं बढ़ी रोडवेज की बसें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर से रामलला के दर्शन को अयोध्या जाने के लिए अभी रोडवेज की अतिरिक्त सेवाएं यात्रियों को नहीं मिलेंगी। हालांकि अभी पूर्व संचालित 22 रोडवेज बसों की सेवा उपलब्ध हैं। उनको भी अभी बाराबंकी तक ही जाने की अनुमति है।

मंगलवार को परिवहन निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि अभी तक अयोध्या जाने वाले यात्रियों के लिए बसें नहीं बढ़ाई जा रही हैं। अभी पाबंदी के चलते अयोध्या मार्ग के लिए ऑन लाइन बुकिंग भी बंद है। ऐसे में लोग पूछताछ केंद्र पर बसों में बुकिंग कराने के लिए जानकारी करने आ रहे हैं। ऐसे दिनभर में पूछताछ करने वालों की संख्या 100 का आंकड़ा पार कर चुकी है। अभी शासन की ओर से बसों की संख्या बढ़ाने के लिए कोई गाइडलाइन नहीं आई है।

**बोर्ड परीक्षा** | गणित में अच्छे अंक लाने के लिए प्रतिदिन करें अभ्यास, विषय को समझकर पढ़ें विद्यार्थी

# निरंतर अभ्यास ही दिलाएगा गणित में अच्छे अंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड व सीबीएसई की परीक्षाएं फरवरी में शुरू हो जाएगी। ऐसे में देखा जाता है कि युवाओं में गणित के प्रति काफी डर रहता है। भले ही उनकी अच्छे से तैयारी हो। लेकिन गणित का डर कहीं न कहीं उनकी तैयारी को विफल कर देता है। वहीं गणित के विशेषज्ञों का कहना है कि जितना ज्यादा अभ्यास किया जाएगा, उतना ही फायदा होगा। पिछले पांच साल तक के जितने भी गणित के पेपर हैं। उन सभी को निर्धारित समय के अनुसार हल करना शुरू कर दें। अपने रूम में फॉर्मूले से संबंधित विभिन्न चार्ट पेपर लगा लें।

गणित विशेषज्ञ गौरव विश्नोई ने बताया कि गणित एक ऐसा विषय है कि इसमें विद्यार्थी को 100 में से 100 नंबर भी मिल सकते हैं। ऐसे में विद्यार्थी पेपर देते समय फॉर्मूले का अच्छे से आंकलन कर लें। क्योंकि हल्की सी चूक होने के कारण सवाल का उत्तर ही गलत हो जाता है। ऐसे में अगर आप फॉर्मूले पर अभ्यास कर लेंगे तो किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

### अच्छी प्रस्तुति से मिलेंगे 100 में से 100 अंक

100 में से 100 नंबर लाने की इच्छा रखने वाले छात्रों को चाहिए कि वे सिर्फ सही जवाब ही नहीं, बल्कि उसकी प्रस्तुति भी अच्छी तरीके से करें। कॉपी साफ-सुथरी लिखें। इसके दाएं तरफ लकीर खींच कर रफ वर्क करें, ताकि कॉपी जांचने वाले को यह न लगे कि आपने कोई चीटिंग की है। प्रश्नों को क्रमवार बनाएं। हर प्रश्न पर कितना समय देना है। परीक्षार्थी खुद ही तय कर लें। यदि कोई प्रश्न बाद में हल करना चाहते हैं, तो उसके लिए उचित जगह छोड़कर दूसरे प्रश्नों को हल करें।

### सर्वाधिक अंक लाने के कारगर उपाय

परीक्षा के दौरान ध्यान रखें कि जिस चैप्टर से 6 अंकों के सवाल आते हैं, उसकी तैयारी पहले ही कर लें। तभी आप अधिक नंबर ला सकते हैं। हालांकि, इन चैप्टरों से 4-4 अंकों और एक अंक के भी प्रश्न पूछे जाते हैं। ध्यान रखें कि परीक्षा से पहले कभी भी दूसरी बुक नहीं बदलें। नहीं तो रिवीजन में दिक्कत आ सकती है।

### ये हैं गणित का पेपर हल करने के टिप्स

- कोई सवाल ऐसा लग रहा है, जिसके उत्तर में आप अस्पष्ट हो गए हैं तो उसको उत्तर पुस्तिका के बजाय रफ कॉपी पर करके देखें
- किसी सवाल पर अटक रहे हैं तो उसे छोड़ दें और अन्य प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- गणित के सवालों के जवाब फॉर्मूले से ही आते हैं। इसलिए जल्दबाजी न करें और सही फार्मूला अपनाएं।
- बेहद सावधानी के साथ उत्तर लिखें, ताकि आप बेहतर परफॉर्म कर पाएं।
- सारे जवाब लिखने के बाद यदि कुछ समय बचे, तो एक बार जवाबों को रीचेक कर लें।
- पेपर शुरू होने के पहले परीक्षा हॉल में घबराने के बजाय पांच से दस मिनट ध्यान कर सकते हैं।

## प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अनन्या चयनित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा हमारी संस्कृति हमारी पहचान द्वारा आयोजित संस्कृति उत्सव की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता पूर्व में आयोजित हुई थी।

मंगलवार को लखनऊ स्थित भातखंडे संस्कृत महाविद्यालय में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हुई। जिसमें 18 मंडलों के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। इसमें शहर की बेटी अनन्या अग्रवाल ने कथक की प्रस्तुति दी। जिसके बाद उनका चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित प्रतिभागी 25 जनवरी को पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रस्तुति देंगे। साथ ही उन्हें 26 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इसके लिए शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# लूटकांड में पुलिस के हाथ खाली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अबरार व अब्दुल वाहिद के घर घुसे थे सशस्त्र नकाबपोश बदमाश
- लूट ले गए थे नगदी व जेवरात दो भाइयों को मार दी थी गोली

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के हृदयपुर गांव में शनिवार रात 12.30 आठ सशस्त्र बदमाशों ने दो घरों में घुसकर जमकर लूटपाट की। दो सगे भाइयों को गोली मार दी। इस मामले में तीसरे दिन मंगलवार को भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस का मानना है कि बदमाश नकाबपोश थे, इसलिए ज्यादातर संभावनाएं हैं कि बदमाश पीड़ित पक्ष के परिचित होंगे। फिलहाल, इस मामले में जब तक कोई मजबूत साक्ष्य नहीं मिल जाता, उस स्थिति में पुलिस अभी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। उधर, अब्दुल वाहिद के चौथे नंबर के बेटे गुलफाम को जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है। लेकिन, दूसरे नंबर के बेटे रिजवान का अभी टीएमयू में इलाज चल रहा है।

शाहरुख ने बताया कि टीएमयू के डॉक्टरों ने कहा है कि अभी रिजवान के स्वास्थ्य सुधार में कम से कम 10-12 दिन लग जाएंगे। डॉक्टरों ने रविवार को रिजवान के दो यूनिट ब्लड भी चढ़ाया था। दरअसल, सशस्त्र बदमाशों ने शनिवार रात को हृदयपुर गांव में पहले अबरार के घर में घुसकर लूटपाट की थी। फिर अबरार दंपती को एक कमरे में बंद कर सीढ़ी के सहारे अब्दुल वाहिद के दूसरे वाले घर में घुस गए थे। वहां अब्दुल वाहिद के दूसरे नंबर के बेटे रिजवान, चौथे नंबर के गुलफाम व सबसे छोटे बेटे शाहरुख थे। बदमाशों ने गुलफाम और शाहरुख के सहारे रिजवान के कमरे को खोलवा लिया था। जब इन भाइयों ने विरोध किया तो बदमाशों ने गुलफाम और रिजवान को गोली मार दी थी। बदमाशों ने इन भाइयों और अबरार के घर से नकदी, जेवर लूट ले गए थे। शाहरुख ने बताया कि उनके बड़े भाई रिजवान सराय की तरफ वाली फैक्ट्री में खाला के बेटे शाहिद के साथ लकड़ी का काम करते हैं। शाहिद फैक्ट्री में ठेकेदार हैं। उन्होंने बताया कि उनका भाई गुलफाम भी नया गांव में हाजी याकूब के कारखाना में लकड़ी का काम करता है। शाहरुख ने बताया कि उसका गांव या आसपास इलाके में किसी से कोई झगड़ा नहीं है।

कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर आगे बढ़ रही है। पुराने अपराधियों से भी पूछताछ की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उम्मीद है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान हो जाएगी।

एक नजर



प्रदर्शन करते बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## बीएसएनएल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन के कर्मचारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर उप महाप्रबंधक के कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मंगलवार को बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन के सदस्य उप महाप्रबंधक के कार्यालय पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने अपनी 6 सूत्रीय मांगों में जिसमें बीएसएनएल की 4जी एवं 5जी सेवाओं को तुरंत शुरू करने, समस्त कार्यरत स्टाफ में तीसरा संशोधित वेतनमान तुरंत लागू करने, समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक जनवरी 2017 से लंबित तीसरे पेंशन संशोधन लागू करने आदि को लेकर विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान अमरेश कुमार वर्मा, बालकरण, मदन, मयंक गुप्ता, कपिल सक्सेना, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार शर्मा, पुष्पा, अभिनव यादव, राजेंद्र सिंह, रजनी, गायत्री, विमला आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर कर्मियों ने दिया धरना

## अधीक्षण अभियंता ने 10 दिन में समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग के नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। बाद में अधीक्षण अभियंता ने सभी मांगों को 10 दिन में पूरा का आश्वासन दिया। जिस पर कर्मचारियों ने धरना स्थगित कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो फिर धरना दिया जाएगा।

मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता नावेद खान के कार्यालय के बाहर पीडब्ल्यूडी के नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरकेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। उनकी दस सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से समस्त वर्कचार्ज कर्मचारियों के कैशलेस कार्ड बनवाने, शासनादेश अनुसार कर्मचारियों को स्थाई किए जाने व सेवा पुस्तिका में अंकित किए जाने, एनपीएस पासबुक पूर्ण कर



पीडब्ल्यूडी परिसर में धरने पर बैठे नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

▸▸ **मांगे पूरी न होने पर कर्मचारियों ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी**

कर एंट्री कराने, जिन कर्मचारियों का एरियर लंबित है उनका भुगतान करने के साथ कर्मचारियों को जीपीएफ स्लिप दिलवाने की आदि मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। दोपहर बाद अधीक्षण अभियंता नावेद खान ने धरने का नेतृत्व कर रहे लोगों को अंदर बुलाया और उनकी बात सुनी। इसके बाद अपने कार्यालय से बाहर आकर कर्मचारियों की सभी मांगों को 10 दिन में पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जिस पर अध्यक्ष हरकेश सिंह ने दस दिन के लिए धरना स्थगित की घोषणा की। इस दौरान सोमपाल सिंह सैनी, जिला मंत्री संजीव वीर सिंह, संजीव, कमल सिंह ,रामगोपाल, जयकिशन श्रीरामोतार, रामचन्द्र, सलमान, हरकिशोर, गुलाम शाविर, महेन्द्र, रामकुमार इन्द्रपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षाविद् व समाजसेवियों को कला विभूति सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मानसरोवर कन्या इंटर कॉलेज की ओर से साहित्यिक एवं कला विभूति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षाविद् एवं समाजसेवी शकुंतला प्रकाश गुप्ता, संस्थापक ओमप्रकाश गुप्ता एवं शिक्षाविद गौरी गुप्ता की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि निर्यातक नजमुल इस्लाम, पंकज सक्सेना, समाजसेवी राजेश रस्तोगी ने किया। अध्यक्षता पर्यावरणविद विचित्र शर्मा ने की।

संजीव आकांक्षी ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। मानसरोवर विद्यालय परिवार ने चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. विनीत गुप्ता, कला के क्षेत्र में जादूगर वी सम्राट, शिक्षा एवं शोध में कैलाश चंद्र पांडे, शिक्षा में डॉ. अनुज गुप्ता, साहित्य में रघुराज निश्चल एवं धर्मात्मा चिकित्सालय में डॉ. लवलेश चंद्र को साहित्यिक एवं कला विभूति सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंशु, वरिष्ठ साहित्यकार विवेक निर्मल, ममता भटनागर, ज्योति चौधरी, किरण, मिताली गर्ग, विनय कुमार गुप्ता, अरुण गुप्ता, सोनम गुप्ता, अंकित गर्ग आदि मौजूद रहे।

# 'भटके किशोर को जूते-मोजे पहनाए, पिता से मिलाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंगलवार सुबह रामपुर दोराहा पर संदिग्ध हालत में जमीन पर पड़े किशोर को देखकर आसपास के लोगों ने उसे मृत समझकर पुलिस को खबर दी। कुछ ने उसके शरीर को छूने का प्रयास किया तो वह अजीब हरकतें भी कर रहा था। पहले तो लोगों ने पागल समझकर अनदेखा कर दिया लेकिन, उसी बीच नजर बनियान पर पड़ी। बनियान पर लिखा था...यह लड़का मंदबुद्धि है दीपक कुमार...मोबाइल के दो नंबर भी अंकित थे।

खबर मिलते ही चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल मौके पर पहुंचे और और उसकी बनियान पर अंकित शब्दों को देखकर उन्हें किशोर के बारे में समझने में देर नहीं लगी। किशोर नंगे पैर था। चौकी इंचार्ज किशोर को अपने साथ पुलिस चौकी पर लाए और आग जलवाकर उसे तपवाया। फिर कांस्टेबल को भेजकर उसके लिए नए जूता-मोजा मंगवाए। यही नहीं, किशोर को अपने हाथ से उन्होंने जूते-मोजे पहनवाए।

दरोगा ने किशोर की बनियान पर अंकित मोबाइल नंबर पर फोन किया तो पता चला कि वह अमरोहा जिले के थाना नौगामा शादात क्षेत्र के गांव बहादुरपुर खुर्द का रहने वाला है। फोन पर किशोर के पिता सुरेंद्र सिंह ने दरोगा को बताया कि उनका बेटा दीपक मंदबुद्धि है। वह रविवार को घर से बाहर निकला था और फिर लापता हो गया था।

उसकी तलाश में उन्होंने रिश्तेदारों-मित्रों और आसपास गांवों में लोगों से और राहगीरों से भी जानकारी की लेकिन, कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

### बनियान पर लिखे नाम और नंबर से हुई पहचान

सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इससे पहले उनका बेटा दो बार गायब हो चुका है। तीन महीने पहले जब वह गायब हुआ तो काफी खोजा नहीं मिला तब थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद वह नौटेर में मिला था। डेढ़ महीने पहले फिर वह गायब हो गया तो चार दिन बाद बिजनौर के नूरपुर में मिला था। उन्होंने उसकी बनियान पर बड़े अक्षरों में नाम व मोबाइल नंबर लिख दिया था। सुरेंद्र ने बताया कि उनके दो बेटे दीपक व दीपू हैं।

# सर्पदंश की स्थिति में तत्काल चिकित्सक से कराएं इलाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सर्पदंश कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि सर्पदंश की स्थिति में अंधविश्वास में पड़ने की बजाय तत्काल किसी चिकित्सक को दिखाकर इलाज कराएं। सरकारी चिकित्सालय में इसके इलाज की सुविधा और वैक्सीन उपलब्ध है।

कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट अजीजुर रहीम ने कहा कि जब कोई सांप किसी को काट देता है तो इसे सर्पदंश या ''सांप का काटना'' कहते हैं। सांप के काटने से घाव हो सकता है और कभी-कभी विषाक्तता भी हो जाती है जिससे मृत्यु तक सम्भव है। यह ज्ञात है



सर्पदंश कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला में जानकारी देते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व उपस्थित चिकित्साधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

कि अधिकांश सर्प विषहीन होते हैं किन्तु अन्टार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों में जहरीले सांप पाये जाते हैं। सांप प्रायः अपने शिकार को मारने के लिए काटते हैं किन्तु इसका उपयोग आत्मरक्षा के लिए भी करते हैं।

प्रशिक्षण दे रहे डॉ. राम किशोर ने सर्पदंश की पहचान, लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सर्पदंश के दुष्प्रभावों को कम करने के तरीके और इलाज के अलावा वैक्सीन किस प्रकार से लगाना है के बारे में बताया।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्सा इकाइयों पर सर्पदंश के उपचार के लिए व्यवस्था रहनी चाहिए जिससे किसी भी आपात स्थिति में किसी भी रोगी के लिए संकट न खड़ा हो। औषधियां और वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने कहा कि सर्पदंश कार्यक्रम के अंतर्गत अब हर सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मासिक रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर जिला मुख्यालय को भेजनी है। जिससे रिपोर्ट से सहयोगी विभागों को जानकारी दी जा सके। इसके माध्यम से जिले की आवश्यकताओं के अनुसार कार्ययोजना बनाकर कार्य करने में आसानी होगी। इससे सर्पदंश होने पर मृत्यु की संख्या कम करने में मदद मिलेगी।

कार्यशाला में अभिषेक गौतम, हरीश कुमार, आकाश कुमार द्वितीय के अलावा सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एक-एक चिकित्साधिकारी एक-एक फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

## नियमों का पालन करने की छात्रों को दिलाई शपथ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आईएफटीएम में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से हुए इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में जुटे छात्रों ने बेहद लंबी मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आनंद निर्मल, अभिनव एनजीओ के सचिव कपिल रस्तोगी, प्रो. बीके सिंह, प्रो. अरुण मिश्रा, डॉ. अशोक आदि मौजूद रहे।

# अकेले लोकसभा चुनाव लड़े कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांग्रेस की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम में मंगलवार को राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल के न आने पर प्रदेश सचिव व प्रभारी मिथुन त्यागी ने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनावों के बारे में सुझाव मांगे। कार्यकर्ताओं ने खुलकर अकेले ही मैदान में उतरने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सहयोगी दल कांग्रेस को केवल 10-15 सीटे ही देंगे। लेकिन इन दिनों हवा कांग्रेस के पक्ष में बह रही है। ऐसे में सभी सीटों पर अकेले लड़ना ज्यादा उचित रहेगा।

महानगर के एक बैंक्वेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बिना गठबंधन लोकसभा चुनाव लड़ने की बात रखी। बाहरी के मुकाबले स्थानीय प्रत्याशी उतारे जाने व अभी से उसके नाम घोषित करने पर जोर दिया गया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो



नागफनी थाने के पास स्थित बैंक्वेट हॉल में बोलते प्रभारी मिथुन त्यागी।

न्याय यात्रा में असम सरकार द्वारा अवरोध डाले जाने के खिलाफ एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को कार्यक्रम स्थल पर सौंपा। प्रभारी मिथुन त्यागी ने सभी सुझाव नोट किये। कहा कि ये बात सही है कि भाजपा के लगभग ढाई सौ सहयोगी संगठनों का मुकाबला करना है। उन्होंने अपनी पार्टी के फ्रंटल संगठनों की मजबूती पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि असम सरकार केंद्र सरकार की शह पर इस यात्रा में तानाशाही के बल पर अवरोध पैदा करने में लगी हुई है।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष अजय सारस्वत सोनी, असद मौलाई, आनंद मोहन गुप्ता, पूर्व विधायक इकराम कुरैशी, पीसीसी अनूप दुबे, जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अफजल साबरी, श्यामबाबू वाल्मीकि, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मोहतशीम मुख्तार,मुशाहिद चौधरी, चौधरी एहसान आदि मौजूद रहे।

# एसएस क्लब ने 47 रनों से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान पर मंगलवार को राजीव चौहान ने तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने कुल 14 गेंद में ताबड़तोड़ 53 रन बनाए। इसमें उन्होंने 4 चौके और 6 छक्के जड़े। इस पारी के दम पर एसएस क्रिकेट क्लब ने एमपीएस को आसानी से 47 रनों से मात दी। एसएस के लिए मो. अशद और साध्य ने 3-3 विकेट लिए।

एसएस क्रिकेट एकेडमी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों बल्लेबाज यूबी शून्य और अर्शिल 20 रन सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद भी कोई बल्लेबाज अच्छा स्कोर नहीं बना पाया। लेकिन, आखिर में राजीव चौहान कप्तान जतिन पाल का साथ देने मैदान पर उतरे। जिसके बाद मैच एकदम से एसएस की ओर मुड़ गया। राजीव चौहान ने अपनी तूफानी





मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान पर क्रिकेट मैच में शॉट लगाता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

▸▸ **राजीव चौहान ने खेली 14 गेंदों में 53 रन की तूफानी पारी, मो. अशद और साध्य ने लिए 3-3 विकेट**

बल्लेबाजी से 53 रन बनाकर टीम का स्कोर 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 204 तक पहुंचा। उधर, एमपीएस के लिए विशाल त्यागी और पारस ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एमपीएस की पूरी टीम 27.1 ओवर में 157 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज राजा ने 78 गेंदों में 75 रन बनाए। लेकिन, इनके अलावा कोई बल्लेबाज टीम के लिए अच्छा स्कोर नहीं कर पाया। हालात इतनी खराब रही कि टीम के सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक पार नहीं कर सकें। 4 बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सकें। वहीं एसएस के लिए मो. अशद और साध्य ने 3-3 विकेट लिए। वहीं जतिन और राजीव चौहान को भी एक-एक विकेट मिला। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, नवाज हाशमी, शरीफ, नासिर, सलीम आदि मौजूद रहे।

## ताहरपुर में फिर नहीं लगने दिया साप्ताहिक बाजार

**मैनाठेर, अमृत विचार:** मुरादाबाद-संभल रोड के किनारे लगने वाला ताहरपुर का साप्ताहिक बाजार दूसरे मंगलवार को भी नहीं लग पाया। पुलिस ने आए दुकानदारों को खदेड़ दिया।

गौरतलब है कि इस साप्ताहिक बाजार में व्यापारी पशुओं को खरीदने एवं बेचने के लिए दूर-दूर से आते हैं। साथ आसपास के लोग रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। वहीं दूसरे मंगलवार को भी साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने के लिए पहुंचे लोगों को सड़क के किनारे ही सामान बेचते देखे गए। सुबह से ही वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने दुकानें नहीं लगाने दी। जिन दुकानदारों ने दुकानें लगाई भी थी उन्हें भी पुलिसकर्मियों ने हटवा दिया। थाना मैनाठेर के प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि जब तक ऊपर से कोई आदेश नहीं आ जाता तब तक बाजार स्थगित रहेगा।

# बिना पंजीकरण चल रहे दो अस्पताल सील

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** डिप्टी सीएमओ नरेंद्र चौधरी ने पाकबड़ा के डीगरपुर रोड स्थित एवं रतनपुर कला में अस्पतालों में छापामारी की। इस दौरान दो अस्पतालों को सील भी किया गया। बाकी अस्पतालों में कुछ कमियां पाई जाने पर नोटिस देने के लिए कहा गया है। वहीं छापे की कार्रवाई से अस्पतालों एवं लैब संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

मंगलवार को डिप्टी सीएमओ ने टीम के साथ पाकबड़ा के डीगरपुर रोड एवं रतनपुर कला में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, एसआर नसीरी एवं जीए हैल्थ केयर सेंटर रतनपुर कला में बिना पंजीकरण के संचालित थे। कोई भी योग्य एवं रजिस्टर्ड डॉक्टर मौजूद नहीं था। संचालक असलम खुद को बीयूएमएस बता रहा था। लेकिन मौके पर कोई भी डिग्री नहीं दिखाई



रतनपुर कला में जीए हेल्थ केयर सेंटर को सील कराते डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र चौधरी।

▸▸ **डिप्टी सीएमओ ने टीम के साथ की छापेमारी**

▸▸ **लैब संचालक एवं झोलाछापों में मचा हड़कंप**

गई। जिसकी वजह से दोनों ही अस्पतालों को सील कर दिया गया। किसी व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की गई थी। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि कई अस्पतालों की जांच की गई है। जहां-जहां कमियां पाई गई। वहां कार्रवाई की गई है। कुछ को कमियां पूरी करने के लिए कहा गया नहीं तो नोटिस दिया जाएगा। छापेमारी की कार्रवाई जारी रहेगी। डिप्टी सीएमओ की छापेमारी से लैब संचालकों एवं झोलाछापों में हड़कंप मचा रहा।

## भगवान जिसके वश में हो जाएं उसका नाम है भक्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अर्चना दीप होम सोसाइटी में आयोजित श्रीराम महोत्सव में मंगलवार को आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान के पास दो शक्तियां हैं। एक है माया और दूसरी है भक्ति। भगवान कहते हैं कि अगर तुम्हें नाचना हो तो माया ले जाओ और अगर मुझे नचाना हो तो भक्ति ले जाओ।

बताया कि जीव जिसके वश में रहे उसका नाम माया और भगवान जिसके वश में हो जाएं उसका नाम भक्ति। भक्ति के राज्य में तो भगवान नृत्य करते हैं और भगवान के राज्य में समस्त संसार नाचता है। कार्यक्रम में शिवकुमार गुप्ता, हर्षित गुप्ता, विनीता गुप्ता, निहारिका गुप्ता, गुंजन खन्ना, मेधावी खन्ना, दीपक अग्रवाल, विभोर गुप्ता, गोविंद गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा उर्फ फक्कड़ मुरादाबादी, नरेश चंदेल, सुमन चंदेल, प्रिया चंदेल, सुनीता गुप्ता, सारिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नाराजगी | किसानों ने प्रदेश सरकार से की गन्ना मूल्य में 50 रुपये की बढ़ोतरी करने की मांग

# गन्ना मूल्य में मामूली बढ़ोतरी से किसान नाखुश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते दिनों गन्ने के मूल्य में 20 रुपये की बढ़ोतरी की। इस बीच हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किसान की आवाज दबी रह गई। लेकिन, कार्यक्रम बीतने के बाद जिले के किसानों की आवाज भी मुखर होने लगी। उनका कहना है कि महज 20 रुपये की बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक है, सरकार किसानों की आय दोगुना करने का वादा करती है, लेकिन उन्हें फसल का उचित मूल्य तक नहीं मिल पाता।

किसानों ने कहा कि गन्ने की खेती में लागत ज्यादा व आय कम है। उन्होंने बताया कि गन्ने की छिलाई के लिए प्रति क्विंटल

▸▸ **किसान बोले- इतनी महंगाई में कैसे पालेंगे परिवार**

70 रुपये व सेंटर तक पहुंचाने के लिए 30-40 रुपये प्रति क्विंटल खर्च आता है। इसके अलावा बीज, खाद, पानी, दवा आदि का खर्च अलग है। छुट्टा पशु, बंदर आदि जानवर भी फसल को नुकसान पहुंचाते हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब की तरह गन्ने का दाम यहां भी 400 रुपये किया जाना चाहिए। कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से किसानों के सामने घर खर्च निकालना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में किसानों को बैंकों से कर्ज लेना पड़ता है। इस महंगाई में परिवार का पालन पोषण करना बहुत ही मुश्किल हो गया है।



वैसे तो भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुना करने की बात करती है। लेकिन, धरातल पर स्थितियां इसके बिल्कुल विपरीत होती जा रही हैं। सरकार ने गन्ने के दामों में और बढ़ोतरी नहीं की, तो किसान आंदोलन करेंगे। **–यशपाल सिंह,** किसान नेता



गन्ना तौल के आधा सीजन बीत जाने के बाद सरकार ने दाम घोषित किए हैं। अगर इन्हें इतने कम दामों पर ही गन्ना खरीदना था तो किसानों को आधा सीजन अंधेरे में क्यों रखा। किसानों को गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल चाहिए। **–सतीश विश्नोई,** किसान नेता



गन्ने के दामों में 20 रुपये बढ़ोतरी से हम सहमत नहीं हैं। सरकार को कम से कम 50 रुपये बढ़ाने चाहिए। इस महंगाई में घर चलाना काफी मुश्किल हो गया है। **–पुत्तन हाजी,** किसान



सरकार सही दाम नहीं देगी तो खेती से किसानों का मोहभंग होना तय है। गन्ना फसल में अधिक लागत आती है। ऐसे में किसान अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करेगा। **–चरन सिंह,** किसान

## किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे बंदरों के झुंड, जिम्मेदार अनजान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जंगलों में रहने वाले बंदर अब जंगल छोड़ गांवों में पहुंच गए हैं। जहां वह किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। घरों में घुसकर भी नुकसान कर रहे हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन, इस ओर अधिकारियों को कोई ध्यान नहीं है।

किसान पहले ही छुट्टा पशुओं से परेशान हैं। यह पशु किसानों की फसलों की चट कर रहे हैं। बड़े-बड़े झुंड में आकर कुछ ही घंटों में पूरे साल की मेहनत पर पानी फेर जाते हैं। जिससे किसान काफी दुखी हैं। इन छुट्टा पशुओं की वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब बंदर भी किसानों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। जेबड़ा निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि उनके गांव में लंबे समय से बंदर हैं। यह बंदर उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। जब वह गन्ना बोआई करते हैं तो बंदर खेतों से गन्ने के बीज को निकालकर फसल को उगने से पहले ही खराब कर देते हैं। फसल बड़ी होने पर भी उसमें नुकसान करते हैं। हकीमपुर निवासी रोहित कुमार ने बताया कि घर को एक मिनट के लिए भी खाली नहीं छोड़ सकते हैं। जैसे ही घर पर कोई नहीं होता तो बंदर घर में नुकसान कर जाते हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र: 7417134445, 9536644295

# धूमधाम से मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

## लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाला पथ संचलन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के लक्ष्मण सरस्वती शिश मंदिर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पथ संचलन निकालकर धूमधाम के साथ मनायी।

मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र जयंती के उपलक्ष में पथ संचलन निकाला गया। इसमें स्कूल के 890 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पथ संचलन में भगवान श्री राम की थीम पर 14 झांकियां बनाई गई। श्री राम के जयकारों के साथ नगर में हर्षोल्लास के साथ पथ संचलन निकाला गया। सबसे आगे दो सेनापति दक्ष चौहान एवं वासु चौधरी रहे। पथ संचलन लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक, सिद्धार्थ नगर, मंदिर पौड़ाखेड़ा, सराफा मार्केट, नई सड़क होते हुए विद्यालय में संपन्न हुआ। पथ संचलन का मार्ग में नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सुभाष चंद्र बोस के रूप में भानु प्रताप, सरस्वती के रूप में तनु चौधरी, मां कौशल्या के साथ शिशु रूप में भगवान राम, भगवान विश्वामित्र के साथ गमन, अहिल्या उद्धार, भगवान राम का वनवास, सीता माता का हरण, शबरी के झूठे बेर, राम-रावण युद्ध, भगवान राम का अयोध्या लौटना आदि झांकियां शामिल रहीं। अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार चुग एवं अतिथि संजय राणा, सागर गुप्ता एवं मुख्य अतिथि दिनेश कुमार रहे। कार्यक्रम में नगर संघ चालक राकेश, मुन्ना चौधरी, दिग्विजय सिंह, पूर्व सभासद निशा त्यागी, बबीता राठी, ध्रुव शर्मा, छविराज चावला आदि उपस्थित रहे। संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सक्षम, पल्लवी, पूनम, अनामिका, रमाशंकर, रितु, मधु, इंद्रजीत सिंह, ओमवीर सिंह आदि का सहयोग रहा।


पथ संचलन निकालते निशा त्यागी, संजय राणा, प्रदीप गोस्वामी, दिनेश सिंह व अन्य।


पथ संचलन में शामिल सीता-राम की झांकी।। ● अमृत विचार



नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण करतीं कार्यक्रम अधिकारी ज्योति गुप्ता व शंकर सिंह।

### हरि मंगल महाविद्यालय में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के हरि मंगल महाविद्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। महाविद्यालय के स्टाफ व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। संचालन सुरेंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता, शंकर सिंह, डॉ. दीपक कुमार, नदीम अहमद, रोहित कुमार, निर्मल यादव, बुशरा, मनोज कुमार, मोहित यादव आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर छात्र-छात्राओं में रोशनी यादव, अपूर्व महिनूर, प्रकृति सागर, मुस्कान सैफी, दीपमाला, कमल सिंह, मानसी, एकता आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर


लोगों को जागरूक करतीं छात्राएं।

### ऊर्जा संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम मौढ़ी हजरतपुर तथा छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं ने ग्राम गुल्हड़िया में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान घर-घर जाकर ऊर्जा संरक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी। इसके बाद दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से किया। ज्ञानेंद्र यादव ने कहा कि ऊर्जा की बचत आज पहली प्राथमिकता है, क्योंकि इसी से आगामी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, एसडीओ, राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, निशिकांत पाठक, पीतांबर सिंह उपस्थित रहे। संचालन मीनाक्षी और प्रगति माहेश्वरी ने किया।

मुरादाबाद देहात की खबरें पेज 11 पर भी...

## सार-संक्षेप


पीपली अहीर के जंगल में तेंदुए के शव को देखती वन विभाग की टीम।

### जंगल में तेंदुए का शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह जंगल में तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा मिला। तेंदुए के शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम पीपली अहीर के जंगल में मंगलवार की सुबह ओमप्रकाश अपने खेत पर गया था। वहां सरसों के खेत में तेंदुआ देखकर उसने शोर मचा दिया। उसके शोर मचाने पर भी तेंदुआ वैसे ही पड़ा रहा। इस बीच आसपास के खेतों से किसान मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नजदीक जाकर देखा तो तेंदुआ मृत अवस्था में पडा था। इसके बाद ओमप्रकाश ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के रेंजर रवि कुमार गंगवार, वन दरोगा पियूष जोशी, गणेश राम और मदन सिंह मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि तेंदुए के शरीर पर चोट का कोईनिशान नहीं है। प्रथम दृष्टिया तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष में होने की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पूरी तरह साफ हो जाएगा।

### श्रीराम की बाल लीला का वर्णन सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर में चल रही आठ दिवसीय राम कथा के चौथे दिन कथा वाचक नरेंद्रानंद सरस्वती ने भगवान राम के बाल्यकाल की लीला का वर्णन किया। कथा वाचक ने कहा कि काकभुशुंडि को जब पता चला कि अयोध्या के राजा दशरथ के यहां पुत्रों का जन्म हुआ है तो वह भगवान राम के दर्शन करने महल में पहुंचे। उन्होंने देखा कि श्री राम भाइयों के साथ महल के बाहर मिट्टी में खेल रहे हैं। भगवान राम अपने हाथ में रोटी का टुकड़ा लेकर रो रहे हैं। तब काकभुशुंडि उनके हाथ से रोटी का टुकड़ा छीन कर भाग गए। उनके पीछे भगवान राम बिना पंख के ही आकाश में उड़ने लगे। जब अयोध्या पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह बालक तो वहीं पर है। काकभुशुंडि भगवान राम के चरणों में गिर गए। तब काकभूसुंडी ने राम नाम जपने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अशोक कुमार गहलौत, संजीव कुमार अग्रवाल, उषा गहलौत, अनुराग सिंघल, मुदित अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, रेखा रानी, डॉ. महेंद्र सिंह, पडित नन्द किशोर, ट्विंकल चौहान, नवीन यादव आदि ने भाग लिया।


कथा सुनाते नरेंद्रानंद सरस्वती।


एसडीएम को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

### भारत विकास परिषद ने पुलिस-प्रशासन का आभार जताया

**कांठ, अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में हुए धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर भारत विकास परिषद ने एसडीएम कांठ को ज्ञापन देकर पुलिस-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भारत विकास परिषद ने उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल को दिए ज्ञापन में कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तहसील में प्रशासनिक एवं पुलिस का सहयोग मिलने पर धार्मिक कार्यक्रम शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुए। ज्ञापन में परिषद के अध्यक्ष दीपक विश्नोई, उपाध्यक्ष मा. राजवीर सिंह, सचिव सचिन चौहान, कोषाध्यक्ष प्रद्युमन विश्नोई, महिला संयोजिका मनीषा माहेश्वरी, परिषद के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी सुदेश विश्नोई, मुकेश माहेश्वरी, महेश चंद्र गुप्ता, प्रमोद विश्नोई, सुरेश चौहान, निरुपम विश्नोई, अर्चना रानी राजपूत, संजय जैन, अभय कुमार विश्नोई, चौधरी सोमवीर सिंह, दीपक मित्तल, रजत प्रभाकर आदि के हस्ताक्षर हैं।

### एलआईसी कार्यालय का किया शुभारंभ

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय जीवन बीमा निगम के जेडएम क्लब सदस्य के अभिकर्ता अनूप सिंह ने ऊमरी चौराहा पर एलआईसी कार्यालय का शुभारंभ किया। एलआईसी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा और विकास अधिकारी डॉ. ववीस कुमार ने उद्घाटन किया। यहां किस्त जमा होंगी और एलआईसी से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान बाबू सिंह विश्नोई, विचित्र प्रिय, शेर सिंह, अंकुर विश्नोई, नर सिंह, विक्रम सिंह यादव, अरुण कुमार, महेश कुमार, पंकज सिंह, केपी सिंह, विवेक कुमार, परम सिंह, नगर पंचायत ऊमरी कलां के ईओ स्वेतांक सारस्वत, सुरेन्द्र सिंह पीसी आदि उपस्थित रहे।

### चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई नेताजी की जयंती

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। छात्रों व शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने उनके जीवन के बारे में कई संस्मरण सुनाएं। बताया नेताजी का जन्म ओडिसा के कटक में 23 जनवरी 1897 को हुआ था। उन्होंने जय हिंद का नारा लगाया। मनोज सागर, आदित्य राघव, शुभम, वीरेश कुमार, समीर, श्याम, अंकित, हीरावती, प्रिय आदि मौजूद रहे।

### टेनिस प्रतियोगिता में सराहनीय योगदान पर दी बधाई

**ठाकुरद्वारा, अमत विचार :** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजन नगर में शारीरिक शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र प्रकाश ने ऑफिशियल के रूप में महात्मा ज्योतिबा फूले यूनिवर्सिटी बरेली विश्वविद्यालय की टेबल टेनिस नॉर्थ जोन प्रतियोगिता 2023-24 में सराहनीय योगदान दिया है। नॉर्थ जोन टेबल टेनिस प्रतियोगिता की पत्रिका में डॉ. देवेंद्र प्रकाश का नाम प्रकाशित हुआ है। देवेंद्र प्रकाश की उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं दीं।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी की जयंती

**ठाकुरद्वारा , अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती सेंट मार्क स्कूल तिकोनिया में मनाई गई।

नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल ने कहा कि नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जीवन त्याग और तपस्या से भरा था। उनका नारा था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उनका त्याग आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनकी जयंती युवाओं के लिए देश की उन्नति एवं विकास के लिए एक संदेश है। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, नागेंद्र लांबा, पंकज कुमार, रितेश कुमार, प्रियांशु कुमार, अयान अहमद, यश कुमार, आशुतोष अग्रवाल, हेमेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मुकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।


सेंट मार्क स्कूल में नेताजी की जयंती मनाते भाजपाई।

# नेता जी के कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर जंयती मनाई।

प्रार्थना सभा के बाद सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। एकल शिक्षक विद्यालय विजयपुर के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को लड्डू बांटे गए। प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने नेताजी के जीवन के प्रेरक प्रसंग सुनाए। युवाओं को उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेने आह्वान किया। इस अवसर पर एकल शिक्षक प्रमुख प्रदीप कुमार मिश्रा, अभिभावक ठाकुर नेपाल सिंह, पूर्व छात्र महेंद्र सैनी, राकेश प्रजापति, दीपक कुमार विश्नोई ,ओंकार सिंह, गजेंद्र यादव, विजेंद्र मौर्य एवं बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव, शिवानी सैनी, कुमारी भावना आदि मौजूद रहे।


नेताजी की जयंती मनाते प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा व अन्य। ● अमृत विचार

# जयंती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कालेज पसियापुरा पदार्थ में समारोह पूर्वक मनाया गया। इसमें राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया।

नेताजी के जीवन चरित्र पर आधारित नाटक एवं अन्य देश भक्ति गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उनके जीवन में घटित घटनाओं पर प्रकाश डालकर देश प्रेम का संदेश दिया। छात्र छात्राओं ने शिक्षाप्रद सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि नेताजी का संपूर्ण जीवन की देश एकता, अखंडता और आजादी के लिए समर्पित रहा। देश की आजादी के लिए उनका साहस, अटूट त्याग, समर्पण व बलिदान सदैव अनुकरणीय है। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाकर यातायात के नियमों का पालन का संदेश दिया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम पुष्पा एवं निर्वेश के निर्देशन में हुए। संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। इस दौरान जयपाल सिंह, चंचल कुमारी, ज्योति कुमारी आदि का सहयोग रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले आशी आर्य, राधिका, महिमा भावना, प्रियांशी, प्रतिभा, राशू तथा अंश कुमार, हरीश कुमार, अल्तमश आदि को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया।


नेताजी की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करत बच्चे। ● अमृत विचार

## चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छजलैट, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम सराय खजूर निवासी बबली ने थाने में तहरीर देकर कूड़ा डालने में प्रयुक्त ई-रिक्शा से बैटरी चुराने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर उपनिरीक्षक ईसार अहमद ने पुलिस बल के साथ शहादत निवासी ग्राम सराय खजूर एवं अफजल निवासी मुहल्ला कुरेशियान थाना कोतवाली जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी की बैटरी भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

## बूथों पर किया मतदाता सूची का प्रकाशन

**बिलारी, अमृत विचार :** बूथों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। कंपोजिट विद्यालय में 11 बूथ हैं। सुपरवाइजर वीरपाल यादव सहित सभी बीएलओ उपस्थित रहे तथा मतदाता सूची का प्रकाशन किया। इस मौके पर बीएलओ शोएब आरा, अनीता रस्तोगी, मदनपाल, शरीफ अहमद आदि उपस्थित रहे।

# सपा की संविधान बचाओ देश बचाओ यात्रा का किया स्वागत

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी द्वारा निकाली जा रही संविधान बचाओ देश बचाओ समाजवादी पीड़ीए यात्रा का विधायक ने विभिन्न स्थलों पर भव्य स्वागत किया।

विधायक कमाल अख्तर ने सपा द्वारा आयोजित संविधान बचाओ देश बचाओ समाजवादी पीडीए यात्रा लेकर कांठ विधानसभा आए समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती का शेरुआ चौराहा, छजलैट, ऊमरी चौराहा पर सैकड़ों समर्थकों के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि मुझे खुशी है कि पार्टी से लोगों को जोड़ने के लिए संविधान बचाओ देश बचाओ यात्रा निकाली गई है। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब जिनको अधिकार और सम्मान अभी तक बीजेपी नहीं दे पाई है, इन्हीं सवालों को लेकर यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष डीपी यादव, पूर्व चेयरमैन जमशेद सईद, शमीम अहमद, मोहम्मद दानिश फारूकी, हाजी मतीन, अतिकुर्रहमान, विक्रम यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, दीपक विश्नोई, अरशद फुरकान, बब्बू मिल्की, इमरान मिल्की, रिजवान चौधरी, असलम चौधरी, शेख अशरफ, रहबर, शरीक आदि मौजूद रहे।


यात्रा को संबोधित करते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार


सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु

## वैश्य सभा ने 11 बार किया हनुमान चालीसा का पाठ

**कांठ, अमृत विचार :** वैश्य सभा के तत्वाधान में अयोध्या मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री हनुमान चालीसा का 11 बार पाठ किया गया। धार्मिक आयोजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में सोमवार की रात आठ बजे पंडित राजीव शर्मा ने 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ कराया। इसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने कहा कि करीब 500 वर्ष बाद अयोध्या मंदिर में यह सुखद दिन देखने को मिला है। इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, अवधेश माहेश्वरी, महेश चंद गुप्ता, मधु गुप्ता, अर्चना गुप्ता, दीपक मित्तल, सौरभ अग्रवाल, विनोद भार्गव, अजय माहेश्वरी, राजीव अग्रवाल, राखी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आयोजन

## इंटरव्यू के दौरान ब्लॉक सभागार में अंधेरा रहने से अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने में हुई परेशानी

# रोजगार मेले में 173 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

संवाददाता कुंदरकी

**अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में पहुंचे अभ्यर्थियों को इंटरव्यू देने एवं फॉर्म भरने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। ब्लॉक सभागार में लाइट की व्यवस्था न होने के चलते अंधेरा पसरा था। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मरम्मत के काम के चलते यह असुविधा हुई।

मंगलवार को ब्लॉक परिसर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं कुंदरकी मण्डल अध्यक्ष रमन भूषण एवं खण्ड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ल ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ने सरकार द्वारा संचालित उप्र कौशल विकास मिशन के तहत योजनाओं के विषय में बताया। मेले में उप्र कौशल विकास मिशन, दीन दाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राजकीय आईटीआई एवं डिप्लोमा होल्डर के 483 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इसके सापेक्ष छहअधिष्ठानों इण्डोटेक लिमिटेड, ब्राइट बिग्निंग, राजकोष कन्सट्रेक्संस आदि ने 173 अभ्यर्थियों को चयनित किया। मुख्य अतिथि ने चयनित 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए।

उप्र कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक अमर कौशल ने अतिथियों और प्रतिभाग करने वाले अधिष्ठानों के प्रतिनिधियों आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जिला कौशल प्रबंधक सुमित कुमार, संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मित्रपाल सिंह, जय प्रकाश सिंह, राजकीय आईटीआई के मतीन एवं उप्र कौशल विकास मिशन आदि मौजूद रहे।


फीता काटकर रोजगार मेले का उद्घाटन करते मंडल अध्यक्ष रमन भूषण। ● अमृत विचार

## एसडीएम ने बूथों पर जाकर की मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम ने बूथों पर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण के बारे में जानकारी ली। बीएलओ को पुनरीक्षण कार्य शत प्रतिशत नहीं मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल ने मान नगर सहित आधा दर्जन विद्यालयों में जाकर बूथों का निरीक्षण किया। बूथ लेवल अधिकारियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। कहा कि अगर कहीं किसी तरह की त्रुटि है तो समय रहते उसे पूरा कर लें। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में अगर किसी तरह की त्रुटि पाई जाएगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नए बने मतदाताओं के बारे में भी जानकारी ली।

## अवैध खनन लदी ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रात के अंधेरे में जेसीबी, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए अवैध खनन किया जाता है। पुलिस ने अवैध खनन लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी है। क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर फखरुद्दीन और पंडिया के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा अवैध खनन किया जा रहा था। इस सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया है।



## एक नजर

### सलाहकार समिति की सदस्य बनीं उषा शर्मा

**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे ने नगर निवासी भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा शर्मा को रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया है। उत्तर रेलवे मुरादाबाद के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने पत्र जारी कर मोहल्ला कायस्थान निवासी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा शर्मा को काफूरपुर स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया। समिति का कार्यकाल एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगा। उषा शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है, उसे वह पूरी निष्ठा से पूरा करेंगी।



### तेंदुए ने बकरे को बनाया निशाना, दहशत

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र में सोमवार रात गांव दरियापुर खादर में तेंदुए ने बकरे को अपना निवाला बना लिया। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण खेतों पर गए तो उन्हें बकरे का आधा शव पड़ा मिला। खेतों में ग्रामीणों ने तेंदुए के पंजे के निशान भी देखे गए। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी है। वहीं वन विभाग के क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार का कहना है कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, टीम को मौके पर भेजा गया है।

### रंजिश में युवक से मारपीट

**डिडौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंगदासपुर निवासी शाने आलम ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही युवक पर आरोप लगाया है कि वह मंगलवार को अपने परिवार के साथ कार से थाना क्षेत्र के ग्राम स्योनाली गया था। वहां से आते समय गांव के रहने वाले फकरुल ने उसकी कार को रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया तो फकरुल ने मारपीट कर दी। शोर सुनकर आसपास लोग आ गए। जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

### लापता पत्नी की तलाश को थाने में दी तहरीर

**सैद नगली, अमृत विचार :** मोहल्ला भीमनगर निवासी युवक की पत्नी पांच दिन पहले घर से कहीं चली गई थी। मंगलवार को युवक ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। मोहल्ला भीमनगर निवासी ब्रह्मपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी गीता देवी 18 जनवरी को बिना बताए सुबह पांच बजे घर से कहीं चली गई। ब्रह्मपाल ने सभी जगह पत्नी की तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। जिसके बाद वह थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज करने को तहरीर दी। थाना प्रभारी वरुण कुमार ने बताया कि ब्रह्मपाल की पत्नी की तलाश की जा रही है।

### लोहा चोरी कर रहे युवक को आरपीएफ ने पकड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर सोमवार रात यार्ड से लोहे का सामान चोरी कर रहे आरोपी को आरपीएफ टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ कर्मचारियों के मुताबिक पकड़े गए आरोपी का नाम शिवम है। वह फुटपाथ पर ही रहता है। आरोपी से चोरी किया लोहा बरामद करते उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान किया गया है।

# डबल मर्डर का मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर अशोक गिरफ्तार

## आरोपी पर दर्ज हैं 22 मामले, 50 हजार है इनाम

संवाददाता, गजरौला



पुलिस व एसटीएफ की गिरफ्त में इनामी अशोक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डबल मर्डर के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर को एसटीएफ ने गजरौला पुलिस की मदद से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फरसा व तमंचा भी बरामद किया है।

गांव गुलालपुर स्थित फार्म हाउस पर नौ अक्तूबर को अनिरुद्ध व रतनपाल भाटी की हत्या कर दी गई थी। हापुड़ के वीर सिंहपुर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर अशोक समेत नौ लोगों पर दोनों लोगों की हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार करके पहले ही जेल भेज दिया है। दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया था। पुलिस हिस्ट्रीशीटर अशोक को वारदात का मुख्य आरोपी मान रही है। काफी कोशिशों के बाद भी पुलिस अशोक का कहीं कुछ पता नहीं लगा पाई थी तो लखनऊ एसटीएफ को गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस दौरान पुलिस ने अशोक की लगभग पौने तीन करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क भी की। गिरफ्तारी नहीं होने पर अशोक पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। न्यायालय के आदेश की अवहेलना के मामले में भी अशोक पर मामला दर्ज किया गया था। मंगलवार को एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस की मदद से अशोक को नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट से गिरफ्तार किया है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि अशोक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फरसा व तमंचा बरामद किया है। अशोक पर अलग-अलग थानों में 22 मामले दर्ज हैं ।

## पत्नी के साथ बाजार जा रहे युवक को पीटा चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** पत्नी के साथ बाजार जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर कुछ लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला शास्त्री नगर में अशोक कुमार का परिवार रहता है। सोमवार दोपहर अशोक कुमार पत्नी प्रवेश के साथ खरीदारी के लिए पैदल बाजार जा रहे थे। उनका आरोप है कि नौगांवा सादात रोड पर चूना भट्टी के पास खड़े मोहल्ला कुरैशी निवासी, दिलीप वाल्मिकी, राजा, बिट्टू व उनका अज्ञात दोस्त देखकर बेवजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित अशोक की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक महबूब अली व अन्य। ● अमृत विचार

## सच्चे समाजवादी और चिंतक थे जनेश्वर मिश्र : महबूब अली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जनेश्वर मिश्र को लोहियावादी विचारधारा का पोषक बताते हुए पुण्यतिथि पर सदर विधायक महबूब अली ने उन्हें सच्चा समाजवादी व आवाम का चिंतक बताया।

शहर के मोहल्ला दानिशमंदान स्थित नगर विधायक के शिविर कार्यालय में जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई। विधायक महबूब अली ने कहा कि जनेश्वर मिश्र शान्त स्वभाव के व्यक्ति थे। समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा के कारण छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। वह कई बार राज्यसभा व लोकसभा सदस्य रहे। कई बार केंद्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी कार थी और न बंगला था। वह निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते थे और राजनीति में रहते हुए कई बार जेल भी जाना पड़ा। इस मौके पर मुख्तार नकवी, जाहिद हुसैन, जाकिर हुसैन, अब्दुल वहाब सैफी, जुबैर सैफी, वीरभान सिंह यादव, शशीकांत गोयल व शाकिर हुसैन शामिल रहे।

## भाकियू ने गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने की मांग की

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाकियू ने पंचायत कर चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। भाकियू ने पंचायत कर कहा कि 26 जनवरी को ट्रैक्टर मार्च निकालकर एसडीएम या तहसील कार्यालय पर किसान ध्वजारोहण करेंगे।

मंगलवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम रजोहा में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह के आवास पर पंचायत हुई। पंचायत में काले सिंह ने कहा कि सरकार ने जो किसानों के गन्ने का रेट 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया हैं। वह बेहद कम है। सरकार गन्ने का मूल्य और बढ़ाएं। क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। किसान रात दिन खेत पर रहकर फसल की रखवाली कर रहा है। बार-बार कहने के बाद भी प्रशासन पशुओं को नहीं पकड़वा रहा। अगर प्रशासन ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया तो वह 26 जनवरी को प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पंचायत की अध्यक्षता बृजपाल सिंह ने और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने किया। इस मौके पर पंचायत में देवेंद्र सिंह, जगतपाल सिंह, बृजपाल सिंह, कविंद्र, पिंटू, विक्रम, सरदार सिंह किसान शामिल रहे।

## छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, गजरौला

- हेलमेट का आकार बनाकर किया जागरूक
- छात्रों को यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ

**अमृत विचार :** नगर के ज्ञान भारती इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन करने के लिए जनमानस को जागरूक करने के लिए श्रृंखला बनाकर हेलमेट जैसी आकृति बनाई। प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने बच्चों से कहा कि वह अपने परिजनों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने कालेज के मैदान में श्रृंखला बनाकर हेलमेट जैसी आकृति बनाई। प्रधनाचार्य पीजी गोस्वामी ने छात्रा-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मचारी मौजूद रहे।



हेलमेट की आकृति बनाकर सुरक्षा का संदेश देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार





गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## भक्त को पूजा से रोकना अधर्म : ओमकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- कांग्रेसियों ने असम सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर बर्खास्त करने की मांग की

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष असम की भाजपा सरकार के विरुद्ध व असम सरकार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अमरोहा को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा की राहुल गांधी 14 जनवरी से मणिपुर से महाराष्ट्र तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। इस दौरान असम में एक मंदिर में राहुल गांधी को भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना से रोका गया है। भाजपा सरकार को इसका दंड भुगतना ही होगा। भक्तों को पूजा अर्चना से रोकना अधर्म है। भाजपा और उनकी सरकारें अधर्म के मार्ग पर चल रही हैं। प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, अब्दुल सत्तार सैफी, नरेंद्र सिंह, जयपाल सिंह जाटव, सचिन चौहान, राजकुमार, हरिओम, मयंक कुमार, हाजी खुर्शीद अनवर, अकरम अली, अली इमाम रिजवी, इकबाल अंसारी हरस्वरूप प्रधान, यासीर अंसारी व अली मुसरफ खां शामिल रहे।

## त्रिडेंट क्लब ने स्ट्रीट हॉक को हराकर 24 रनों से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

प्रतियोगिता

- त्रिडेंट क्रिकेट क्लब ने पहले खेलकर बनाए 148 रन
- स्ट्रीट हॉक क्लब की पूरी टीम 124 रन बनाकर हो गई आउट

**अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और यूथ क्रिकेट क्लब अमरोहा के तत्वावधान में राजकीय मिनी स्टेडियम में आयोजित सद्भावना कप क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को तीसरा मैच त्रिडेंट क्रिकेट क्लब गाजियाबाद और स्ट्रीट हॉक क्रिकेट क्लब दिल्ली के बीच खेला गया। जिसमें त्रिडेंट क्लब ने 24 रन से मैच जीत लिया।

स्ट्रीट हॉक क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिडेंट क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 148 रन बनाए। एशान ने 46 और विवेक ने 37 रनों का योगदान दिया। स्ट्रीट हॉक क्रिकेट क्लब की तरफ से विकास ने तीन और मोनू ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछे करने मैदान में उतरी स्ट्रीट हॉक क्रिकेट क्लब निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 124 रन ही बना पाई और मैच त्रिडेंट क्लब ने 24 रन से जीत लिया। स्ट्रीट हॉक क्लब के लिए अमनदीप ने 31 और मोनू ने 24 रन बनाए। त्रिडेंट क्लब के गेंदबाज विजय ने तीन और किशन ने दो-दो विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए विजय को मैन ऑफ द मैच चुना। मैच में अंपायरिंग सतेंद्र सिंह, मोहसिन सैफी, मोहसिन सैफी व शमशाद अल्वी ने की।

स्कॉरिंग सेंटी गुप्ता और लवी ने की। जबकि कमेंट्री रजन अली और राशिद अब्बासी ने की। इस मौके पर रिजवान पाशा, हाजी नासिर फारूक, इमरान पाशा, परवेज पाशा, नजम अली, रोहित चंदेल, शहजाद परवेज व गुफरान शामिल रहे।

## ठंड के कारण बाजार में ग्राहकों के नहीं पहुंचने से पसरा सन्नाटा

**चौधरपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में ठिठुरन भरी ठंड ने दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी है। सुबह से ही घने कोहरे के चलते जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं ग्राहकों के नहीं आने से कारोबार भी प्रभावित हुआ।

सैलून संचालक नईम अहमद का कहना है कि ठंड में ग्राहक नहीं आ रहे है। शाम तक एक दो लोग दुकान पर गए। वहीं इलेक्ट्रॉनिक सामान के दुकानदार शमशाद का कहना है की इतनी ठंड में भी रूम हीटर की बिक्री नहीं हुई। जनरल स्टोर व गर्म कपड़े के व्यापारी भी हाथ पर हाथ धरे बैठे ठंड की मार झेल रहे हैं। मंगलवार को सुबह से ही कोहरे और शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया।

## न्यूनतम तापमान छह डिग्री कोहरे से यातायात बाधित

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** मंगलवार को मौसम के तेवर तल्ख रहे। पूरे दिन आसमान में घना कोहरा छाए रहने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। हाइवे पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर निकलना पड़ा।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा। शाम को घना कोहरा और गलन बढ़ती देख लोग घरों में जा दुबके। पूरे दिन कोहरे की चादर तनी रही। सूर्यदेव ने दर्शन नहीं दिए। कोहरे से आसपास की चीजों को भी देख पाना मुश्किल था। हेडलाइट जलाने के बावजूद नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे पर वाहन रेंगकर आगे बढ़े। तीन किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली सर्द हवा सिहराती रही। वहीं 20 दिनों के अवकाश के बाद स्कूल खुले तो बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे।

### कोहरे की धुंध से परेशानी

**बुरावली, अमृत विचार :** मंगलवार को सुबह से ही कोहरे की धुंध छा गई। कोहरा के कारण थोड़ी दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। जिससे सर्दी व कोहरे से आम जनमानस हलकान हो गए। करके की ठंड में लोग ठिठुर गए। लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। दिन भर लोगों का दिन अलाव के सहारे गुजरा। वहीं स्कूली बच्चे कोहरे व धुंध से परेशान होते नजर आए। ठिठुरते हुए बच्चे स्कूल पहुंचे।

# शीतलहर और घने कोहरे ने बढ़ाई ठिठुरन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में शीतलहर का कहर जारी है। इसके कारण ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। सुबह के समय घने कोहरे के चलते जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दिन में शीतलहर ने लोगों को सताया। नगरवासियों ने ठंड से बचने के लिए दिनभर अलाव और हीटर का सहारा लिया।

तहसील क्षेत्र में ठंड का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार सुबह भी कोहरे से घिरी रही, वहीं दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। इसके चलते धूप न निकलने से ठंड का असर ज्यादा बढ़ गया। दोपहर बाद शीतलहर से ठिठुरन भरी ठंड ने लोगों को सताया। ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव एवं विद्युत उपकरणों का भी सहारा लेना पड़ा। वहीं सड़कों और बाजारों से भी ग्राहक नहीं दिखाई दिए। वहीं, शीतलहर के चलते पालिका प्रशासन ने नगर में चयनित स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है तथा राहगीरों के लिए रैन बसेरे भी बनवाए हैं।



मंडी धनौरा में कोहरे के दौरान हाईवे से गुजरता वाहन। ● अमृत विचार

### ठंड से कांपते रहे लोग

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** ठंड और कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है। सुबह कोहरा छाया रहा, लेकिन दिन बढ़ने के साथ आसमान में धुंध बढ़ गई। शाम को फिर से ठंड से लोग बेहाल हो गए। मंगलवार सुबह कोहरे की बूंदें टपकतीं रहीं। 12 बजे के बाद कोहरे की चादर कम तो हुई, लेकिन आसमान में धुंध छा गई। पूरे दिन शीतलहर से लोग बेहाल रहे। ठंड के चलते लोग घरों में ही दुबके रहे। ठंड के बीच दोपहिया वाहन चालक गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकले। सर्दी से बचाव के लिए लोगों को हीटर और अलाव का सहारा लेना पड़ा। शाम ढलते ही बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। सर्द हवाओं ने गलन बढ़ा दी। ठंड में ठिठुरते लोग घर से बाहर निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा सके। भीषण सर्दी में कामकाज से लेकर खेतीबाड़ी पर इसका असर देखा जा रहा है।

## स्कूलों के पास स्पीड ब्रेकर न बनने से जिलाधिकारी नाराज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पुराने वाहनों की जांच कर रोक लगाने के दिए निर्देश
- जिलाधिकारी ने कहा बच्चों की सुरक्षा से न हो खिलवाड़

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने पहले हुई बैठक में दिए निर्देशों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य रोड पर जितने विद्यालय हैं, उन पर स्पीड ब्रेकर, रोड साइनेज लगने थे, लेकिन अभी तक काम न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों को चिह्नित कर प्राथमिकता के साथ कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि कि सभी आवश्यक जगहों पर रिफ्लेक्टर लगवाएं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट और ब्लैक स्पॉट बंद किए जाएं। जहां पर आवश्यक हो वहां कट भी बनाया जाए। कहा कि शहर में बाजार में रेहड़ी, पटरी, ठेले लगाने के लिये अलग से वेंडर जोन बनाएं, ताकि बाजार में अनावश्यक भीड़ न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर बिना सीट बेल्ट, हेलमेट वाहन चलाने पर कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिये अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। जिले के अनरजिस्टर्ड और एक्पायर्ड रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों की चेकिंग कर बंद कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर समेत अन्य विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

समीक्षा — कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की बैठक

# वायु स्वच्छ रखने के लिए नीम के वृक्ष लगाएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत कई प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने हवा स्वच्छ रखने के लिये अधिक से अधिक नीम के वृक्ष लगाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गजरौला को दिए।

बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जिला प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्रतिदिन वायु गुणवत्ता की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस चौकी से लाडोमोल्डिंग इंटरप्राइजेज की ओर दोनों ओर पटरी पर ग्रीन बेल्ट कार्य करने के संबंध में कहा कि ग्रीन बेल्ट के लिये नीम और उनके बीच-बीच में कनेर के पौधे लगाएं। औद्योगिक क्षेत्र में राज्य भंडार गृह के सामने स्थित पुलिया से पार्क की ओर दोनों ओर पटरी पर ग्रीन बेल्ट कार्य किया जाए। औद्योगिक क्षेत्र में ओम फैब्रिकेशन से एलऐनव प्राइवेट लिमिटेड की ओर सीसी टाइल्स साइट पटरी का निर्माण कार्य होगा।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में राज्य भंडार गृह के सामने स्थित पुलिया से पार्क की ओर सीसी रोड का निर्माण कार्य, बीएसएनएल एक्सचेंज के कोने से हनुमान मन्दिर तक सीसी रोड टाइल्स साइट पटरी का निर्माण कार्य, पुलिया से हनुमान मन्दिर की ओर सीसी रोड का निर्माण कार्य और जन-जागरुकता के लिए डिजिटल स्क्रीन लगेगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गजरौला ने कहा कि जन जागरुकता के लिये गजरौला के प्रमुख चौराहे पर बड़ी एलईडी लगेगी। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य के लिये जो बजट आवंटित हुआ है। उसका सदुपयोग किया जाए और वायु स्वच्छ रहे इसके लिये आवश्यक व प्रभावी कदम उठाए जाएं। जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी एसपी सिंह भी शामिल रहे।

## पौधरोपण लक्ष्य के साथ पौधों को जीवित रखने पर दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पौधरोपण समिति की बैठक हुई। बैठक में वर्षाकाल-2024 में विभागवार आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण की तैयारी के संबंध में निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने वर्षाकाल-2023 में 22 जुलाई 2023 व 15 अगस्त 2023 को कराए पौधरोपण की सुरक्षा व्यवस्था एवं जियो टैगिंग के संबंध में निर्देश देते हुये कहा कि जिन विभागों ने रिपोर्ट नहीं दी है। वह जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कहा कि इस वर्ष 2024-25 के लिये वन विभाग, पर्यावरण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, आवास विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग, नगर विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई-जल शक्ति विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, रेशम विभाग, उद्योग विभाग, विद्युत विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा को 12000, प्राविधिक शिक्षा को 4000, उच्च शिक्षा 13000, श्रम विभाग को 2800, स्वास्थ्य विभाग को 9000, परिवहन विभाग को 2700, रेलवे विभाग को 9000, रक्षा विभाग को 5000, उद्यान विभाग को 142000, गृह विभाग (पुलिस) को 7420, अन्य विभाग को 2077740 लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के लक्ष्य के साथ पौधे को जीवित रखने पर भी पर्याप्त ध्यान देना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, प्रभागीय वनाधिकारी एसपीसिंह समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

## एक नजर

### चित्र पर माल्यार्पण कर नेताजी को याद किया

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्यालय चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज रहरा में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर ब्रहमदत्त त्यागी, प्रधानाचार्या अनीता शर्मा, संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र सिंह त्यागी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर मार्त्यापण करके की। इस दौरान विद्यालय में निबंध भाषण प्रतियोगिता कराई गई। विद्यालय में श्यामसुन्दर मौर्य, बॉबी कुमार, ब्रजेश कुमार, भास्कर राणा, अरविन्द कुमार, अमित कुमार, रामफल सिंह, शोभा त्यागी, प्रीति त्यागी, रेखा सिंह, रेखा ठाकुर रहे।

### इंटर कालेज में मतदान के प्रति किया जागरूक

**गजरौला, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कालेज गजरौला में मंगलवार को काव्य पाठ कर मतदान के प्रति जागरूक किया। प्रधनाचार्या राघवा खानम ने कहा कि लोकतांत्रिक तथा चुनावी प्रक्रिया में मतदाता की भागीदारी किसी भी लोकतंत्र को सफलतापूर्वक चलाने का अभिन्न हिस्सा होती है। इसीलिए मतदाता जागरुकता चुनाव प्रबंधन में खास महत्व रखती है। उन्होंने छात्राओं के काव्य पाठ की सराहना की और आह्वान किया कि वह मतदान के प्रति सभी को जागरूक करें। इस अवसर पर विजयपाल सिंह, विजयलक्ष्मी, माधुरी सिंह, सोनम व सीमा रानी शामिल रहे।

### बालिका को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**सैदनगली, अमृत विचार :** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पुलिस ने सूचना पर लावारिस हालत में मिली 12 वर्षीय बालिका को चार घंटे के अन्दर परिजनों से मिलाया। थाना क्षेत्र ग्राम ईशापुर शर्की निवासी नरपतद्वारा ने सूचना दी गई कि एक बालिका उम्र 12 वर्ष लावारिस हालत में ग्राम ईशापुर शर्की में मिली है। सूचना पर थाना पुलिस ने विभिन्न माध्यमों से प्रयास कर चार घंटे में परिजनों का पता कर बालिका को परिवारजनों के सुपुर्द किया।

### रोडवेज को छह लाख रुपये का नुकसान

**अमरोहा, अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन रोडवेज बसों को पर्याप्त सवारियां नहीं मिल सकीं। जिस कारण परिवहन निगम को एक दिन में छह लाख रुपये की हानि हुई। मंगलवार को रोडवेज स्टेशन प्रभारी पदम सिंह ने बताया कि कड़ाके की ठंड और अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोग अपने घरों से नहीं निकल सके। उन्होंने बताया की रोडवेज की बसें अपना लक्ष्य भी पूरा नहीं कर सकीं। जिसके चलते एक दिन में छह लाख रुपये का नुकसान परिवहन निगम को उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ठंड के कारण भी सवारियां घर से नहीं निकल पा रही हैं।

# देश के लिए नेताजी ने जीवन का बलिदान दिया

## सुभाष चंद्र बोस को जयंती पर विद्यालयों में किया याद, जीवन से सीख लेने की अपील

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** ब्लाक जोया के गांव पचोकरा मेहरबान अली स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष शाहनवाज सैफी ने बताया कि आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका थी। उन्होंने देश के लिए अपने जीवन का भी बलिदान कर दिया। इस मौके पर शीशपाल, मशरत जहां, नूर अफसा सैफी, इकबाल जहां, चंचल पाल, सीमा रानी, आहुति त्यागी, रजनी देवी, सतवंत कौर, गजेंद्र सिंह व योगेंद्र सिंह शामिल रहे। नेताजी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी और देश को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने जय हिंद और दिल्ली चलो का नारा भी दिया था।


सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक व छात्राएं। ● अमृत विचार

### नेताजी के जीवन से सीख लेने का आह्वान

**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नीतल ने नेताजी के जीवन के बारे में बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने नेताजी के चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके जीवन के के प्रेरक प्रसंगों से छात्र-छात्राओं को परिचित कराया। उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन आदर्शों व उनके गुणों से प्रेरणा लेने व अपने जीवन में धारण करने का आह्वान किया।

### बीएसडी अकादमी में पुष्प अर्पित किए

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** अमरोहा रोड स्थित बीएसडी अकादमी में आजाद हिद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पराक्रम दिवस रूप में मना। बीएसडी अकादमी प्रबंधक नितिन धारीवाल ने समस्त स्टाफ के साथ नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बीएसडी अकादमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल ने कहा कि नेताजी ने कर्तव्य को निभाते हुए जान कुर्बान कर दी। इस मौके पर निदेशक सुशील धारीवाल, प्रबंधक नितिन धारीवाल, मनजीत सिंह, सतबीर सिंह, सहित एकेडमी समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### विद्यालय में नेताजी को पुष्पअर्पित कर नमन किया

**हसनपुर, अमृत विचार :** विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उन्हें नमन कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन व सुशीला आनंद हाईस्कूल में आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर नेताजी ने स्वतंत्रता संग्राम में जोश भर दिया था। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, मधुबाला, सुनील यादव, अंकित चौहान, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा, चरन सिंह, हर्षित माथुर, कीर्ति भारद्वाज, मंजरी दीक्षित व निकिता अग्रवाल शामिल रहे।


नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में पवित्र मस्तक तिलक समारोह मना

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** मंगलवार को श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में अयोध्या से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से लौटे समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी ने वहां लाए प्रसाद का वितरण किया एवं रामलला की पवित्र रज से माथे पर तिलककर पवित्र मस्तक तिलक समारोह का आयोजन किया।

विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के हवाले से उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्हें संतों एवं धर्म गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे अविस्मरणीय ऐतिहासिक पल है। मैं वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय परिवार की ओर से राम मंदिर ट्रस्ट एवं जगतगुरु रामभद्राचार्य का आभार व्यक्त करता हूं। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सीवी रमन सभागार में अयोध्या से आए रामलला प्रसाद वितरण एवं रामलला परिसर की पवित्र रज के मस्तक तिलक समारोह की शुरूआत समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. वीपीएस अरोड़ा, अजय श्रीवास्तव, डॉ. राकेश यादव ने प्रभु राम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके एवं उन्हें भोग लगाकर किया। अयोध्या से कलश में आई पवित्र प्रभु चरणों की रज को अपने मस्तक पर लगाकर पवित्र मस्तक तिलक समारोह मनाया। इस समारोह में कुलसचिव डॉ. पीयूष पांडे, आरएस शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. एसएन साहू, अरुण गोस्वामी, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. विवेक सचान, डॉ. अश्वनी कुमार सक्सेना, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा शामिल रहे।



समारोह में शामिल वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय प्रबंधन के लोग। ● अमृत विचार

# दौड़ में आरव चौधरी प्रथम

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मंगलवार को अमरोहा रोड स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई। प्रबंधक रोहित सांगवान व स्टाफ ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि अमरोहा ब्लाक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लो व चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अमरपाल सिंह ने प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस दौरान 200 मीटर दौड़ में आरव चौधरी ने प्रथम, मुदित चौधरी ने द्वितीय स्थान तथा आयुष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में अभी चौधरी प्रथम, दक्ष सिवाच ने द्वितीय तथा ध्रुवजीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो खो बालिका वर्ग में शहीद उधम सिंह हाउस ने प्रथम स्थान तथा चंद्र शेखर आजाद हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्री नर्सरी 50 मीटर दौड़ में गार्विक चौधरी प्रथम, गौरंश चौधरी द्वितीय तथा काव्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक रोहित संगवान, प्रधानाचार्या शीतांशी चौधरी, सिम्पल सिंह, संजीव सिंह, सचिन कुमार आदि रहे।


प्रतियोगिता की शुरूआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

# कोहरे से लेट हुईं कई ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मंगलवार को कोहरे के चलते कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देरी से पहुंची। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को आला हजरत एक घंटा लेट पहुंची। इंटरसिटी ट्रेन भी 30 मिनट की देरी से पहुंची। यात्रियों को ठंड में ठिठुरते हुए ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

**वहीं मुबारिजपुर** में भी गंगेश्वरी व दढ़ियाल में ठंड का सितम नहीं थम रहा है। मंगलवार को सुबह फिर क्षेत्र में कोहरे की चादर में लिपटा रहा व सर्द हवाओं से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं पूरा दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। इसके चलते भीषण गलन रही। हालांकि मंगलवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की। दढ़ियाल व मबारिजपुर में अलाव न जलने से लोग परेशान रहे। भीषण ठंड व गलन से लोगों को राहत नहीं मिल दिख रही है। सुबह से ही बर्फीली हवाएं चलीं। पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। इसके चलते लोग घरों में कैद रहे। सिर्फ जरूरी काम होने पर ही लोगों ने घर से बाहर का रुख किया।

# प्राण प्रतिष्ठा के साथ देश में नए युग की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मंगलवार को जोया रोड स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक में राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया कि भाजपा सरकार, गरीब किसान मजदूर महिला युवा सभी को सशक्त बनाने का काम कर रही है।

राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने राम मंदिर के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और राम मंदिर का उद्घाटन कर भारत में एक नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी विश्व नेता हैं। जिला प्रभारी सतपाल सिंह पाल ने कहा कि चुनाव में ज्यादा समय नहीं है, जो कार्यक्रम आए हुए उन्हें शीघ्रता से पूरा करें। बताया कि 24, 25 व 26 जनवरी को विशेष अभियान नमो ऐप की जानकारी देकर डाउनलोड कराना है। लोकसभा प्रभारी राजीव सिसोदिया ने बताया कि कि अमरोहा लोकसभा सीट पार्टी की प्रतिष्ठा की सीट है। 2024 में यहां से भाजपा का सांसद बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी और शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने भी बैठक को संबोधित किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष शशि जैन, कंवर सिंह तंवर, कमल सिंह मलिक, विधायक महेंद्र खड़गवंशी, चंद्रपाल खड़गबंशी, डॉ. मोमराज सिंह गुर्जर, गिरीश त्यागी, रामकिशोर चौहान, अभिनव कौशिक व अन्य भाजपाई शामिल रहे।



लोकसभा संचालन समिति की बैठक में शामिल भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**आयोजन** — शहर में मनाया ख्वाजा गरीब नवाज का उर्स, कई जगह हुए कार्यक्रम

# सिर बुलंद रखने को सुन्नतों पर करें अमल : मुफ्ती तैय्यब

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन हसन चिश्ती अजमेरी का 812वां उर्स शहर में भी मनाया। जिसके तहत शहर में अलग-अलग स्थानों पर महफिलें हुईं। फातिहा ख्वानी के बाद अकीदतमंदों में तबर्रुक वितरित कर मुल्क में अमन-चैन और कौम की सलामती की दुआएं मांगी।

शहर के मोहल्ला काली पगड़ी स्थित आवास पर मुफ्ती तैय्यब अली कादरी ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के हिन्दुस्तान आने का वाक्या बताते हुए मुल्क में उस वक्त के हालात पर तकरीर की। कहा कि उस वक्त गरीब नवाज अपने चंद मुरीदों के साथ हिन्दुस्तान तशरीफ लाए थे। आप ने अपने किरदार और अमल से तकरीबन सवा लाख लोगों को कलमा पढ़ाकर मुसलमान किया और हिन्दुस्तान में इस्लाम संग अमन का परचम लहराया। अमन का पैगाम देने की वजह ही है कि सदियों बाद भी आपकी दरगाह से सभी धर्मों के लोगों की अकीदत जुड़ी हुई है। कहा कि रब का खौफ दिल में होगा तो रुसवाई और मायूसी कभी नसीब ना होगी। सिर बुलंद रहने के लिए गफलत की नींद से उठकर सुन्नतों पर अमल करने की बात कही गई। फातिहा ख्वानी के बाद सलात-ओ-सलाम हुआ और तबर्रुक तकसीम किया गया। इस दौरान कारी मोहम्मद रजा, हाफिज इमरान, हाफिज फैजान, अब्दुल रहीम, शजर आलम शाही, मोहम्मद सालिम, हकीम दिलनावाज, महताब खान आदि मौजूद रहे। उधर, बाजार नौबत खाना स्थित खानकाहे निजामिया में भी उर्स के सिलसिले में अकीदतमंदों ने लंगर वितरित किया। इस दौरान दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अतहर अंसारी, यासिर अंसारी, शजर आलम शाही, मोहम्मद नदीम, सूफी चिराग उद्दीन रहे। शहर के मोहल्ला बसावन गंज स्थित वक्फ छोटी मस्जिद में मुतावल्ली यासिर अंसारी की ओर से फातिहा ख्वानी कराई। इस दौरान मौलाना महताब, हाफिज फाजिल, नदीम, शहजाद, रशीद अहमद, जमशेद परवेज, सज्जाद परवेज शामिल रहे।


महफिल में अमन-शांति व तरक्की की दुआ करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# पोस्टर बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

**अमरोहा, अमृत विचार :** अब्दुल वाहिद खान फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं।

प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाकर संदेशों को उकेरा तथा मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता विषय पर निबंध लिखे। दोनों प्रतियोगिताओं में शीर्ष तीन विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य खुर्शीद अनवर खान ने प्रोत्साहित किया। फरहत अली ने बच्चों की सराहना की। छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला से भारत का मानचित्र बनाकर एकता का परिचय दिया। इस मौके पर दानिश हबीब खान, डॉ. अहमद उरूज, ऐजाज हसन, यकीनुर रहमान खान, जकरिया खान, मोहम्मद शाहिद खान, मोहम्मद शाकिर, फरहत अली, मोहम्मद फहीम, अल अराफ मश्हूद, मोहम्मद हारून, असफर हुसैन शामिल रहे।

## सार-संक्षेप


सड़क निर्माण का शिलान्यास करते विधायक। ● अमृत विचार

### विधायक ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लठीरा माफी निवासी पुष्पेंद्र के घर से लेकर सतवीर के घर तक का मार्ग काफी खराब था। ग्रामीणों ने विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी से मार्ग बनवाने की मांग की थी। जिसपर विधायक ने लगभग 550 मीटर लंबे मार्ग पर आरसीसी सड़क का निर्माण करने का प्रस्ताव पास कराया था। मंगलवार को विधायक ने गांव में मार्ग निर्माण का फीताकाट कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम कर रही है, जितना विकास कार्य भाजपा की सरकार ने कराया है उतना किसी भी पार्टी की सरकार ने नहीं कराया। इस मौके पर संजय शर्मा, देवेंद्र खड़गवंशी, शिव कुमार, विक्रम महंत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।


बाला साहब ठाकरे की जयंती के दौरान मौजूद शिवसैनिक। ● अमृत विचार

### जयंती पर बालासाहब ठाकरे को किया याद

**हसनपुर, अमृत विचार :** शिवसेना जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक की। बैठक में स्वर्गीय बालासाहब ठाकरे की जयंती मनाई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के नेतृत्व में बालासाहब ठाकरे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने बताया कि बालासाहब ठाकरे की जयंती पर सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर राजकुमार सागर, दीनदयाल यादव, विकास यादव, सीमा यादव, रिंकू प्रजापति, तरुण प्रजापति, सतवीर प्रजापति, मनु यादव, रवि यादव शामिल रहे।


हवन में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### ईश्वरदेवा में भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव ईश्वरदेवा में भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने भगवान श्रीराम के आदर्श बताए। इस अवसर पर यशवीर खटाना, जगराज ठेकेदार, छत्रपाल फौजी, राने खटाना, मिंटू, नेपाल खटाना, कृष्ण कुमार, मनोज खटाना, जयपाल खटाना, रामपाल सिंह खटाना, जयचंद सिंह, चंद्रपाल कटारिया, सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार, जसविंदर भगत, निर्देश कुमार, उमेश खटाना, संजीव खटाना, संजीव फौजी, प्रदीप खटाना, दिनेश खटाना, अमित खटाना, बंटी खटाना, हेमराज खटाना, परविंदर खटाना, रतन सिंह, भोपाल सिंह, रवि खटाना, कमल सिंह खटाना, हुकम सिंह, नरेश खटाना, नरेंद्र खटाना, सौरभ खटाना शामिल रहे।


लाभार्थी को प्रमाणपत्र देते पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर। ● अमृत विचार

### जनता के द्वार खुद पहुंच रही भाजपा सरकार : तंवर

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा क्षेत्र के ग्राम यहियापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ। जिसमें पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा, हर वर्ग के विकास को सुनिश्चित कर अंत्योदय के संकल्प को नया आयाम दे रही है। सरकार खुद जनता के द्वार पहुंचकर योजना का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों के साथ देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महामंत्री चन्द्रभान भाटी, राजीव चौहान समेत अन्य लोग शामिल रहे।


गोवंश को माला पहनाते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### गोशाला में जाना पशुओं का हाल

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ व गोरक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने धनौरा की कान्हा गोशाला, ढींगरा गोशाला व बछरायूं गोशाला में पशुओं को गुड़, चने व मीठी पूरी खिलाई। संगठन के प्रदेश मंत्री जंग बहादुर सिंह ने बताया कि धनौरा कान्हा गोशाला व ढींगरा गोशाला में सब ठीक मिला। बछरायूं गोशाला में हरे चारे की कमी, सुखा भूसा सहित कुछ गोवंशों के बच्चों की हालत खराब है। कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत जिला अधिकारी से करने की बात कही। इस अवसर पर तरनजीत सिंह, जिलाध्यक्ष ओपी गोला, शंकर लाल सैनी, उमेश अग्रवाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय के मुहल्ला सैनियो वाला में मंगलवार को नलकूप के पास युवक के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चाकू बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस की पकड़ में आए युवक गांव रुकनुद्दीन सराय अनादिल है।

### अलग अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना पुलिस ने पत्नी को गुजारा भत्ता न देने और महिला के साथ मारपीट करने के आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नवावखेल निवासी महिला के साथ किसी बात को लेकर दिल्ली के मुहल्ला भजनपुरा निवासी अकबर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो रहा था। पुलिस ने अकबर को हिरासत में ले लिया। अमरोहा जिले के गांव शेखपुर झकडी निवासी प्रवीन पत्नी को गुजारा भत्ता ना देने के आरोप में फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया।

# 14 वीं शताब्दी के शासनकाल के हो सकते हैं मिट्टी की खुदाई के दौरान मिले सिक्के

## जानकार बता रहे कि सिक्के शासक अलाउद्दीन आलमशाह के समय के नजर आते हैं

भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के हरगोविंदपुर गांव में मिट्टी की खुदाई के दौरान मिले सिक्के मुगलकालीन हैं। सिक्कों की जो तस्वीर सामने आई है उसे देखकर जानकार बता रहे हैं कि सिक्के 14 वीं शताब्दी के शासक अलाउद्दीन आलमशाह के शासनकाल के नजर आते हैं।

संभल के उलेमा तकी अशरफ को सिक्के की तस्वीर दिखाई गई तो उन्होंने बताया कि सिक्के पर जो लिखा है वह पूरी तरह से पढ़ने में नहीं आ रहा है। जो समझ में आया है उसके हिसाब से सिक्के पर सुल्तान अबुल मुज़फ़्फ़र मुहम्मद शाह अलाउद्दीन वल्लाह सुल्ताने आज़म,लिखा नजर आता है।


हरगोविंदपुर गांव में सिक्के खोजने में जुटे ग्रामीण। ● अमृत विचार


सिक्के मिलने के बाद तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

इतिहासकारों के मुताबिक सैयद वंश के अलाउद्दीन आलमशाह ने 1445 से 1450 तक दिल्ली की गद्दी पर राज किया था। अलाउद्दीन के पिता का नाम मुहम्मदशाह था। मुहम्मद शाह की मृत्यु के बाद अलाउद्दीन ने आलमशाह की उपाधि ग्रहण करने के बाद अलाउद्दीन आलमशाह के नाम से राजगद्दी संभाली थी। इतिहास में यह भी दर्ज है कि अलाउद्दीन आलमशाह की उसके वजीर हमीद खां से अनबन हो गई थी। इसके बाद अलाउद्दीन आलमशाह ने दिल्ली छोड़कर बदायूं में शरण ली थी।

## कोर्ट के आदेश से महिला को मिला प्रेमी का साथ

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र से प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला के प्यार को मंजिल मिल गई है। प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला को पुलिस ने अदालत में पेश किया तो महिला ने प्रेमी के साथ जिंदगी बिताने की गुहार लगाई। इस पर अदालत ने महिला को प्रेमी के साथ रहने की इजाजत दे दी।

थाना रजपुरा क्षेत्र के एक गांव से गुरुवार को प्रेमी के साथ गई महिला कैला देवी थाना क्षेत्र की सौधन पुलिस चौकी पहुंची थी। महिला ने प्रेमी के साथ रहने की जिद की तो घंटों पुलिस चौकी में ही पंचायत हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। सौंधन पुलिस चौकी से महिला और उसके प्रेमी को रजपुरा थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने महिला के मंगलवार को अदालत में बयान दर्ज कराए। महिला ने मर्जी से प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जाहिर की। महिला को प्रेमी के सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल ने बताया कि महिला बालिग है। उसने अदालत में बयान दिया कि वह स्वतंत्र है।


विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

## मंदिर आंदोलन में भाग लेने वाले आचार्यों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी में भगवान स्वरूप सज्जा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ श्रीराम व सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। विद्यालय के बच्चे भगवान के विभिन्न स्वरूपों में सज कर विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष डॉ. वीरेश कुमार ने श्रीराम व माता कैकेई प्रसंग सुनाया। साथ ही 1992 में मंदिर आंदोलन में भाग लेने वाले आचार्य कन्हैया वार्ष्णेय, सुरेश यादव, मुकेश कुमार, चंद्रपाल सिंह, विनोद शर्मा को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने कहा कि 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ है, भव्य मंदिर बनकर तैयार है। कहा कि सुभाष चंद्र बोस के त्याग व संघर्ष के बल पर देश को आजादी मिली थी।


संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोलते एसडीएम रमेश बाबू। ● अमृत विचार

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है यात्रा का उद्देश्य

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर शिविर लगा। जिसमें विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

एसडीएम रमेश बाबू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का जायजा लिया व योजनाओं के बारे में बताया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत बबराला के चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस बीच लाउडस्पीकर की आवाज से अदालत का कामकाज प्रभावित हुआ तो पहुंची पुलिस ने लाउडस्पीकर को बंद भी कराया। इस मौके पर कुमोद वार्ष्णेय, जूलियस सीजर, विनय वार्ष्णेय, नायब तहसीलदार बबलू कुमार, विजेंद्र प्रजापति आदि रहे।

## बच्चों ने नेता जी के बलिदान की गाथा सुनाई

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने देश भक्ति गीत में नेता जी के बलिदान की गाथा गाकर सुनाई।

प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस की कलकत्ता से बर्लिन तक की यात्रा न सिर्फ ऐतिहासिक थी बल्कि इसमें साहस और रोमांच भी शामिल था। प्रबंधक दीपक शर्मा, अध्यापिका अनीता श्रीवास्तव व सहायक अध्यापिका पूनम शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर शेखर कुमार, रुपाली, पारुल ठाकुर ,नंदिनी ,ज्योति ,दीपक शर्मा, रागिनी, सुमित ,हिमांशी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा ठाकुर एवं पारुल ठाकुर ने किया।


नेताजी की जयंती पर श्रद्धांजलि देते स्कूल के शिक्षक व बच्चे।


महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलातीं छात्राएं व स्टाफ।

### राष्ट्र को सशक्त करें युवा

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान बबीता रानी ने विद्यार्थियों से कहा कि हमारे आस-पास जो घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं, नाबालिग लड़कियों होती है उनकी काउंसलिंग करके उनका उचित मार्गदर्शन किया जाता है। महिलाओं को हिंसा से बचाने के लिए पहले खुद ही महिला को महिला का शोषण रोकना होगा। परिवार के दबाव में महिला को गर्भ जांच व गर्भपात नहीं करवाना चाहिए।

### कॉलेज परिसर में की साफ सफाई

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राजकीय महाविद्यालय जुनावई में संयोजिका डॉ .शिप्रा की निगरानी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्राध्यापक अतुल कुमार, डॉ . जावेद अख्तर, अखिलेश यादव, राजकुमार, कृष्ण, मंजू, हरप्रसाद के अलावा छात्र गौतम कुमार, शाहनवाज, अभय, बॉबी, सत्येंद्र, तरुण कुमार, छात्राएं सुरभि, अंजू कुमारी, बबली, मुस्कान, शिवाजी यादव, फूलवती, प्रियंका, मिथिलेश आदि रहे।

## सार संक्षेप


कब्रिस्तान में जलभराव के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

### कब्रिस्तान में गंदा पानी भरने पर भड़के लोग, प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** संभल में चंदौसी मार्ग पर स्थित नूरियो सराय के कब्रिस्तान में गंदा पानी भरने से लोग भड़क गए। लोगों ने समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गंदा पानी रुकवाने की मांग उठाई। नूरियो सराय के लोग मंगलवार को पुलिस चौकी के पीछे कब्रिस्तान पहुंचे और गंदा पानी भरने के विरोध में प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि कब्रिस्तान में नाले का गंदा पानी आ रहा है। बच्चों की कब्रों में गंदा पानी भर गया है। शव के कब्रों से बाहर आने की आशंका है। गंदा पानी घुसने से कब्रों की बेहुरमती हो रही है। जिससे स्थानीय लोगों में रोष पनप रहा है। लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कब्रिस्तान में गंदा पानी आने से रुकवाने की मांग की। इस दौरान मोहम्मद आलम, अनीस, मोहम्मद उमर, अरमान, शाहबुल, शाहनवाज, कलीम, समीर, मोहम्मद इस्लाम, जीशान, रिहान, सलीम, अली आदि रहे।



प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भाजपा एवं आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। शहीद भगत सिंह पार्क में जुटे कांग्रेसियों ने कहा कि असम में शांतिपूर्ण निकल रही भारत जोड़ो यात्रा को बाधित करने की कोशिश की जा रही है। पिछले दो दिनों में यात्रा के वाहनों पर योजनाबद्ध हमले की घटना हो रही है। जिसमें असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित कई नेता घायल हुए हैं। कहा कि कुछ लोगों की हताशा भरी हरकतों से हम अपने मिशन को डिगने नहीं देंगे। कांग्रेसियों ने हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, हाजी महबूब आलम, मुशीर खां तरीन, आरिफ तुर्की, काजी हम्माद, मुबीन, आरिफ तनवीर, आसिफ अल्वी आदि रहे।

### तिरंगे झंडे बांटकर जगाई देशभक्ति की अलख

**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मियां मीरन शाह वाली मस्जिद में नमाज के बाद जाने वाले नमाजियों, राहगीरों और वाहन चालकों को तिरंगे झंडे वितरित किए। सपा नेता सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि देश के सम्मान के लिए घर, दुकान, शिक्षण संस्थान, कार्यालयों पर तिरंगे झंडे लगाकर गणतंत्र दिवस मनाया जाए। इस दौरान साजिद तुर्की, अजमत हुसैन, गुड्डू, फराज खान, भूरा पहलवान, इंतजार हुसैन, नवील अहमद, मोहम्मद रमीज, तारिक किदवई, मुस्तकीम, इरशाद, जाहिद, आसिफ आदि मौजूद रहे।

# 35 श्रमिकों को इजराइल भेजने की प्रक्रिया अंतिम चरण में

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्रम विभाग ने जनपद से कुशल निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है। 35 श्रमिकों को इजराइल भेजने की बात कही जा रही है। जिसके लिए श्रमिकों का मंगलवार को भी जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। अगर मेडिकल रिपोर्ट में श्रमिक फिट पाए गए तो बुधवार को ही लखनऊ के लिए रवाना किए जाएंगे। वहां साक्षात्कार, पुलिस वेरिफिकेशन के साथ ही अन्य प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी।

इजराइल में हुए युद्ध से पैदा हालात को लेकर वहां की सरकार ने कुशल निर्माण श्रमिकों की मांग की थी। जिसे लेकर केंद्र सरकार ने कवायद शुरू कराई। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत एजेंसी इंटरनेशनल के माध्यम से श्रमिकों को इजराइल भेजने को लेकर जनपद से 200 श्रमिकों का चयन करने में अधिकारी जुटे। जिसमें आयरन वेंडिंग, सिरेमिक, टाइल्स एवं शटरिंग और कारपेंटर का काम करने वाले श्रमिकों को मौका दिया गया। बताया गया कि मासिक वेतन 1.37 लाख रुपये होगा। श्रमिकों ने भी नगर पालिका में स्थित श्रम कार्यालय पहुंचकर इजराइल जाने की इच्छा जताई। जिसके आधार पर श्रम विभाग ने श्रमिकों का चयन किया और मेडिकल परीक्षण कराने की प्रक्रिया पूर्ण की। मंगलवार को भी जिला अस्पताल में कई श्रमिकों का मेडिकल कराया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि जिले से 35 श्रमिकों को इजराइल भेजा जाना है। श्रमिकों का मेडिकल परीक्षण कराया है। कुछ श्रमिकों की मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट मिलनी बाकी है। यह जल्द ही स्पष्ट होगा कि कितने श्रमिक फिट हैं।


जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने पहुंचे मजदूर। ● अमृत विचार

▶▶ **मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट में फिट होने वाले श्रमिकों को आज किया जाएगा रवाना**

### ...तो आज लखनऊ रवाना किए जाएंगे श्रमिक

**संभल, अमृत विचार :** श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि चयनित किए गए सभी श्रमिक फिट रहे तो बुधवार को लखनऊ रवाना किया जाएगा। लखनऊ में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड कार्यालय में श्रमिकों का साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के बाद पुलिस श्रमिकों का वेरिफिकेशन करेगी। पासपोर्ट आदि की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद श्रमिकों को इजराइल के लिए रवाना किया जाएगा। श्रमिकों का कहना रहा कि भले ही इजराइल जाकर काम करेंगे लेकिन वहां काम करने से जो पैसा मिलेगा उससे आने वाले समय में जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा।

## सरकार की उपलब्धियां बता कर लाभार्थियों से करें संवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संभल लोकसभा संचालन समिति की बैठक में मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास राज्यमंत्री एवं संभल लोकसभा के कलस्टर प्रभारी जसवंत सैनी ने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को बतायें। इसके साथ ही लाभार्थियों से मिलने का काम भी किया जाये।

एकता विहार जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह,राकेश सिंह,राजेश सिंघल व डा. अनामिका यादव द्वारा पटका, स्मृति चिन्ह व शाल पहनाकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि सभी मतदाताओं को सरकार द्वारा दी गई सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दें। 2014 में संभल लोकसभा सीट भाजपा ने जीती थी अब 2024 भी अपने प्रयासों से फिर जीत हासिल करनी है। लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता ने सभी कार्यक्रम एवं चुनाव की तैयारियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत जी ने कहा कि प्रभु राम की कृपा से हमे मेहनत कर लोकसभा सीट को जीतना है।


राज्य मंत्री जसवंत सैनी का सम्मान करते भाजपा जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष।

**वोटर** मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, अब हो गए 16,11419 वोटर

# जनपद संभल में बढ़े 24,026 मतदाता

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों के बीच जिला प्रशासन ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया। जिसके तहत जिले में 2,4026 वोटर बढ़ गए हैं। मतदाताओं की संख्या 16,11419 पहुंच गई है जबकि आलेख्य प्रकाशन के मौके पर 15,87393 मतदाता थे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद संभल में 27 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन हुआ था। तब जनपद में 1587393 मतदाता थे। जिसके बाद विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची को लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें युवाओं के साथ ही पुरुषों और महिलाओं ने भी वोट बनवाने के लिए कदम बढ़ाए। अधिकारियों ने भी विशेष अभियान दिवस के मौके पर निरीक्षण करते हुए बीएलओ को अधिक से अधिक संख्या में वोट बढ़ाने को फार्म प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अब आयोग के निर्देश पर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय और मतदान बूथों पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र बिलारी आंशिक में 54239 से बढ़कर 54991 मतदाता हो गए हैं। यहां 752 मतदाता बढ़े हैं। चंदौसी में पहले मतदाताओं की संख्या 383588 थी। यहां 7961 मतदाता बढ़े हैं और अब इनकी संख्या 391549 हो गई हैं। इसी तरह असमोली में मतदाताओं की संख्या 374341 से बढ़कर 378825 पहुंच गई है। असमोली में 4484 मतदाता बढ़े हैं। संभल में 364995 से बढ़कर 372483 मतदाता हो गए हैं। यहां 7488 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। गुन्नौर में 410230 मतदाता थे। यहां 3341 मतदाता बढ़े हैं और अब संख्या 413571 मतदाता हो चुकी है।

▶▶ **आलेख्य प्रकाशन के मौके पर थे 1587393 मतदाता, संक्षिप्त पुनरीक्षण में बनवाए गए वोट**

### कहां कितने मतदाता

| | |
|---|---|
| बिलारी आंशिक | - 54991 |
| चंदौसी | - 391549 |
| असमोली | - 378825 |
| संभल | - 372483 |
| गुन्नौर | - 413571 |

## दो बच्चों के पिता संग रहने की जिद पर अड़ी युवती

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में दो बच्चों के पिता के साथ घर से भागी युवती को पुलिस ने नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव से मंगलवार को बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद भी प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। परिजनों ने मिन्नतें कीं मगर वह नहीं मानी।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बच्चों का पिता इमरान एक सप्ताह पहले प्रेम प्रसंग के चलते मुहल्ले की ही युवती को अपने साथ ले गया था। युवती घर से जाने के बाद से इमरान के साथ गाजियाबाद में रह रही थी। इमरान ने युवती के साथ निकाह करने के बाद रसीद परिजनों के मोबाइल पर भेज दी। नखासा थाना के गांव रुकनुद्दीन सराय में युवती के होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को बरामद कर लिया। परिजन भी थाने आ गए। युवती के आगे परिजन रोते गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन युवती प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही।

# मानव श्रृंखला बना दिलाई यातायात नियमों के पालन की शपथ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग की ओर से छात्र छात्राओं की मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का महत्व बताया। कहा गया कि नियमों को अपनाकर ही सुरक्षित सफर संभव होगा।

परिवहन विभाग की ओर से नगर के हिंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, बृज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, एमजीएम कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्र छात्राएं और एनसीसी कैडेट्स मानव श्रृंखला बनाकर खड़े हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि एएसपी श्रीश चंद्र रहे। एएसपी श्रीश चंद्र ने छात्र छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। कहा कि जिसमें कहा गया कि हम 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए बिना एवं ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किए बिना वाहन नहीं चलाएंगे। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करेंगे। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे। इसके अलावा इंटरसेप्टर के माध्यम से वीडियो क्लिप दिखाकर सड़क पर सुरक्षित संचालन हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता, डीआईओएस वेदराम, यातायात प्रभारी अनुज मलिक, कोतवाल पवन कुमार, इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक, शिक्षक, शिक्षिकाएं और परिवहन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।


यातायात नियमों के पालन की शपथ लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

▶▶ **कई कॉलेजों के विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स जुटे**

### सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने ग्रहण की शपथ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम इंटर कॉलेज में सुभाष चंद बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। साथ ही सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। शिक्षिकों ने छात्रों को सुभाष चंद्र बोस के देश हित में किए गए कार्यों के बारे बताया। इस दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ ग्रहण कराई गई। इसके बाद छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत

**संभल, अमृत विचार :** गांव पंवासा निवासी सावित्री ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। आरोप लगाया है कि उसने रकम नहीं दी तो पट्टेदारों की सूची में नाम शामिल नहीं किया गया। अमीरों के नाम सूची में शामिल कर दिए गए। सावित्री ने प्रधान और कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए पट्टेदारों की सूची तलब कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### जिला अस्पताल में शुरू हुई थैलेसीमिया की जांच

**संभल, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में थैलेसीमिया की जांच की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। उपकेंद्र एवं ग्राम स्वास्थ्य ,स्वछता एवं पोषण समिति में मानक अनुसार व्यय न होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह में व्यय करने के लिए समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया गया। सीएचसी गुन्नौर पर सिजेरियन प्रसव कम होने पर नाराजगी व्यक्त की।

# योजनाओं को समय से पूरा कराएं अधिकारी

## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए गुणवत्ता पूर्वक कार्य के निर्देश

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार :** निर्माण कार्यों की समीक्षा की बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों के साथ निर्माण योजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं निर्माण कार्यों को गुणवत्ता से कराए जाने पर जोर दिया।

कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में जिला अर्थ व सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने निर्माणधीन परियोजनाओं में प्रगति के बारे में बताया। जिसमें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व आरईडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों व लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण को लेकर डीएम ने जानकारी की। ओडीआर एमडीआर व नई सड़क, ग्राम सड़क योजना के द्वारा कराई जा रहे निर्माण कार्यों, सेतु निर्माण को लेकर डीएम ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण द्वारा बनाई जा रही है परियोजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। उनको हैंडओवर की प्रक्रिया में लाया जाए। प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह,बीएसए चंद्रशेखर, डीआईओएस वेदराम सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।



हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

▶▶ जिन परियोजनाओं का निर्माण पूर्ण हो गया उनको हैंडओवर करें

### बेटियों को बोझ समझने वाली मानसिकता का हो विरोध

**संभल, अमृत विचार :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के तहत हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष बंसल ने हस्ताक्षर करके किया। जिलाधिकारी ने महिला सुरक्षा की शपथ दिलाई। कहा कि जनपद के विद्यालयों,महाविद्यालयों के छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित तथा हिंसा मुक्त माहौल बनाने के काम में आगे आना चाहिए। बेटियों को लेकर पराया धन तथा बोझ जैसी मानसिकता का विरोध कर महिलाओं और बालिकाओं को मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत है। संकल्प लिया गया कि बेटी और बेटा पर विभेद नहीं करेंगे।

### कार्यशाला में उद्योग स्थापना के दिए टिप्स

**संभल, अमृत विचार:** जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन संभल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संचालित ऋण योजनाओं तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के प्रचार प्रसार तथा प्रशिक्षण हेतु संयुक्त आयुक्त उद्योग मुरादाबाद योगेश कुमार की अध्यक्षता में बैंकर्स एवं लाभार्थियों के साथ पंचायत रिसोर्ट सेंटर में कार्यशाला के दौरान नए उद्योगों की स्थापना हेतु बेरोजगार युवक युवतियों को आमंत्रित किया गया। इसके अंतर्गत समस्त बैंकों में विभिन्न स्तर पर लंबित उपरोक्त योजनाओं के आवेदन पत्रों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गयी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। लीड बैंक अधिकारी अमित बिश्नोई ने लाभार्थियों के आवेदन पत्रों एवं बैंक स्तर से लंबित केसों के बारे में लाभार्थियों के साथ चर्चा की।

## सार संक्षेप


नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति के पदाधिकारी व अन्य।

### महान क्रांतिकारी थे सुभाष चंद्र बोस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान भारत की ओर से स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती फव्वारा चौक स्थित सुभाष प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। मुख्य वक्ता व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी नेता थे। इन्होंने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद स्वामी विवेकानंद से जुड़ी पुस्तकों का अध्ययन किया। वह स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित थे। सुभाष चंद्र बोस ने जापान के सहयोग से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद फौज की स्थापना की। 18 अगस्त 1945 को सुभाष चंद्र बोस का ताइवान में हवाई दुर्घटना में स्वर्गवास हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस मनाने की घोषणा की।


कार्यक्रम में विचार रखते शिक्षक। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेता जी की जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सुभाष चंद्र बोस की जयंती को राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि नेता जी ने देश हित के लिए अनेक कार्य किए। इन्होंने अपनी सेना का गठन कर देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिससे आज भी देश इनका ऋणी है। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष पांडेय, डॉ. एके अस्थाना, डॉ. पीवी तिवारी, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. सूरज शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, अभय प्रताप, बृजेश, संजय आदि मौजूद रहे।


दीपोत्सव मनाते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### श्री राम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भारत के लिए गर्व का क्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की ओर से साहू झुन्नी लाल धर्मशाला के मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भजन संध्या व दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। भजनों की श्रंखला में नगर संयोजक प्रभात कृष्णा ने कहा कि यह क्षण हम सबके लिए पूरे भारतवासियों के लिए गर्व के क्षण है कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हमारे सामने हुई और हम इसके साक्षी बने हैं। डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि भगवान राम हमारे कण-कण में बसते हैं। 500 वर्षों की तपस्या तथा बलिदान का परिणाम है कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। हम सबको प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलने की जरुरत है। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष एसएन शर्मा, डॉ. टीएस पाल, डॉ. जयशंकर दुबे, हरीश कठेरिया, मधुकर शंखधार, हिमांशु भारद्वाज, प्रवीण शर्मा, मंजुला कृष्णा, अर्चना कृष्णा, विपिन कुमार गुप्ता आदि रहे।


दीपक व मोमबत्ती जलाकर खुशी मनातीं समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### श्रीराम के जीवन से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से कैथल गेट स्थित अयोध्या धाम शिव राम मंदिर पर राम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि नवनिर्मित राम मंदिर में हमारे रामलला के विराजमान होने पर संपूर्ण राष्ट्र में राममय हो गया है। संस्था केआगामी कार्यक्रमों में श्रीराम जीवन के संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर समिति की पदाधिकारी शिवराम मंदिर में धार्मिक नृत्य के साथ दीपोत्सव द्वारा राम जन्मोत्सव मना रही है। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हम सबके लिए गौरव की बात है। अब हमारे भगवान का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, रीना चौधरी, मोनिका चौधरी, रितु, रचना, खुशी, प्रियांशी, सविता, भावना, अनुराधा, चांदनी, दीप्ति, वर्मा, शालिनी, मोनिका, लता आदि रहीं।

# संभल ने बरेली को 59 रन से हराया

**कार्यालय संवादाता,चन्दौसी**

**अमृत विचार :** स्व. श्री सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बनियाखेड़ा ब्लाक के गांव कैथल में किया जा रहा है। मंगलवार को बरेली व संभल की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें संभल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन का स्कोर बनाकर 59 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिराज को दिया गया।

मंगलवार को पहले खेलते हुए संभल के बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवर में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 218 रन बनाए। जिसमें शशांक ने 91 व अबू समा ने 31 रन की रन की पारी खेली। बरेली की गेंदबाज सूर्यप्रकाश ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बरेली की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक के बाद एक विकेट का गिरना जारी बना रहा। बरेली ने 20 ओवर के खेल में नौ विकेट के नुकसान पर 159 रन ही बना सकी। जिसमें विशाल ने 33 व गोपाल ने 31 रन बनाए। जबकि संभल के गेंदबाज मिराज ने तीन व शोएब ने दो विकेट लिए। संभल ने 59 रन से मैच जीत लिया।

संभल के मिराज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं खराब मौसम के बाद भी आस-पास के गांव व शहर के लोगों ने मैच का आनंद लिया। इस अवसर पर अंशुल गुप्ता टनाटन, राहुल गुप्ता टनाटन, प्रिया गुप्ता, मोनिका गुप्ता, सूर्या गुप्ता, माधव गुप्ता, उदित, दिव्यांशु, राम, सुजल, अनुज वार्ष्णेय अन्नू आदि मौजूद रहे।


मिराज को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते अंशुल गुप्ता। ● अमृत विचार

**टूर्नामेंट**

▶▶ कैथल में खेला जा रहा मेमोरियल आमंत्रण टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

▶▶ मैन ऑफ द मैच चुने गए मिराज

### 98 व्यावसायिक ट्रैक्टर ट्रालियों पर 26 लाख टैक्स बकाया

**संभल, अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने सड़कों पर फर्राटा भरने के बावजूद टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहनों पर टेढ़ी नजर की है। टैक्स बकाया को लेकर 98 व्यावसायिक ट्रैक्टर ट्रालियों के स्वामियों को नोटिस भेजे गए हैं जबकि 11 मालवाहक वाहनों के मामले में आरसी जारी की गई है।

एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि 98 व्यावसायिक ट्रैक्टर ट्रालियों पर 26 लाख 86 हजार 321 रुपये का टैक्स बकाया है।

ट्रैक्टर ट्रालियों के मालिकों को नोटिस भेजे गए हैं। इसी तरह 11 माल वाहनों पर नौ लाख सात हजार रुपये का टैक्स बकाया चल रहा है। जिसे लेकर आरसी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि नोटिस और आरसी जारी करने के मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं नोटिस और आरसी जारी होने से वाहन स्वामियों में खलबली का माहौल बना है।


बड़ा बाजार में सांड के हमले से बचकर भागता व्यक्ति। ● अमृत विचार

## बड़ा बाजार में सांड का उत्पात लोगों ने छिप बचाई अपनी जान

**संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** बड़ा बाजार में मंगलवार की दोपहर ढाई बजे एक सांड ने उत्पात मचाया। गनीमत यह रही कि सांड के हमले से कोई घायल नहीं हुआ। जैसे-तैसे बाजार के लोगों ने सांड को भगाया। इस दौरान बाजार में अफरा-तफरी रही।

मंगलवार की दोपहर ढाई बजे बड़ा बाजार में रोजाना की तरह से शांत माहौल था। तभी एक सांड आया वह सड़क किनारे एक व्यक्ति पर हमला करने लगा। अचानक हमला होते देख व्यक्ति वहां से भाग गया। सांड ने उसका पीछा किया। सांड का यह रूप देख बाजार में हर कोई अपनी जान बचाने को इधर-उधर भागने लगा। लोगों ने दुकानों व गलियों में भागकर अपनी जान बचाई।

बाइक सवार व ई-रिक्शा चालक भी अपने-अपने वाहन खड़ाकर इधर-उधर छिप गए। कुछ व्यापारियों ने राहगीरों की मदद से सांड को भगाया। करीब दस मिनट तक बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गनीमत यह रही कि सांड के उत्पात में कोई घायल नहीं हुआ।


हाइवे पर कोहरे के बीच गुजरता टेंपो। ● अमृत विचार

## छाया घना कोहरा, ठिठुरा जनमानस

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** मंगलवार को कोहरे व शीत लहर ने जनमानस को काफी प्रभावित किया। हाइवे पर कोहरे के कारण वाहन धीमी गति से गुजरते दिखे। वहीं स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए।

सोमवार को मौसम खुशगवार रहने के बाद मंगलवार की सुबह से लोगों को घने कोहरे व शीतलहर का सामना करना पड़ा। स्कूली बच्चे भी मौसम की मार से अछूते नहीं रहे। बच्चों को कड़ाके की सर्दी के कारण अवकाश मिला था। ऐसे में जब स्कूल खुले तो उनको कंपकंपाती ठंड में निकलना पड़ा। कुछ अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। दोपहर के बाद कोहरा तो छंट गया, लेकिन आसमान में धुंध छायी रही। सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। इसी के चलते बाजारों में कम हलचल देखी गई लेकिन गर्म कपड़ों की दुकानों पर खरीददार ज्यादा नजर आए।

### ऑनलाइन सामान्य ज्ञान परीक्षा में कजली प्रथम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चौधरी प्रेम शंकर स्मृति ट्रस्ट के की ओर से श्री दाऊजी मंदिर में राम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले रामायण पर आधारित ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। जिसमें कजली वार्ष्णेय ने प्रथम, दीपक कुमार ने द्वितीय, सौरभ मिश्रा ने तृतीय प्राप्त किया। चौथे स्थान पर रश्मि वार्ष्णेय रही। इसके अलावा 11 अन्य विजेताओं को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। शाम को मंदिर परिसर में भजन कीर्तन हुआ। मंदिर को भगवा गुब्बारों से सजाया गया व मंदिर परिसर में रंगोली भी बनाई गई। अंत में भंडारे हुए।। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कैलाश चौधरी, विवेक कुमार चौधरी, सीमा वार्ष्णेय, प्राची आर्य, सुरभि चौधरी, सरोजनी देवी, पुष्पा चौधरी, रश्मि चौधरी, विशी चौधरी, वैभव चौधरी आदि रहे।

# कोचिंग पर नई गाइड लाइन से विद्यार्थियों पर कम होगा बोझ

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** सरकार की नई गाइड लाइन के तहत 16 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थी कोचिंग में दाखिला नहीं ले सकेंगे। गाइडलाइंस में कोचिंग संस्थानों से कहा गया है कि छात्र-छात्राओं को एडमिशन से पहले पूरी जानकारी दें, बाद में किसी तरह का कोई बदलाव न किया जाए।

अभिभावकों व शिक्षकों ने इसे उचित ठहराते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को अच्छे नंबर दिलाने का झांसा देकरअधिक फीस नहीं वसूल सकेंगे । ऐसा करने पर संस्थान का पंजीकरण भी रद्द किया जा सकता है। कम आयु के बच्चों के कोचिंग सेंटरों में जाने पर उन पर प्रतियोगी परीक्षाओं का मानसिक बोझ लद जाता है।


केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन का शिक्षा जगत में सकारात्मक परिवर्तन करने का प्रयास स्वागत एवं सराहनीय कदम है। जिससे अवैध कोचिंग सेंटरों पर नकेल कसी जा सकती है। जो बच्चों के भविष्य को अनैतिक प्रलोभन देकर बिगाड़ देते हैं।
-वीके त्रिपाठी, शिक्षक, आरआरके स्कूल


मंत्रालय ने यह दिशानिर्देश विद्यार्थियों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, आग की घटनाओं, कोचिंग संस्थानों में सुविधाओं की कमी के साथ-साथ उनके द्वारा अपनाई जाने वाली शिक्षण पद्धतियों के बारे में सरकार को मिली शिकायतों के बाद दिया है।
-डॉ. डीके अग्निहोत्री, शिक्षाविद


शिक्षा मंत्रालय का यह फैसला बच्चों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा का बाजारीकरण रुकना चाहिए और झूठे प्रलोभन देकर छात्रों को फंसाने वाले कोचिंग संस्थान पर लगाम लगानी चाहिए। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की परिस्थिति को समझना चाहिए उन पर अधिक बोझ लादकर उनसे उनका बचपन नहीं छीनना चाहिए।
-आकाश कुमार, विभाग संयोजक, एबीवीपी

### बबराला में आज लगेगा रोजगार मेला

**संभल, अमृत विचार:** जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान से विशाल रोजगार मेला बाबू राम सिंह भाय सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बबराला के परिसर में आज 10 बजे से लगाया जाएगा।

मेले में नोएडा, गुड़गांव, हरिद्वार एवं जनपद की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं । समस्त रोजगार पाने वाले अभ्यर्थी अपना पंजीकरण सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up..nic.in पर करने के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में क्यूआर कोड के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

**लापरवाही** मैनहोल से ढक्कन गायब, रात के अंधेरे में नजर नहीं आता मैन होल, हो सकती है दुर्घटना

# सड़क के बीच खुले मैनहोल दे रहे हादसों को न्योता

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** नगर पालिका क्षेत्र में मालगोदाम और आजाद रोड पर खुले मैन होल हादसों को न्योता दे रहे हैं। शाम होने के बाद सड़क पर खुले दोनों मैनहोल नजर नहीं आते। परिणाम स्वरूप दोपहिया वाहन सवार हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसके बाद भी खुले मैनहोलों को दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है। दोनों ही रास्तों पर वाहनों की आवाजाही रहती है।

वैसे तो शहर में कई स्थानों पर मैनहोल खुले हैं। मगर आजाद रोड पर रोडवेड बस स्टैंड के पास व मालगोदाम रोड पर जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास के नजदीक खुले मैनहोल की मरम्मत न होना आश्चर्यजनक है। यह दोनों ही मार्ग अति व्यस्त रहते हैं। कई बार शिकायत के बाद समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है।

आजाद रोड पर खुले मैनहोल में अब तक कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो गए हैं। लोगों ने नगर पालिका से खुले मैनहोलों को दुरुस्त कराने की मांग की है।


मालगोदाम रोड पर खुले मैनहोल के पास से गुजरतीं बाइक।


आजाद रोड पर खुले मैनहोल के पास से गुजरती कार ।

इस मामले में जानकारी कराई जा रही है। इन दोनों स्थानों पर खुले मैनहोलों को जल्द दुरुस्त करा दिया जाएगा। नागरिकों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
-आरके भार्गव, ईओ, नगर पालिका

### भक्तों ने किया सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी सेवा समित की ओर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विकास नगर स्थित शिव मंदिर पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी भक्तों ने हिस्सा लिया। भक्तों ने सुंदर कांड की चौपाइयां का वाचन किया। भगवान के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किए गया। मंदिर को गुब्बारों व फूलों से सजाया गया। साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। अंत में मंदिर परिसर में दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संजय शर्मा, अजय सक्सेना, राजबाबा गुप्ता, वैभव पोरवाल, विजय प्रकाश सक्सेना, रत्नेश सिंह, अशोक शर्मा, लक्ष्मी नारायण, आदि रहे।

**सूचना**

मेरा नाम बैंक खाते में असमा परवीन (ASMA PARWEEN) हैं जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आशमा बेगम (ASHMA BEGUM) है। यह दोनो नाम मेरे ही हैं। आशमा बेगम उर्फ असमा परवीन पत्नी मुकर्रम अली निवासी लाल स्कूल सक्का दोयम जिला मुरादाबाद

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कयामुद्दीन द्वारा संस्था मोती मस्जिद सेवा समिति, मौहल्ला कुरेशियान सैदनंगली तहसील हसनपुर जिला अमरोहा का अध्यक्ष दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. कयामुद्दीन-अध्यक्ष, 2. फहीम अहमद-नायब सदर 3. इमत्याज-मोहतमिम, 4. जाकिर हुसैन खजांची 5 दिलशाद, 6. मौ0 तसलीम, 7. मौ0 वसीम सदस्य दर्शाये गये हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यावाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।विदित हो कि उक्त नोटिस सो0 रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मौ0 आलम द्वारा संस्था मस्जिदुस्सुना सेवा समिति, मौहल्ला कुरेशियान सैदनंगली तहसील हसनपुर जिला अमरोहा का सदर/अध्यक्ष दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. मौ0 आलम-सदर/अध्यक्ष, 2. अब्दुल मन्नान-नायब सदर/उपाध्यक्ष, 3. मुहम्मद बिलाल- मोहतमिम/सचिव, 4. आजम-नायब मोहतमिम/उपप्रबन्धक, 5 वसीम-खजांची/कोषाध्यक्ष, 6. अल्ताफ, 7. राजू ,8. सगीर, 9. इन्तखाब, 10. मौ0 फरीद सदस्य दर्शाये गये हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यावाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0 रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता।।

साधु यानी अच्छे व्यक्ति के मन में जो होता है, वो वही बात करता है। वचन में जो होता है यानी जैसा बोलता है, वैसा ही करता है। इनके मन, वचन और कर्म में हमेशा ही एकरूपता व समानता होती है। इसी को अच्छे व्यक्ति की पहचान माना जाता है।

## संपादकीय

# भरोसे लायक नहीं चीन

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन अपनी उपस्थिति और ताकत लगातार बढ़ा रहा है। भारत, उसके सहयोगियों और चीन के बीच नौसैनिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है। नवंबर में एक पनडुब्बी सहित पांच चीनी नौसैनिक जहाजों ने पाकिस्तान के तट पर संयुक्त अभ्यास में भाग लिया था। दिसंबर के मध्य में एक भारतीय नौसैनिक जहाज ने फिलीपींस नौसेना के साथ अभ्यास में भाग लिया। फिलीपींस का दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ नियमित गतिरोध चल रहा है। इस बीच चीन के एक अनुसंधान जहाज के मालदीव में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यह जहाज अगले चार महीनों तक अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में रह सकता है। ऐसा माना जाता है कि अनुसंधान जहाज पानी के नीचे की संरचनाओं का मानचित्रण कर रहा है और महासागरों के इस हिस्से में भारतीय नौसैनिक गतिविधि पर भी नजर रख रहा है। ध्यान रहे चीन का विशेष जहाज, जियांग यांग होंग 3 भारत के आसपास के जल क्षेत्र में पहले भी दो लंबी यात्राएं कर चुका है। ऐसे जहाजों का प्राथमिक उद्देश्य निश्चित रूप से सैन्य लक्ष्यों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब भारत पहले से ही मालदीव में राजनयिक विरोधाभासों का सामना कर रहा है, चीन की यह कार्रवाई चिंता पैदा करती है। कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्रों पर उठे सवाल के बाद मुस्लिम बहुल देश मालदीव को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में है। पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कंपाला में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में अपने मालदीव समकक्ष मूसा ज़मीर के साथ बातचीत की थी। कहा जाता है कि ज़मीर ने मालदीव की मांग दोहराई कि भारत को अपने 87 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि इसकी संभावना कम ही है कि भारत इस तरह की वापसी के लिए तैयार होगा।

गौरतलब है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 10 जनवरी को बीजिंग में एक स्वागत समारोह में शामिल हुए। इसके बाद मुइज़्ज़ू ने बयान दिया कि हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है। उसका इशारा भारत की ओर था। यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिए कभी भी खतरा नहीं बन सकता परंतु चीन नजदीकी जताकर उसे भारत से उलझने के लिए उकसा रहा है। भारत के पड़ोसी छोटे देशों को चीन आर्थिक मदद के जरिये प्रभावित करता है। चीन का किसी भी देश में अपना दखल व उपस्थिति बढ़ाने का यह चिर-परिचित व आजमाया हुआ नुस्खा है। भारत को इससे सतर्क रहना होगा।

# पिछड़े-वंचितों की सशक्त आवाज थे जननायक कर्पूरी ठाकुर



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

> जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं।

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!

कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।



100 वीं जंयती पर

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।

प्रजातंत्र, बहस और डिस्कसन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्य योजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देश भर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।

पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

## प्रसंगवश

# राजधर्म पालन का सही उदाहरण

रामो विग्रहवान् धर्मस्साधुस्सत्यपराक्रमः। राजा सर्वस्य लोकस्य देवानां मघवानिव।। (रामायण, अरण्य कांड, सर्ग-37, श्लोक-13) अर्थात राम मूर्तिमान धर्म हैं, वे बड़े साधु व सत्य पराक्रमी हैं। राम समस्त लोक के राजा हैं जैसे देवताओं के राजा इंद्र हैं। मेरे मत में, राम हमारे पूर्वज हैं जिनमें परम ब्रह्म परमात्मा का प्राकट्य बहुत उच्च अंश तक था। राम ने मर्यादाओं का पालन करते हुए, पुरानी अस्वस्थ मर्यादाओं के स्थान पर नई स्वस्थ मर्यादाएं स्थापित की। राम का आचरण उदाहरणीय है एवं उनके उपदेश अनुसरणीय हैं। राम का अनुकरण नहीं, अनुसरण करना श्रेयस्कर है। राम नाम, राम महापुरुष से प्राचीन है। गुरु वशिष्ठ ने सोच-समझकर उस अद्भुत गुण-संपन्न बालक का नाम 'राम' रखा था जो आगे चलकर राजा राम हुआ एवं भारत ही नहीं, समस्त मानव समाज का मार्ग दर्शक बना।



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

राम ने पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, सभ्य, शिष्ट एवं विनम्रता के प्रति मनुष्य के कर्तव्य एवं दायित्व के मानदंड स्थापित किए। राम ने पुत्र, पति, योद्धा, राजा एवं सामान्य मनुष्य के समक्ष कर्तव्य पथ पर प्रायः आने वाली दुविधाओं का अनुसरणीय हल प्रस्तुत किया। राम ने उपस्थित दुविधा अर्थात् द्वंद्व का निवारण त्याग से किया। जब भी ऐसा द्वंद्व आया कि दो विकल्प में से कौन-सा मार्ग चुनें, तो राम ने आत्म-त्याग वाले रास्ते को चुना। यह सूत्र हमेशा मानव-कल्याण का पथ प्रदर्शक रहेगा। यही सूत्र हमारे हुक्मरान -प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं अन्य समस्त शक्ति संपन्न व्यक्तियों तथा संस्थाओं के लिए सही मार्गदर्शन कर सकता है। हमेशा अपने को सही समझना और अपनी बात पर अड़े रहना एवं तुच्छ राज-हठ है। यह कल्याणकारी मार्ग नहीं है।

एक तरफ अपना निर्णय और दूसरी तरफ लोक-आकांक्षा हो और दोनों सही लगें, तब आत्म-त्याग सी सही रास्ता दिखाएगा। राम द्वारा राज-धर्म पालन के लिए प्रस्तुत यही सही उदाहरण है।

# रामलला से रामराज तक



अमित तिवारी
लखनऊ

> रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है।

रामलला के मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो गई। रामलला पूर्णरूप से विराजमान हो गए। पूरे देश में हर्षोल्लास था। चारों ओर जगमग वातावरण, जिधर दृष्टि डालो उधर ही राम नाम का ध्वज, जिधर सुनो उधर ही राम नाम का भजन, घरों और मंदिरों में कीर्तन। घर-घर में दिए जलाए गए, तरह तरह के व्यंजन बने, पकवान बने। भारतीय समाज को एक नया त्यौहार मिल गया। हर वर्ष अब इस तिथि को वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा ऐसी संभावना है। कोई आसमान से देखता तो कहता जनवरी में दीवाली मनाई जा रही है।

राम आस्था हैं, राम भारत की संस्कृति के आधार हैं, सभ्यता के सूचक हैं, राम गृहस्थों के भी'राम' हैं और साधु संतों के भी' राम' हैं। राम का नाम लेते ही जैसे ह्रदय शीतल हो जाता है। राम के आने से राम जैसा राज भी आएगा ऐसी मान्यता है। राम के आने से सबके जीवन में सुकून और प्रेम आएगा ऐसा कहा जा रहा है और आएगा रामराज भी...

रामराज आए इसके लिए यह भी जानना आवश्यक है कि आज के समय में रामराज कैसा होना चाहिए? रामराज की परिकल्पना तब जब विश्व संस्कृतियां, विश्व सभ्यताएं, विश्व भाषाएं आपस में हिल मिल गई हैं। रामराज की परिकल्पना इन्टरनेट और फिर आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के परिवेश में कैसी होनी चाहिए? रामराज की परिकल्पना जब देश, लोकतंत्र और तरह-तरह को राजनीतिक दल, तरह-तरह के मुद्दे, तरह तरह के विचार, तरह-तरह के संप्रदाय, धर्म से फल-फूल रहा हो और जिसमें रीतियों के साथ साथ कुरीतियों का भी बोलबाला हो। रामराज की परिकल्पना तभी संभव है जब समाज धर्मनिष्ठ आध्यात्मिक हो, परन्तु वह धर्म अधूरा है जहां सिर्फ मान्यताओं और परंपराओं को ही प्रथम रखा जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि वेदांत भी घर-घर में हो जिसका सही तरीके से पाठ हो और आध्यात्मिक दृष्टि का विकास हो, तब जाकर धर्म अपने पूर्ण स्वरूप में होगा। धर्म के विमर्श के इतर कुछ ऐसी चीजें भी हैं जिनपर हमें दृष्टि डालनी होगी। जैसे समाज का ढांचा और उसमें पल रही हिंसा। हिंसा का परिमापन इसलिए भी आवश्यक है कि बिना उसके आध्यात्मिक होना असंभव है, और फिर धार्मिक तो हुआ ही नहीं जा सकता, अतः रामराज की परिकल्पना भी आधी-अधूरी ही रह जाएगी।

समाज में हिंसा कई तरह से व्याप्त है। व्यक्ति जन्म के साथ ही कुछ हिंसा लेकर आता है और बाकी हिंसा यहीं समाज में सबके बीच में रहकर सीखता है। पूर्ण रूप से व्यक्ति अहिंसक हो जाए ऐसा तो लगभग असंभव है। जीने के लिए किये गए प्रयासों में बहुत से ऐसे कार्य हैं जो कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में हिंसा से जुड़े ही हैं। परन्तु जीवित रहने के लिए कहीं न कहीं से हिंसा का होना और मन की इच्छाओं या यूं कहें की लगभग सभी इच्छाओं की पूर्ति के लिए किए गए कार्यों में जो हिंसा है संभवतः उस हिंसा के बिना भी जीवन जिया जा सकता है।

क्यूंकि हिंसा सिर्फ शब्द भर नहीं एक बेहद ही खतरनाक प्रभाव भी है, उनपर जिनपर उस हिंसा को करके इच्छा की पूर्ति की गई। जितना समृद्ध हम होते गए उतनी ही हिंसा भी बढ़ती गई। आज के समय में हो रही ऐसी हिंसा का प्रभाव व्यापक है। आज भारत देश ही जोकि शाकाहार का अग्रज रहा है विश्व भर में, वहीँ सत्तर प्रतिशत से अधिक जनसंख्या मांसाहारी है।

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है। महिलाओं के लिए, गरीब पिछड़ों के लिए, ट्रांसजेंडर और समलैंगिकों के लिए वैसे ही अब समय आ गया है जब अधिकार तय हो पशुओं, पक्षियों, जानवरों के लिए भी।

## सोशल फोरम

# राम नायक रहे हैं

पुरूषोत्तम राम के चरित्र का समग्र रूप से आकलन नहीं किया जा सकता, वो प्रजा के लिए कैसे थे स्त्री के लिए कैसे थे इन बातों पर हमारे विचार कुछ किताबों के आधार पर ही होते हैं। जबकि रामायण हजारों के ऊपर है हम लोगों के लिए वाल्मीकि की रामायण या तुलसीदास की रामचरितमानस ही प्रमुख है जैसे दक्षिण में कम्बन की रामायण 'इरामावतरम' बहुत विख्यात है। यहां तो उड़िया तेलगु वगैरह में तो है ही बाहरी दुनिया मलेशिया, इंडोनेशिया, जापान, बर्मा, चीन, नेपाल, तिब्बत थाईलैंड जैसे बहुत से देशों में अलग-अलग तरह से हैं। दिलचस्प बात है शेख़ सादी ने भी लिखा है।



फ़ायक अतीक किदवई
लखनऊ

भारत में 70 से ज़्यादा रामायण हैं लगभग सबमें थोड़ा-थोड़ा फ़र्क है। ईसा से पहले की बौद्ध जातक कथाओं जैसे दशरथ जातक कथा, बुद्धचरित के राम अलग है, कहते हैं कि बुद्ध ने अपने शिष्यों को रामकथा सुनाई थी, इसमें राम बहुत ज्ञानी संयमी और उच्च चरित्र के हैं आप इसमें उनपर स्त्रीविरोधी, शूद्रविरोधी जैसे आरोप नही लगा सकते, किंतु इसमें "सीता" उनकी पत्नी नही बल्कि बहन है ऐसे ही जैन रामायण (पौमाचरिता) में रावण को जैन बताया गया है, और उनकी हत्या लक्ष्मण करते हैं। ऐसे ही दक्षिण की रामायण में राम की बहन शांता के बारे में है और वहां भी रावण का चरित्र ऊंचा है। राम को सूरज भगवान रॉ का अवतार माना जाता है, वही सूर्यवंशी भगवान सूरज रॉ जिनका मिश्र में 5000 साल पुराना सूर्य मंदिर करनाक( कर्णाक) है सीधे तौर पर कहें तो भले हमारे पास पुरातात्विक सुबूत न हो, पर किसी व्यक्ति के बारे में इतनी जगह ज़िक्र हो तो उसके अस्तित्व पर तो प्रश्न नही उठा सकते।। राम किसके थे, राम कैसे थे, राम कहां पैदा हुए, इस पर विवाद हो सकता है पर ये मानना पड़ेगा कि "राम" नायक रहें हैं और जिनके बारे में इतना अलग अलग तरह से लिखा गया तो उनके मानने वाले को भी समग्रता से सोचना होगा। जैसे अलग-अलग किताबो, मान्यताओं से राम के अलग अलग चरित्र को देखते हैं वैसे ही उन्हें समझना होगा कि राम सबके हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अयोध्याः इतिहास के धूमिल होते पृष्ठ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

> जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर, 1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे।

अयोध्या में राम मंदिर में रामलला का नवीन श्रीविग्रह स्थापित होकर प्राण प्रतिष्ठित हो गया। यह ऐतिहासिक दिन था, हालांकि एक ओर जहां इतिहास सृजित हो रहा था, वहीं दूसरी ओर इतिहास के कुछ स्वर्णिम पृष्ठ धूमिल हो रहे थे। यह दिन एक दिन के श्रम, त्याग और बलिदान की परिणति नहीं थी, बल्कि इसका एक लंबा इतिहास है। प्रायःलोगों को ध्वज का वस्त्र तो फहराता हुआ दिखता है, किंतु उस दंड (डंडे) को महत्व नहीं दिया जाता, जिसकी बदौलत वह पताका फहरा रही है। शेक्सपियर ने अपने नाटक 'जूलियस सीज़र' में कहा है कि 'छत पर पहुंच जाने पर प्रायः लोग उन सीढ़ियों की तरफ पलट कर नहीं देखते, जिन पर से होकर वे छत पर पहुंचने में समर्थ होते हैं। ऐसा ही कुछ राम मंदिर प्रकरण में घटित हुआ है। आइये स्मरण करें। पहले यहां मस्जिद बनी थी और उसी में रामलला विराजमान थे, जिसमें ताला लगा था। दर्शन बाहर से ही हो जाते थे। स्थानीय वकील उमेशचंद्र पाण्डेय, जो पत्रकार भी थे, ने इस प्रकरण को लेकर ताला खुलवाने हेतु मुंसिफ सदर के न्यायालय में एक याचिका 1 जनवरी,1986 को दायर की, जो खारिज हो गई। तब उन्होंने जिला जज फैजाबाद कृष्णमोहन पाण्डेय के न्यायालय में 28 जनवरी को अपील दाखिल की। जज साहब ने इसे सुना और 1 फरवरी को ताला खुलवाने का फैसला दे दिया। उन्होंने डीएम और एसपी को भी तलब किया था। तत्काल ताला खुल गया। इसके एक सप्ताह के अंदर ही स्थानीय हाशिम अंसारी ने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी। वर्तमान प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिवक्ता उमेश चंद्र पांडेय को आमंत्रित नहीं किया गया, हालांकि हाशिम अंसारी के बेटे को निमंत्रित किया गया। बताते चलें कि हाशिम की मृत्यु हो चुकी है। इसके पश्चात् उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में लंबी लड़ाई चली, जिसमें रामलला के सखा बनकर छपरा(बलिया) के त्रिलोकीनाथ पांडेय ने आजीवन संघर्ष किया। उनका तो निधन हो चुका है, किंतु उनकी पत्नी व पुत्र विद्यमान हैं, जिन्हें मांगने पर भी इस समारोह का निमंत्रण नहीं मिला, जबकि फिल्मी अभिनेता और रुपहले पर्दे की सुंदरियां सादर आमंत्रित की गईं।

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे। इस दौरान, प्रतिबंध के बाद भी कार सेवा हुई। उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायमसिंह यादव ने कारसेवकों पर 30 अक्टूबर व 2 नवंबर को गोलियां चलवाईं, जिसमें लगभग तीन दर्जन कार सेवकों की मृत्यु हुई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किसी भी बहाने आडवाणी जी को दूर रखा गया, लेकिन मुलायम पुत्र अखिलेश को न्यौता भेजा गया। मालूम हो की मोदी सरकार ने मुलायम सिंह को मरणोपरांत 'पद्मविभूषण' अलंकरण से भी नवाज़ा है। अंततः 6 दिसंबर '1992 को जन समुद्र ने मस्जिद ध्वस्त कर दी। तत्समय आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी, उमा भारती आदि सब अयोध्या में ही थे। प्रदेश में कल्याणसिंह की सरकार थी। यदि वे भी मुलायमसिंह की तरह गोली चलवाते, तो मस्जिद ध्वस्त नहीं हो सकती थी, और तब मंदिर बनता कैसे? उनकी सरकार केंद्र ने बर्खास्त कर दी। उन्होंने सरकार तो गंवाई किंतु मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। तब नरेंद्र मोदी को कोई नहीं जानता था। 2019 में इस यहां नरेंद्रमोदी द्वारा किए गए भूमि पूजन कार्यक्रम में ये महानायक दूर रक्खे गए, तब वे जीवित थे। 22 जनवरी वाले सद्यः सम्पन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समय कल्याणसिंह तो स्वर्गवासी हो चुके हैं, किंतु उनके सांसद बेटे राजवीरसिंह तो आमंत्रित किए जा सकते थे। मोदी को अपने संबोधन में कृष्णमोहन पांडेय जज को भी स्मरण करना चाहिए था। जनता की याददाश्त कमजोर मानी गई है। सोचा याद दिला दें और विस्मृत होती इन पावन आधार शिलाओं का सादर स्मरण कर लें।

# पहचान भाषा से नहीं मनुष्यत्व से बनाएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

हिंदी समाज भाषा के दुर्बलवीरों से भरा पड़ा है। कहने को वे ढेरों किताबें लिखते हैं, ढेरों किताबें पढ़ते हैं,यहां तक कि किताबों को निगलते रहते हैं, लेकिन मानसिक शक्ति परिपक्व नहीं होती। हमारे लेखक आधुनिक विषय को गहराई में जाकर पकड़ नहीं पाते। प्रयोजनमूलक भाषा और सरकारी भाषा से हमारी मानसिक पाचन-शक्ति का ह्रास हुआ है।

हमारा शरीर साढ़े तीन हाथ के फासले में सीमित है, लेकिन हम उसके लिए साढ़े तीन हाथ का घर नहीं बनाते, बल्कि बड़ा घर बनाते हैं। उसी तरह भाषा और शिक्षा के प्रति भी हमारा नजरिया बड़ा होना चाहिए। हमें हर चीज को उपयोगिता के आधार पर ही तय नहीं करना चाहिए। जीवन के लिए उपयोगी से ज्यादा अनुपयोगी चीजों की जरूरत होती है, सारे समाज के विकास का यही नियम है, हमने अपने बच्चों को उपयोगितावादी बना दिया। हिंदी से लेकर अन्य भाषा के लोग उपयोगितावादी ढ़ंग से पठन-पाठन करते हैं, इससे न तो व्यक्ति का विकास होता है और न समाज का विकास होता है। मेरे लिए उपयोग के लिए हिंदी ही काफी है लेकिन समाज के लिए तो मुझे दुनिया की सभी भाषाओं की जरूरत है, मुझे सभी भाषाओं के प्रति सम्मान, समानता और शिष्ट आचरण करना होगा। मुश्किल यहीं पर है,हमारे हिंदी के अनेक शिक्षकगण हिंदी के नशे में चूर हैं और वे कुछ भी देखने, सुनने, समझने के लिए तैयार नहीं हैं।

साधारण सी बात है आप हिंदी की वकालत करते हैं लेकिन हस्ताक्षर हिंदी में नहीं कर पाते, हिंदी से कंप्यूटर पर लिख नहीं पाते, इस पर आपने कभी ख्याल किया, आप यदि सच में भाषा को आदत में रूपांतरित कर लेते हैं तो यह मुश्किल नहीं आएगी, हम सबकी मुश्किल यह है कि हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं उसको आचरण, जीवनशैली और भाव जगत के साथ एकमेक नहीं कर पाए हैं, इसीलिए आए दिन भाषा का शोर मचाते रहते हैं। भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत में शिक्षितों की शिक्षा और भाषा का जीवन से कोई संबंध नहीं है। यह स्थिति कमोबेश सभी भाषाओं की है। हमारी भाषा और शिक्षा हमारे समाज में मौजूद ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता को नष्ट नहीं कर पाई है। बल्कि यह देखा गया है कि हम सबमें ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता के खिलाफ बोलने-लिखने और आचरण करने की इच्छा ही नहीं है। भाषाई उन्माद ग्राम्य-बर्बरता का भाषिक रूप है, जिसे हम कभी खुलकर चुनौती नहीं देना चाहते। शिक्षित होकर कायदे से अपनी भाषा से प्रेम गाढ़ा होना चाहिए लेकिन हुआ एकदम उल्टा,शिक्षित होकर हम अपनी भाषा से कटते चले गए। फलतःसमाज में मनुष्यत्व और सभ्यता का विकास नहीं कर पाए।

## एक नजर

### 3.9 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तामपान

**नगीना, अमृत विचार :** पहाड़ी क्षेत्रों पर शीत लहर के चलते जनपद का न्यूनतम तापमान 3 .9 डिग्री सेल्सियस तथा आद्रता 92 प्रतिशत रही। अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तथा आद्रता 60 प्रतिशत दर्ज की गई। सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने के कारण जनमानस प्रभावित हुआ। स्कूलों के खुलने पर कड़ाके की सर्दी में अभिभावकों ने बच्चों को नहीं भेजा। इसके कारण स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या बेहद कम रही। मंगलवार को भी पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुआ। अभिभावकों का कहना है की मौसम में अभी कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। जिला प्रशासन को बच्चों के प्रति संवेदनशील होते हुए अवकाश की अवधि बढ़ानी चाहिए। कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में शीत लहर के चलते अभी मौसम खराब रहने तथा सुबह के समय कोहरा छाए रहने की संभावनाएं अधिक हैं। मौसम में आद्रता बढ़ी हुई है।

# जिले में पर्यटन की विशेष संभावनाएं : डीएम

## जिलाधिकारी ने की पर्यटन विभाग की प्रस्तावित व क्रियान्वित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जिले में संचालित पर्यटन विभाग की प्रस्तावित एवं क्रियान्वित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने पर्यटन विभाग की अधिकारी द्वारा पूर्व में पर्यटन विभाग से संबंधित बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई। पर्यटन अधिकारी को सप्ताह में एक दिन जिला मुख्यालय पर बैठने के निर्देश दिए।

उन्होंने विदुर कुटी स्थल पर संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि यहां गंगा घाट के निमार्ण कार्य की परियोजना मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है। उन्होंने सिंचाई एवं पर्यटन विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजनौर पौराणिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिला है। इसमें पर्यटन के लिए विशेष संभावनाएं हैं। प्रशासन द्वारा जिले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास को और अधिक गति दी जाएगी। इसी क्रम में कण्व आश्रम, विदुर कुटी, गंगा बैराज, पीली डेम सहित ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों को विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग की राज्य सेक्टर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना, प्रस्तावित राज्य योजना, ईको टूरिज्म के अन्तर्गत प्रस्तावित योजनाओं पर गहनता से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी वीपी सिंह, पर्यटन अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोनिवि, जिला अर्थ संख्या अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### बुक्सा जनजाति के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति ( शासी निकाय ) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने एमओआईसी को जिले के आकांक्षिक ब्लॉकों के अंतर्गत चिन्हित गांव में रहने वाले बुक्सा जनजाति के लोगों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी से पूर्व सभी पात्र बुक्सा परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 30 जनवरी से पूर्व पुनरीक्षण बैठक करने के निर्देश दिए। कहा कि बुक्सा जाति बाहुल्य ग्रामों में कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसवों में कमी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एमओआईसी को संस्थागत प्रसव एवं नसबंदी नहीं कराने वाली आशाओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी आशाओं के कार्यो में सुधार लाने के लिए उनकी ग्रेडिंग की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने संस्थागत प्रसव में सुधार लाने को कहा ताकि जनता में सरकारी अस्पतालों के प्रति विश्वास पैदा हो सके। उन्होंने आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी की कम प्रगति पर संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने तथा आरसीएच पोर्टल में महिलाओं व बच्चों के रजिस्ट्रेशन के प्रतिशत पर ध्यान देने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा . विजय कुमार गोयल के अलावा सभी उप मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### मौसेरी बहन से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**नहटौर, अमृत विचार :** नशीला पदार्थ पिलाकर मौसेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने चांदपुर चुंगी के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। नहटौर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि गांव सदरूद्दीन नगर में उसका मौसेरा भाई एजाज रहता है। उसने महिला से 20,000 रुपए उधार लिए थे। वह अपने पैसे मांगने के लिए उसके घर गई थी। एजाज ने अपनी पत्नी की मदद से चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। बेहोश होने के बाद उसके साथ एजाज दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना ली। इसके बाद उसे ब्लैकमेल करते हुए पांच लाख रुपए व पांच तोले सोने के जेवरात भी ले लिए। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद एजाज को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### जन्मतिथि में हेराफेरी कर कार्यकाल बढ़ाने में लिपिक बर्खास्त

**नहटौर, अमृत विचार :** जन्मतिथि में हेराफेरी के आरोप में जांच के बाद पालिका अध्यक्ष अनस इकरार उर्फ हुमा जैद ने लिपिक मसूद अहमद को बर्खास्त कर दिया। सेवानिवृत्ति के बाद वेतन भत्तों की रिकवरी होगी। नगर पालिका परिषद में तैनात लिपिक मसूद अहमद पर जन्मतिथि में हेराफेरी कर आठ वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने आदि का आरोप लगा था। नियुक्ति के समय उसकी जन्म तिथि 25 मई 1957 थी। बाद में इसे 25 मई 1965 कर दिया गया। लोकायुक्त के आदेश पर मामले की जांच हुई थी। इसमें छह माह पूर्व लिपिक को निलंबित कर दिया गया था। चेयरमैन अनस इकरार ने 5 जुलाई 2023 को लिपिक मसूद अहमद पर लगे आरोपों की जांच के अधिशासी अधिकारी को आदेश दिए थे। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि चेयरमैन ने कार्रवाई की गई।

### भाकियू ने की मंडावर थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग

**बिजनौर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर थाना इंचार्ज मंडावर पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए निलंबित करने की मांग की है। यूनियन के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में कहा है कि यशपाल उर्फ जस्सू ग्राम कुंवरपुर चतुर्भुज के प्रधान का ससुर है तथा यूनियन का तहसील प्रभारी है। प्रधान का ससुर होने के नाते वह उनके कार्यों की देखभाल भी करता है। वर्तमान में गांव में सीसी रोड का कार्य चल रहा है। 14 जनवरी को सीसी रोड के लिए मिट्टी लेने ट्रैक्टर-ट्राली भेजी थी। मिट्टी लेकर आ रही ट्रैक्टर ट्राली को मंडावर थाना प्रभारी ने रोक लिया। सूचना मिलने पर जसपाल ने थाना प्रभारी को अपना परिचय दिया और बताया कि किस कार्य के लिए मिट्टी ले जा रहे हैं। इसके बावजूद थाना प्रभारी ने उनका गिरेहबान पकड़ लिया और झूठे केस में बंद करने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद किसान नेता वीरेंद्र गुर्जर ने कहा कि अगर पुलिस अधीक्षक ने मंडावर थाना प्रभारी को निलंबित नहीं किया तो वह धरना प्रदर्शन और अनशन करने को मजबूर होंगे।

### अकरम के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**धामपुर, अमृत विचार :** गांव बगदाद अंसार में अकरम की हत्या के मामले में दो हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव बगदाद अंसार में 17 जनवरी को अकरम की गांव के एक भूखंड में हत्या कर दी गई थी। हत्या में शामिल गांव के ही अनीस व फरहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडे भी बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों का चालान कर दिया है। ज्ञात रहे कि इस इस हत्याकांड में शामिल शाहरुख व जमशेद तथा उन्हें शरण देने वाले बढ़ापुर के मुहल्ला सत्यान निवासी असलम व अमजद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### नशीले पदार्थ का सेवन करने में दो सिपाही निलंबित

**बिजनौर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने पुलिस लाइन में तैनात दो सिपाहियों को नशीले पदार्थ का सेवन कर अन्य सिपाहियों को परेशान करने के आरोप में निलंबित कर दिया। पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल करन सिंह व सोमेंद्र प्रताप पर अन्य पुलिसकर्मियों ने नशीले पदार्थ का सेवन कर उन्हें परेशान करने का आरोप लगाया था। शिकायत के बाद दोनों सिपाहियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। उसमें एल्कोहल की पुष्टि हुई। इस पर एसपी ने दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

# खेत में मिला गुलदार का शव, दहशत

संवाददाता, बिजनौर



गुलदार के शव की जांच करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद के स्योहारा क्षेत्र में एक गुलदार का शव पड़ा मिला। वन विभाग की टीम ने गुलदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया ठंड की वजह गुलदार की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

मंगलवार को गांव पालनपुर में किसान बलवीर सिंह के खेत में गुलदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही तमाम ग्रामीण गुलदार को देखने के लिए मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान के पति दीपक को दी। इसके बाद प्रधान के पति ने पुलिस व वन विभाग को मामले से अवगत कराया। वन विभाग के रेंजर गोविंद राम गंगवार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुलदार के शव को कब्जे में लिया। उधर जंगल में गुलदार का शव मिलने पर किसान चिंतित हैं। ग्रामीणों ने पिंजरा लगवाने की मांग की है।

### कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मिला हाथी का शव

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज के लालूपूरा बासीटिला में वनकर्मियों को गश्त के दौरान हाथी का शव मिला। उपप्रभागीय वन अधिकारी ( एसडीओ ) शालिनी जोशी का कहना है कि हाथी के पैर में चोट लगी थी। इस वजह से वह चल नहीं पा रहा था। इसके चलते वह बीमार हो गया था और उसकी मौत हो गई। वहीं हाथी के शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर दुष्यंत का कहना है कि हाथी की मृत्यु पर अभी संशय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना संभव होगा। फिलहाल हाथी के अंगों को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रथम दृष्टया यही माना जा रहा है कि पैर में चोट लगने के कारण हुए इंफेक्शन से उसकी मौत हुई है। हाथी के सभी अंग सुरक्षित हैं। उसकी उम्र लगभग 35 साल थी।

## मारपीट में पिता-पुत्र समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने ताऊ पर गंभीर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के ग्राम भोगपुर निवासी संदीप कुमार ने अपने ताऊ देशराज सिंह व उनके दो बेटों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया गया कि वह रामगंगा नदी पुल पर चाट-पकौड़ी का ठेला लगाता है। 22 जनवरी को ताऊ ठेले पर आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट पर उतारू हो गए।

पीड़ित ने अपने पिता को बुलारकर सारी बात बताई। इसके बाद दोनों ठेला लेकर वहां से चल दिए। आरोप है कि ताऊ देशराज व उनके दो बेटों राहुल तथा सुरेंद्र ने सरिया मार कर उसके पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने घायल का नगीना सीएचसी में मेडिकल कराया। संदीप कुमार की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मुरादाबाद के व्यवसायी की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, नूरपुर

**दुर्घटना**

- अनियंत्रित ट्रक ने कार को कारी टक्कर, बहन-पत्नी व सलहज की हालत गंभीर
- चाचा के अंतिम संस्कार से लौटते समय हुआ हादसा परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** गांव हसुपुरा में अनियंत्रित ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इसमें कार सवार युवक की मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक अपने चाचा के अंतिम संस्कार से पत्नी, बहन व सलहज के साथ घर लौट रहा था। पुलिस ने घायल महिलाओं को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

मुरादाबाद की लोकोशेड कोलोनी निवासी मोहनलाल (55) अपने परिवार सहित नूरपुर में अपने चाचा के अंतिम संस्कार में आया था। अंतिम संस्कार से लौटते समय गांव हसुपुरा के निकट अनियंत्रित ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इसमें उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार चालक मोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी स्नेहलता, बहन बाला व सलहज रजनी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि मृतक मोहनलाल मूल रूप से नूरपुर के मुहल्ला ब्रह्मपुरी का निवासी था। वह काफी समय से मुरादाबाद की लोकोशेड कालोनी में रहकर व्यवसाय करता था।

## मुरादाबाद देहात

# बैलगाड़ी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, जीजा घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



गांव मुनीमपुर में युवक की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सुरजननगर चौकी क्षेत्र में सोमवार की रात बालू से लदी बैलगाड़ी में बाइक की टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका बहनोई घायल हो गया। युवक अपने बहनोई को उसके घर छोड़ने जा रहा था।

थाना क्षेत्र के गांव मुनीमपुर निवासी देवराज सैनी जनपद बिजनौर के गॉव नहटौर निवासी अपने जीजा सचिन सैनी को उसके गांव छोड़ने जा रहा था। घने कोहरे के कारण बेरखेडा गांव के निकट बालू लदी बैलगाड़ी से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार सडक पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलो को निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाते समय 30 वर्षीय देवराज सैनी की मौत हो गई। जबकि उसके बहनोई सचिन सैनी की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

परिजनों ने बताया कि देवराज अपनी पत्नी सुरक्षा सैनी के साथ सोमवार की शाम अपनी फुफेरी बहन की शादी में शामिल होकर आया था। तभी सचिन सैनी ने देवराज से नहटौर जाने की बात कही। इस पर सचिन उसे छोड़ने के लिए चल दिया। रास्ते में वेरखेड़ा गॉव के निकट हादसा हो गया। देवराज की मौत की सूचना पर पत्नी सुरक्षा सैनी, माता दुलारी देवी, बहन सुशीला, सर्वेश व सुनीता का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### जंगल में मिला छह दिन से लापता बच्चे का शव



**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में छह दिन से लापता सात वर्षीय बालक का शव जंगल में पड़ा मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसपी देहात ने घटनास्थल का दौरा कर मृतक बालक के परिजनों से जानकारी ली और ऊमरी कलां चौकी इंचार्ज को हत्या का खुलासा करने के निर्देश दिए। ऊमरी कलां के मुहल्ला नसीराबाद निवासी इदरीश की दूसरी पत्नी अंजुम का सात वर्षीय पुत्र हसन 18 जनवरी की सुबह घर से खेलने के लिए निकला था। दोपहर तक जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों आसपास तलाश की, परंतु उसका कहीं पता नहीं चला। इदरीश ने 19 जनवरी को ऊमरी कलां चौकी प्रभारी को बालक के लापता होने की सूचना दी। मंगलवार की सुबह ग्राम दाढ़ी महमूदपुर के जंगल में नर्सरी के पास एक व्यक्ति ने बालक का शव पड़ा देख ऊमरी कलां चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बालक के परिजनों को जानकारी दी। उन्होंने शव की पहचान हसन के रूप में की। एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने मौका मुआयना किया। इसके बाद मृतक की मां अंजुम से घटना के बारे में जानकारी ली। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजन नगर जयनगर में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। प्राचार्य डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

कहा कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं भी सुरक्षित रह सकते हैं और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ही वाहन चलाने की अपील की। कहा कि दोपहिया वाहन पर हेलमेट का उपयोग करें। निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं। दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठकर न चलाएं। इससे सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसमें डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. संजय सिंह, प्रभारी डॉ. देवेंद्र प्रकाश, डॉ. अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समाजसेवी।

### बच्चों को दी नेताजी के आदर्शों पर चलने की सीख

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर में स्वतंत्र सुभाष संघ के अध्यक्ष प्रदीप डेजी और लाल मखदूम मगधु शरण सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक अनंत कुमार अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में विद्यालय परिसर की सुभाष वाटिका में स्थापित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर विद्यालय के पदाधिकारियों, सदस्यों, प्रधानाचार्य, अध्यापकों व नगर के संभ्रांत लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। इसके बाद लाल मगधु शरण सरस्वती विद्या मंदिर, साहू छजमल दास सरस्वती के सैकड़ों बच्चों ने बैंड की धुन पर देशभक्ति तराने के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए शोभा यात्रा पद दर्शन के रूप में निकाली। इमें नेता जी सुभाष चंद्र बोस के रूप में घोड़े पर विराजमान विद्यालय का छात्र कार्तिक आकर्षण का केंद्र रहा। उधर वालिया ग्लोबल एकेडमी में सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। प्रबंधक कमलकांत वालिया व रमाकांत वालिया, प्रधानाचार्य श्याम प्रकाश तिवारी सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने नेताजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देश की आजादी में उनकी भूमिका को याद किया।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** महाकाल भक्त मंडल ने मंडल के संस्थापक अभिनव अग्रवाल के मुहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर के पास स्थित आवास पर भगवान राम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया। राम दरबार सजाकर श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। पूजा अर्चना पंडित भोला शंकर शास्त्री ने कराई। इसमें राजू पंजाबी, विक्रांत, लव कुश एवं आकाश भटनागर ने देवी-देवताओं का गुणगान किया। भगवान राम, पवन पुत्र हनुमान एवं हर हर महादेव के जय घोष लगाए गए। इस अवसर पर सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, देवेंद्र प्रजापति, हर्ष शर्मा, हनी, तुषार अग्रवाल, पुलकित, उदित शर्मा, राजा आदि रहे।

### पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा संघर्ष

**बिजनौर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य कोषागार कर्मचारी संघ की 25 जनवरी को अटेवा के प्रांतीय आह्वान पर आयोजित पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर पेंशन मार्च जिला अध्यक्ष महेर सिंह की अध्यक्षता एवं भंडार पाल के जिलाध्यक्ष शिवकुमार के संचालन में बैठक हुई। अटेवा के उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रराज सिंह ने कहा कि आंदोलन की बदौलत आज सरकार नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत तरह-तरह के संशोधन करने का कार्य कर रही है। यह संगठन को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है। देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांग हू-ब-हू पुरानी पेंशन है। इसे सरकार को समझना होगा। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। 25 जनवरी को पेंशन मार्च के द्वारा सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जाएगी। भंडार पाल के जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे का सहारा है। इस अवसर पर विपिन कुमार, बलबीर सिंह, अशोक कुमार, आकाश कुमार, शुभम, गौरव कुमार, जागेश कुमार, असमा बानो, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# पूर्व की सरकारों ने मुसलमानों का वोटों के लिए किया इस्तेमाल : कुंवर बासित

संवाददाता, कुंदरकी




कार्यक्रम में बोलते कुंवर दानिश अली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने पिछली सरकारों पर निशाना साधा। कहा कि पूर्व की सरकारों ने मुस्लिम समाज को काफी ठगा। केवल वोट लिए उनका इस्तेमाल किया।

जबकि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ सर्व समाज को पहुंचा रही है। ग्राम पंचायत डींगरपुर तथा असदपुर मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कुंवर बासित अली ने कहा कि पूर्व की सरकारों में मुस्लिम समाज का केवल वोट के लिए प्रयोग किया। जब से भाजपा सरकार आई है, सबसे ज्यादा योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को मिल रहा हैं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संभल अनामिका यादव ने कहा कि भाजपा सरकार मे महिलाओ का सम्मान बढ़ा है। कार्यक्रम में उर्दू अकादमी सदस्य उत्तर प्रदेश सरकार जहीर अहमद, खंड विकास अधिकारी कुंदरकी भवानी प्रसाद शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख के पति गुलाम जिलानी, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सभंल दानिश पाशा, नक्शे अली, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, ग्राम सचिव गौरव कुमार आदि मौजूदरहे।

## विहिप व बजरंगदल ने निकाली शोभायात्रा

**छजलैट, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं ग्रामीणों द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम छज्जूपुरा दोयम में श्री राम शोभायात्रा निकाली गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व हिन्दू समाज ने मिलकर ग्राम छज्जूपुरा दोयम में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। जिला परियोजना प्रमुख राहुल बजरंगी, प्रखंड सह गो रक्षा प्रमुख मनोज बजरंगी, अरुण सैनी, ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह, देवेन्द्र बजरंगी, डॉ. विपिन सैनी, कमलवीर सैनी, होरी लाल सिंह, भोपाल सिंह जितेंद्र सिंह, अमित आदि शामिल रहे।



शोभायात्रा में शामिल झांकी व श्रद्धालु।



कोतवाली प्रभारी को रामायण भेंट करते आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सहदेव वाल्मीकि।

# सुंदरकांड का पाठ कर जलाए दीये

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** मुहल्ला कोरियान स्थित वाल्मीकि मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुंदरकांड का पाठ, विशेष आरती और शाम को दीप जलाए गए।

अतिथि पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, कोतवाली प्रभारी आरपी सिंह ने मंदिर में माथा टेका और मिष्ठान का भोग लगाया। आयोजन समिति के राजेंद्र सहदेव, आजाद रावरत्नाकर, पार्षद संजीव वाल्मीकि, बजरंग दल के लोकेश गोस्वामी, अरुण वाल्मीकि आदि ने अतिथियों को पगड़ी बांधी और श्री रामायण जी का पवित्र ग्रंथ भेंट किया। कार्यक्रम में महंत प्रदीप कुमार, गजराम सिंह वाल्मीकि, बृजनंदन, सतपाल सिंह आदि शामिल रहे हैं। देर रात तक आतिशबाजी और दीप मालाओं के साथ दिवाली मनाई गई। उधर रायसत्ती मंदिर में भी देर रात तक भजन संध्या, सुंदरकांड का पाठ एवं विशेष आरती का आयोजन कर जय श्री राम के जयकारे लगाए गए।

# रामपथ पर मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम

## न रामभक्तों ने लांघी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा न सुरक्षाकर्मियों ने खोया धैर्य

## रामलला के विराजते ही अयोध्या धाम में साकार दिखी रामराज्य की परिकल्पना

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** आस्था और उल्लास में डूबे रामभक्तों के पग अनवरत आराध्य के दर्शन के लिए बढ़ते चले आ रहे हैं। पूरे रामपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब सरयू की लहरों की तरह उमड़ रहा है। भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों की आतुरता तो हैं लेकिन अनुशासन और संयम के साथ। कहीं कोई तारतम्य नहीं टूट रहा है, मानों सभी एक संकल्प सूत्र में बंधे हुए हो। अचंभित कर देने वाले इस अलौकिक दृश्य में मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम रामराज्य की परिकल्पना को साकार करता भी दिखा।

महादेव के दिवस सोमवार को बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुईं तो हनुमंत लला के दिन मंगलवार को भक्तों को दर्शन सुलभ होने लगे हैं। रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या धाम में पखवारे भर से डटे हैं। आतुरता केवल भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन की है। यही वजह है कि सोमवार मध्य रात्रि से ही दर्शन के लिए रामभक्तों का सैलाब रामपथ पर उमड़ पड़ा। गली विथिकाओं से भी श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। एक-दूसरे से किसी का तारतम्य टूट ही नहीं रहा है। इन सबके बीच न केवल जन्मभूमि मार्ग के समक्ष कोई हुड़दंग और न ही पूरे रामपथ पर। दोपहर 12 बजे जन्मभूमि मुख्य मार्ग के बाहर बड़ी संख्या में जुटे रामभक्त बीच-बीच में मुठ्ठी भींच जय श्री राम का उद्घोष करते रहे, लेकिन अनुशासन में बंधे रहे। यह दृश्य भोर से अनवरत देर शाम तक जारी रहा।

इसी बीच मोबाइल से वीडियो बना रहे वृंदावन से आए योगेश ने कहा कि देखिए सुरक्षा कर्मियों ने एक अंगुली तक नहीं दिखाई, किसी को धक्का तक नहीं दिया। कहा यह योगी की पुलिस है और तब दूसरे की थी। भीड़ के नियंत्रण में पुलिस का ऐसा संयम कभी नहीं देखा, रामराज्य में ही संभव है। धर्मपत्नी के साथ दिल्ली से कई दिनों पहले पहुंचे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सेवानिवृत्त प्रताप आदित्य शील ने कहा 500 नहीं 1200 वर्ष का इतिहास बदला है। आस्था से इतर गुलामी का इतिहास 22 जनवरी को मृत्यप्राय हुआ है। धर्मपत्नी इस्पिता बोलीं यह तो सर्वेक्षण के दौरान ही कहते थे राम यहीं जनमे।





रामलला के दर्शन के लिए कतारबद्ध रामभक्त।

जमीन कर बैठकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते श्रद्धालु।

### दुर्लभ दिखा संयोग : रामलला के संग हनुमंत लला के दरबार में भी उमड़ी श्रद्धा

सोमवार को राम आए तो मंगलवार को हनुमंत लला दरबार में भी श्रध्दा का सैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार हनुमंत लला के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर रामपथ तक आस्था में डूबे श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। यहां भी कोई भी श्रद्धालु अव्यवस्थित नहीं दिखा बल्कि कतार की लय अनवरत बनी रही। आस्था ऐसी की पश्चिम बंगाल से परिवार के साथ आए भवनाथ दास और परिवार की महिलाएं भक्ति पथ पर शीश नवाती रहीं। घंटों हाथों में प्रसाद और फूलमाला थामें श्रद्धालु हनुमंत लला के दर्शन के लिए अंगद की तरह पग जमाए खड़े रहे। इसी कतार में पिता के संग आई नन्हीं बालिका मस्तक पर श्रीराम रचाए बैग पर अविचलित बैठीं रहीं। बाल स्वरूप कोई नटखटापन करने के बजाए राम नाम का जाप करती दिखी। खास यह कि पूरी कतार के दायरे में एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, तब भी श्रद्धालु स्वयं से मर्यादा के आवरण में बंधे दिखे।





हनुमानगढ़ी पर भक्तिपथ पर शीश नवाते पश्चिम बंगाल के भवनाथ दास और उनका परिवार।



### महाराष्ट्र के रामभक्त बोले

### अब हर साल 22 जनवरी को भी मनाएंगे दीपावली

रामलला के दर्शनों के लिए महाराष्ट्र के अकोला से साथियों के साथ पहुंचे विक्रम खड़ते ने कहा कि मन करता है कि कलेंडर से दीपावली की तिथि मिटा कर 22 जनवरी तय कर दूं। जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी के दिन हम लोग दीपावली मनाएंगे। भारतीय इतिहास में सोमवार का दिन का सबसे स्वर्णिम दिन था। जिसे सदा याद किया जाएगा। उनके साथ सोनू मिश्र, नीरज पांडेय, राहुल कतारे इतने उल्लासित थे कि लगातार मुट्ठी भींच उद्घघोष करते रहे। बोले रामराज्य आ रहा है, अयोध्या से शुभारंभ हो गया है।

### हाथों में तिरंगा और श्रीराम पताका, होठों पर जय श्री राम

रामपथ पर दिल्ली के नवेड़ा रामलला के दर्शन के बाद आनंद में डूबे नृत्य करते मिले। एक हाथ में तिरंगा और दूसरे में श्रीराम पताका लिए नेवड़ा जमकर झूम रहे थे। पूछा तो बोले तिरंगा राष्ट्रवाद और श्रीराम पताका धर्मध्वजा है। दोनों मिले हैं और अब देश एक सूत्र में बंध गया है। बताया कि रामलला का दर्शन कर जो अनुभूति हुईं वह उल्लास के नृत्य में परिवर्तित हो गई है।



### 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन हो चुकी है बुक

**बोले बंगाली बाबू -** पश्चिम बंगाल से रामलला का दर्शन करने पहुंचे बप्पा मांझी रामपथ पर मिल गए। खुद रोका और मीडिया का नाम पूछा, "अमृत विचार" बताया तो बोले नोट कर लीजिए आज हमारे बंगाल से पांच हजार लोग दर्शन के लिए आएं हैं। दावा किया कि 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन बुक हो चुकी है।



हनुमानगढ़ी के समक्ष बैठी नन्हीं रामभक्त।

## हनुमानगढ़ी पर 12 घंटे में ही बिक गया चार क्विंटल लड्डू प्रसाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी पर भी दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा का मंगलवार को लड्डू प्रसाद का स्टॉक खत्म हो गया। हनुमानगढ़ी पर सोमवार भोर तीन बजे से उमड़े श्रद्धालुओं ने हनुमंत लला पर चढ़ावे के लिए इतना प्रसाद खरीदा कि दोपहर तीन बजे केवल 12 घंटे में ही आज बनाया गया चार क्विंटल लड्डू समाप्त हो गया। इसके बाद आनन फानन दुकानदारों ने कारखाने से लड्डू मंगाए। हनुमानगढ़ी पर प्रसाद की दुकान करने वाले संतोष गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राकेश गुप्ता और नंदलाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को देखते हुए करीब चार क्विंटल लड्डू प्रसाद निर्मित किया गया था। जो दोपहर तीन बजे प्रसाद समाप्त हो गया। इसे लेकर थोड़ी देर असहजता रही लेकिन देर शाम स्टॉक आ गया। लड्डू प्रसाद की दुकानदारी ऐसी थी मानों सारी भीड़ एक साथ सभी दुकानों में घुस गई हो। वहीं श्रीराम का गमछा, श्रीराम लिखे बच्चों के कपड़े व मंदिर मॉडल की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। अयोध्या धाम में जुटे श्रद्धालु देर रात तक खरीदारी करते रहे।

**हनुमानगढ़ी पर हैं लगभग 80 दुकानें, रोज रहता है दो से तीन क्विंटल लड्डू का स्टॉक**



हनुमानगढ़ी पर मंगलवार शाम को लड्डू प्रसाद आने के बाद जुटे श्रद्धालु।

## अब अयोध्या की हर डाक पर होगा राममंदिर का चित्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या की पहचान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को डाक विभाग अब घर-घर पहुंचाएगा। अब अयोध्या से जाने वाली देश-विदेश की हर डाक पर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर का चित्र अंकित होगा। सचिव डाक भारत सरकार विनीत पाण्डेय ने मंगलवार कोअयोध्या प्रधान डाकघर के कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर आधारित विरूपण एवं छह चित्रात्मक पोस्ट कार्ड जारी करते हुए कहा कि इससे फिटलेटी के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि इन डाक टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र के साथ कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए रामभक्ति की भावना है। 'मंगल भवन अमंगल हारी', जैसी लोकप्रिय चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इनमें सूर्यवंश के प्रतीक देश में नए प्रकाश का संदेश देती सूर्य की छवि, राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती पुण्य नदी सरयू का चित्र तथा मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी ही बारीकी से डाक टिकटों पर दर्शाया गया है। इसमें राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के साथ संतों के मार्गदर्शन से पंच तत्वों का दर्शन निहित है। उन्होंने अयोध्या प्रधान डाकघर में फिलेटली म्यूजियम बनाने का भी सुझाव दिया। उप्र डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बी सेल्वकुमार, मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, निदेशक डाक सेवाएं आनंद कुमार सिंह, अधीक्षक डाकघर एचके यादव मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थिति रहे ।

**पंच तत्व के साथ सूर्यवंश का सूर्य, सरयू व मंदिर का वास्तु होगा डाक टिकट पर**



श्रीराम जन्मभूमि चित्र का डाक टिकट जारी करते केंद्रीय डाक सचिव व विभाग के अन्य अधिकारी।



हनुमानगढ़ी मार्ग पर अयोध्या की आभा से आह्लादित एक श्रद्धालु महिला रंगोली पर नृत्य की मुद्रा में।



दर्शन-पूजन के लिए आए श्रद्धालु झूमते गाते दिखे।

## राम मंदिर में मनाया जाएगा 48 दिवसीय मंडल उत्सव

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नूतन विग्रह प्रतिष्ठित हो गई है। प्राण-प्रतिष्ठा के मंदिर में अब 48 दिनों तक मंडल पूजन का आयोजन किया जाएगा। कलश स्थापना के साथ बुधवार से इसकी शुरुआत होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस अनुष्ठान के लिए देश भर के राम भक्तों को शामिल होने का आह्वान किया है।

ट्रस्ट के मुताबिक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक ऐप तैयार किया है। उडप्पी पेजावरपीठाधीश्वर व ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज इस अनुष्ठान की प्रमुख बनाए गए हैं। ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद 48 दिवसीय मंडल उत्सव होगा। जिसमे 40 दिनों तक लगातार पूजा-पाठ, हवन यज्ञ और कलश अभिषेक का आयोजन होगा। अंतिम पांच दिन में सहस्त्र कलशाभिषेक किया जाएगा। जिसमें एक किलो चांदी से बने कलश से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। भगवान की सेवा करने वाले व्यक्ति को यह कलश सौंपा जाएगा।

## श्रद्धालुओं की संख्या देख की गयी पांच मोबाइल एटीएम की व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने वालों की संख्या को देखते हुए विभिन्न बैंकों की तरफ से पांच मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं। यह चलते-फिरते एटीएम भीड़-भाड़ वाले इलाकों में खड़े होंगे। पिकअप वाहन पर एटीएम मशीन लगाई गई, जिसमें ड्राइवर के अलावा सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहते हैं। रामलला के मंदिर में विराजमान होते ही संभावना व्यक्त की जा रही है कि अयोध्या में रोजाना एक से सवा लाख श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। इसे देखते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने दो, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफ व एक्सिस बैंक की तरफ से एक-एक मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं।

**भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर लगाए जाने की योजना**




## यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**अयोध्या, अमृत विचार :** मणिराम छावनी धर्म मंडप में सोनभद्र के भिखारी बाबा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में सातवें दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वहीं वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा अचार्य ने पूजन कराया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी गई। संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज, आचार्य गोपाल धर द्विवेदी ,राधाकृष्ण तिवारी, हरीओम धर द्विवेदी, राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।



रुद्र महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामोत्सव** | प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी पहुंच भावुक हुईं 'जानकी' के घर की महिलाएं, बोलीं-

# ...आखिर खत्म हुआ 'लल्ला' का वनवास

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** यूं तो भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों के लिए रामभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है लेकिन दामाद रघुवर के दर्शन करने जानकी के घर से मंगलवार को आईं महिलाएं ऐसी भावुक हुईं कि नेत्रों से आस्था के अश्रु छलक पड़े।

आराध्य के प्रति श्रद्धा की ऐसी भावुकता कि आसपास मौजूद रामभक्त भी मनोभावों को नहीं रोक सके और जयश्रीराम का जयकारा लगाए। रामपथ पर जुटे श्रद्धालुओं के सैलाब के बीच बिहार से आईं महिलाएं डिवाइडर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहीं थीं। पूछा माता जी कहां से आरइं है तो तपाक से बोलीं बिटिया जानकी के घर बिहार से। हमारी बिटिया लगती है माता सीता। इतने में ही उनके पास बैठ भोजन कर रहीं एक बुजुर्ग महिला सबकुछ छोड़ आह्लादित होकर राम नाम का उद्घघोष करने लगीं। बता दें कि पवित्र रामायण में माता सीता को जानकी कहकर भी संबोधित किया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार जानकी का जन्म बिहार के सीतामढ़ी में हुआ था। इसीलिए महिलाओं का उल्लास और आस्था अलहदा होकर प्रस्फुटित हो रहा था। संग आईं सभी महिलाओं का समूह भावों के प्रकटीकरण के लिए ऐसा आतुर रहा कि भोजन तक छोड़ दिया। रामपथ पर उमड़े रामभक्तों को देख एक साथ रामलला को लल्ला कह संबोधित किया। इन्हीं में से एक श्रद्धालु महिला बोल उठीं - मोदी जी ने निहाल कर दिया, रामलला को अपना घर मिला।



रामलला के दर्शन के लिए रामपथ पर बैठीं नेपाल से आईं श्रद्धालु महिलाएं।



वर्षों से हम सभी श्रीरामचंद्र जी के मकान के लिए तरस रहे थे। आज वह इच्छा पूर्ण हुई और 'लल्ला' अपने भव्य में विराजमान हुए तो मन अह्लादित हो उठा। अयोध्या भी निहाल है। पांच दिनों बाद आज दर्शन हुए तो लगा जैसे जीवन धन्य हो गया। यहां का विकास देखकर मन बहुत खुश है। **-कमली देवी, दरभंगा, बिहार**



रामलला को अपने घर में विराजमान देखकर मान भावुक है। भाव को व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। बस इतना ही कहूंगी कि वर्षों के इंतजार का फल आज मिला तो अयोध्या को सोने की चमक उठी... जय श्रीराम...। **- सत्तो देवी, दरभंगा, बिहार**



यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मानो जैसे हम त्रेतायुग में आ गए हों। हर तरफ उल्लास और खुशी है। पांच दिन से दर्शन के लिए परेशान थे लेकिन जब रामलला को मंदिर में देखा तो मन को असीम शांति मिली। बदलती अयोध्या को देखकर मन प्रसन्न है। **-विमला देवी, दरभंगा बिहार**

## सार-संक्षेप

### डॉ. ऋतु और उद्यमी नवीन को मिलेगा उप्र गौरव सम्मान

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार यूपी दिवस पर विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाले दो विभूतियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देगी। इसके लिए लखनऊ की मिशन निदेशक के रूप में चंद्रयान मिशन में अहम भूमिका निभाने वाली वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और फोर्ब्स, फॉर्च्यून जैसी पत्रिकाओं के कवर पर नियमित रूप से छाए रहने वाले कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी का चयन किया गया है। वैज्ञानिक डॉ. ऋतु लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्होंने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन, मंगलयान के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। वे 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। कानुपर के नवीन तिवारी उत्तर प्रदेश और भारत को दुनिया में गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने दो यूनिकॉर्न बनाए और भारत को अपना पहला यूनिकॉर्न दिया। उन्होंने दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म बनाया है, उनका लॉक स्क्रीन सॉफ़्टवेयर 40 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर मौजूद है।

### ग्रेड चार के डॉक्टरों को मिलेगी पदोन्नति

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहें ग्रेड चार के डॉक्टरों का इंतजार खत्म होगा। मंगलवार को शासन में विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक में कई घंटे की मशक्कत के बाद पदोन्नति पाने वाले नाम चयनित किये जा चुके हैं। मगर अंतिम मुहर नहीं लगी है, जिसकी वजह से कितने और किन डॉक्टरों को पदोन्नति मिली है, गोपनीयता बनी हुई है। 19 हजार से ज्यादा डॉक्टरों के कैडर में ग्रेड पांच में 105 पद हैं, जिनमें करीब 83 पद रिक्त हैं। इन पदों पर पदोन्नति के लिए डॉक्टरों लंबे समय से बाट जोह रहें हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा ग्रेड पांच में पदोन्नति के लिए ग्रेड चार के लगभग 250 डॉक्टरों की सूची भेजी गई है। हर डॉक्टर्स की सेवाएं और उनके सीआर का निरीक्षण किया गया है। मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड तीन से चार में प्रोन्नति का इंतजार करने वाले डॉक्टरों की भी बड़ी संख्या है, क्योंकि ग्रेड चार में करीब एक हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं, इसी प्रकार ग्रेड तीन में करीब तीन हजार पद रिक्त हैं। रिक्तियों की संख्या बढ़ने की वजह, विभाग में नई सेवा नियमावली है, क्योंकि नई सेवा नियमावली की वजह से ग्रेड एक व ग्रेड दो में डॉक्टरों को वरिष्ठता सूची नहीं जारी हुई थी। हालांकि बीते दिनों ग्रेड वन के डॉक्टरों की वरिष्ठता क्रम सूची जारी की जा चुकी है। ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रोन्नति देने के लिए आज शासन में ग्रेड चार के डॉक्टरों की डीपीसी हुई है। लाभार्थियों की सूची अभी शासन द्वारा जारी नहीं हुई है।

# अयोध्या में पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेगी एटीएस

## गैंगस्टर की खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की करेगी पड़ताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक सप्ताह पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को एटीएस रिमांड पर लेगी। इसकी लिए कागजी तैयारियां शुरू कर दी है। एटीएस गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की पड़ताल करेगी। साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। फिलहाल तीनों खालिस्तानी समर्थक तीन फरवरी तक न्यायिक हिरासत ते तहत जेल में हैं।

दरअसल, एटीएस खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास करेगी कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है।

- **यूपी में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की होगी कोशिश**
- **अयोध्या को लेकर पन्नू के साजिशों का भी करेगी पता**

इन समर्थको की पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं।

बीते गुरूवार को एटीएस की शुरूआती पूछताछ में गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवन्त सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहाँ रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना का अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी। एटीएस के मुताबिक फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा रिमांड पर लेकर नए सिरे से यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है।

एटीएस का मानना है कि अगर दुसाद, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू से सीधे जुड़ा हुआ है तो उसे पन्नू के आगे की खतरनाक गतिविधियों की पूरी जानकारी होगी। ऐसे में उससे पूछताछ कर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके अलावा उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों और उनकी जड़ों तक पहुंचने में भी कामयाबी मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर एटीएस की एक टीम पकड़े गए तीनों समर्थकों की कुण्डली खंगालने में जुटी हुई है। इसके लिए राजस्थान भी जा सकती है।

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी अपराधी

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने मंगलवार को पचास हजार के इनामी बदमाश अशोक को गिरफ्तार किया है। हापुड़ जिले का हिस्ट्रीशीटर अशोक अमरोहा में हत्या के एक सनसनीखेज मामले में वांछित था। उसके खिलाफ हरियाणा, देहरादून, हापुड़, अमरोहा, बुलंदशहर, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर जिले में हत्या, हत्या की कोशिश और लूट जैसे 25 संगीन जुर्म दर्ज हैं।

एसटीएफ के मुताबिक इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सक्रिय नोयडा की एसटीएफ टीम को अशोक के अमरोहा क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। सीओ एसटीएफ विमल कुमार सिंह और इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि 2008 में हापुड का गैंगेस्टर ओमपाल के सम्पर्क में आने के बाद उसने जरायम की दुनिया में कदम रखा थी। उसके बाद फिर उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पश्चिमी उप्र के साथ उसने पास के राज्यों- उत्तराखंड और हरियाणा में भी अपनी धमक कायम की।

# मोदी की रामजी से माफी और योगी की हुंकार के मायने

**श्री**राम के अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जहां एक ओर भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हिंदु समुदाय के लिए गर्व की बात है, वहीं श्रीराम के मंदिर में उनके बाल स्वरूप राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत के विश्व गुरू बनने का पथ प्रशस्त कर दिया है। पांच सदियों के बाद आए इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामजी से मांगी गई माफी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हुंकार दूर तक संदेश देने के लिए काफी है। मोदी की रामजी से माफी के निहितार्थ साफ हैं कि यदि हम होते तो यह राम लाल इतने दिन टेंट में नहीं रहते।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मंदिर बहुत पहले बन चुका होता। उनकी इस माफी के पीछे कांग्रेस और उसकी केंद्र में कई दशकों तक रही सरकारों पर कड़ा प्रहार है। साथ ही कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को भी सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। उनके कहने का तात्पर्य यह भी है कि कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण की दिशा में कार्य करने के बजाए श्रीराम को काल्पनिक बताने और मंदिर निर्माण के प्रयासों को भी लटकाने, अटकाने का प्रयास किया था। ऐसा कहकर उन्होंने उसकी तुष्टिकरण की नीति को भी निशाना बनाया।

यही नहीं, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन वे राजनीतिक बातें न करते हुए भी अपने अंदाज में बहुत कुछ कह गए। सबके राम और राम विवाद नहीं, समाधान हैं, के जरिए वे वर्ष- 2024 के लोकसभा चुनाव की जमीन भी तैयार कर गए हैं। इसमें कोई शक नही कि राम मंदिर निर्माण और मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने मोदी और योगी को देश ही नहीं, दुनियां में गौरवान्वित होने का मौका दिया है। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ की हुंकार भी कोई कम संदेश नहीं देती है। वे कहते भी हैं कि अब अयोध्या की गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट नहीं सुनाई देगी, परिक्रमा में कोई बाधा नहीं बनेगा। इतना कहना बहुसंख्यक रामभक्तों में ऊर्जा भरने के लिए काफी है। योगी आदित्यनाथ अयोध्या की उपेक्षा के लिए गैर भाजपाई सरकारों को आईना दिखाना नहीं भूलते।

इशारों-इशारों में उनका निशाना खासकर सपा और कांग्रेस की सरकारों पर था। उनके कहने का निहितार्थ यह था कि राम मंदिर तो आप बनाने वाले नहीं थे, कम से कम यहां का विकास तो करा देते। वोट बैंक के लिए विकास ही भूल गए। वे राम मंदिर को राष्ट्र मंदिर घोषित करके और राम राज्य लाने की पहल करके अपने संकल्प को बड़ा करते हैं। योगी की इस बात के भी कई निहितार्थ हैं कि ऐसा दृष्टांत नहीं मिलता कि दुनियां के किसी देश में किसी बहुसंख्यक समाज ने अपने धर्मस्थल के लिए इतना इंतजार किया हो और इतनी लंबी लड़ाई लड़ी हो। इस तरह योगी भी वर्ष-2024 में साफ साफ विपक्ष के वोट बैंक की राजनीति पर प्रहार करना नहीं भूलते। वैसे विपक्ष ने यह एक बड़ा मौका गंवा दिया। वर्ष-2024 के लोकसभा हिसाब से ही नहीं बल्कि कम से कम इस देश के बहुसंख्यकों की भावना का भी उनको खयाल नहीं हैं। प्राण प्रतिष्ठा से दूरी बनाकर विपक्ष ने कम से कम यही संदेश दिया है।

# तीन बिजली कंपनियों ने हासिल की उच्च श्रेणी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में प्रदेश की तीन बिजली कंपनियों ने उच्च श्रेणी हासिल की है। मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने सी प्लस श्रेणी से उच्चीकृत होकर बी श्रेणी में पहुंच गये हैं, जबकि कानपुर को बिजली आपूर्ति करने वाली केस्को कंपनी घटकर बी प्लस श्रेणी में पहुंच गई है।

केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन आरईसी की ओर से हाल ही में वर्ष 2022-23 की उपभोक्ता सेवा की रेटिंग की घोषणा में कंपनियों की स्थितियों का खुलासा

- **उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल निगम अब 'बी' श्रेणी में पहुंचे**

हुआ है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से 62 वितरण बिजली कंपनियों के 32 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं की उपभोक्ता सेवा रेटिंग को लेकर अध्ययन किया गया। जारी रिपोर्ट में अनुसार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम 'सी' प्लस पर ही बनी हुई है। पूरे देश में दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश की निजी क्षेत्र की कंपनी नोयडा पावर कंपनी को 'ए प्लस' ग्रेड दिया गया है। रेटिंग में प्रमुख रूप से पूरे देश के सभी राज्यों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सेवाएं बिजली आपूर्ति, बिजली कनेक्शन जारी करने, बिलिंग, मीटर संबंधी मामले, विद्युत व्यथा निवारण फोरम में शिकायतों का निस्तारण आदि का अध्ययन किया गया है।

**बिजली कंपनियों में और सुधार की जरूरत :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता सेवा रेटिंग से एक बात साफ हो गई कि प्रदेश में बिजली कंपनियों में उपभोक्ता सेवा में खास सुधार नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार व पावर कॉरपोरेशन को गंभीरता से विचार-विमर्श कर प्रदेश के बिजली उपभोक्ता सेवा में सुधार के लिए अग्रसर होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिलों में होगी समीक्षा

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के निरस्त आवेदन या फिर खामियां जिलों में सुधारी जाएंगी। इसकी समीक्षा भी की जाएगी। इसके लिए सीडीओ को यूजर आईडी व पासवर्ड दिए गए हैं। इनमें खामियां दुरुस्त कर नियमित समीक्षा करेंगे। जो न होने के कारण प्रगति का पता नहीं चल रहा है। इस पर पंचायती राज विभाग ने जोर दिया है। 26 जनवरी को योजना प्रधानमंत्री द्वारा लागू की जाएगी। गांवों में मिसमैच नामों में भी सुधार कर पोर्टल पर भरे जाएंगे।

## एमएलसी चुने गए भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान

**लखनऊ।** विधान परिषद उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को विधान भवन में निर्वाचन अधिकारी बृजभूषण दुबे ने उन्हें जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान, केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे। एमएलसी रहे डॉ. दिनेश शर्मा के इस्तीफे से रिक्त हुई सीट के लिए दारा सिंह ने 18 जनवरी को नामांकन दाखिल किया था। नामांकन के साथ ही दारा सिंह का उच्च सदन पहुंचना तय हो गया था।



उपचुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी सहित बसपा व कांग्रेस किसी ने भी प्रत्याशी नहीं उतारा था। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ओंकारनाथ चौरसिया ने जरूर नामांकन दाखिल किया था लेकिन प्रस्तावक न होने के कारण उनका नामांकन खारिज कर दिया गया था।

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों के गबन का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक से ढाई करोड रुपये गबन के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को देर शाम एसटीएफ ने उसे गोरखपुर से दबोचा। एसटीएफ को फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोन कराकर लोन को जमा नही कर उसे एनपीए खाते में डाल दिए दिए जाने की सूचना मिल रही थी। एसटीएफ टीम ने जब उसे विस्तार दिया तो पता चला कि शाहपुर में ऐसे दो मामले दर्ज है। आईसीआईसीआई बैंक के रिजनल हेड आशुतोष कुमार मिश्रा ने रियाज, शरुफ, रुद्रांश पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय व अन्य लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया था।

# जनता को पीडीए-इंडिया पर ज्यादा भरोसा: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव में जनता की निगाह एनडीए-भाजपा के मुकाबले पीडीए-इंडिया पर ज्यादा है।

पीडीए में पीड़ित, दलित, अगड़े, पिछड़े, महिलाएं, अल्पसंख्यक सभी शामिल है। भाजपा कुछ वर्गों



- **पीडीए सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना की पक्षधर**

में सीमित है। सपा प्रमुख, मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीडीए सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना की पक्षधर है। भाजपा ने हमेशा पीडीए की उपेक्षा की है। वह आरक्षण को भी खत्म करने की साजिशें कर रही है। इस बार राजधानी, लोकतंत्र का नया इतिहास रचेगा, क्योंकि यहां जो भी विकास हुआ है, सपा सरकार में ही हुआ है। भाजपा राज में तो लूट जारी है और भ्रष्टाचार हर ओर पनप रहा है। अखिलेश ने कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को वोट दिया था वे भी अब भाजपा से क्षुब्ध है।

# शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोसः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चैक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नेताजी ने युवाओं में ऊर्जा भरी। देश की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल देश बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को आगे ले



मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लखनऊ में परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

जाने के लिए गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम देश के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया

- **मुख्यमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर देशवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह, बुक्कल नवाब, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम आदि मौजूद रहे।

**सुभाष चंद्र बोस ने राष्ट्रीय नारा जय हिन्द दिया : अनिल : लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गयी। माल्यार्पण कर नमन करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि सुभाष चंद्र द्वारा दिया गया "जय हिन्द" का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है। उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा बहुत बडे नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया था।

## वर्ग पहेली-322

**बाएं से दाएं**

2. 1. छोटी मूसल 2. हल्दी की जाति का एक पौधा 3. एक औषधीय पौधा।

5. 1. ध्यान से देखना 2. निरीक्षण करना 3. चाव से निहारना।

6. 1. किसी कष्ट या आह के कारण गले से खांसने जैसी कराहने की ध्वनि निकलना 2. भारी वस्तु उठाने पर या कुश्ती में गले से निकलने वाली ध्वनि 3. बहुत कठिन परिश्रम करने

8. 1. (ज्योतिष) एक प्रकार का योग 2. पुस्तक या ग्रंथ का खंड या विभाग 3. मुख का एक विशेष रोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटा 2. कनिष्ठ।

3. किसी के द्वारा किसी वस्तु को सुसज्जित कराना; सुसज्जित करवाना।

4. गरजने जैसा शब्द होना, गड़गड़ाना।

5. 1. निर्मल या स्वच्छ होना 2. मैल आदि हटने से रंग-रूप का खिलना 3. पहले से बेहतर स्थिति में होना, परिमार्जित होना।

7. आठ टांगों और दो पंजों का एक जलीय कीड़ा, कर्क, (क्रैब)।



### वर्ग पहेली - 321 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | जू | री | | 2 रो | |
| | | | 3 ए | ष | णी |
| | 4 सं | | | म | |
| 5 जी | व | नो | 6 पा | य | |
| | र | | व | | 7 चौ |
| | ण | | दा | | को |
| | | 8 बि | न | वा | ना |

## सुडोकू-39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | | 6 | | | 9 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 2 | | 1 | |
| 4 | | | 7 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | 6 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | 8 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 21.49 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.57-12.40 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु पूर्णरात्रि तक।

**मेष** - आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। लंब यात्रा पर जाने का विचार बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आप काई सक्रिय रहने वाले हैं।

**वृष** - आज बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेते रहना आपके लिए लाभकारी होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठायेंगे। संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**मिथुन** - आज बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सभी कार्यों को सलीके से करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। नए कार्य की रूपरेखा बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क** - आज घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मज़ाक उड़ा सकते हैं। धन उधार देने से आपका धन फंस सकता है। आज का दिन धैर्यपूर्वक बिताने की सलाह दी जाती है।

**सिंह** - आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशन्सा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**कन्या** - आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताने से मन प्रसन्न होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है।

**तुला** - आज आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय न लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा। जीवनसाथी से आपको आज सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

**वृश्चिक** - आज आपको गुप्त शत्रु परेशान कर सकते हैं। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। जॉब में बदलाव करने से बचें। शुगर के रोगियों को कुछ परेशानी हो सकती है। मन में कुछ गलतियों को लेकर पश्चाताप की भावना रहेगी।

**धनु** - आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** - आज महिलाओं के लिए दिन काफी कमजोर रहेगा। जॉब संबंधित इन्टरव्यू में आपसे अटपटे सवाल पूछे जा सकते हैं। साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता अवश्य रखें। जीवनसाथी काफी रोमान्टिक मूड में रहने वाला है।

**कुंभ** - आज दिन के उतरार्द्ध में आपकी मनोस्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है। दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाक़ात होगी।

**मीन** - आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। मन कुछ अशान्त रहने वाला है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
पृथ्वी - सुबह : 09.08
खुद्दार - दोपहर : 03.38

Sony Max
दिल तो बच्चा है जी - सुबह : 10.52
पति पत्नी और वो - रात : 07.00

Utsav Gold
जुबान - सुबह : 09.00
किक - रात : 07.00

Zee Cinema
हीरो - सुबह : 11.20
त्रिमूर्ति - रात : 07.00

Colors Cineplex
बद्रीनाथ की दुल्हनियां - सुबह : 09.33
भागम भाग - शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो!
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो!
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

पत्नी-अजी सुनते हो ?
ऊपर से वह बैग उतार देना! मेरा हाथ कुछ छोटा पड़ रहा है।
पति- तो जुबान से ट्राई कर ले।
फिर क्या घर में महाभारत छिड़ गई।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 70,370.55 | 21,241.65 |
| गिरावट | 1,053.10 | 330.15 |
| प्रतिशत में | 1.47 | 1.53 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, बुधवार, 24 जनवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1120 डीएमओ 995 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1730, रविन्द्रा 1790, फॉर्चुन ली0 1590, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1485, राग गोल्ड 1520, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850 ।किराना– ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800 ।चावल– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500–14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6950–7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650–10400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000–11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600–14000, अरहर कोरी छोटी 15200 ।चीनी–डालमियां 4060।

# निवेश के लिए प्रमुख वैश्विक कंपनियों की पहली पसंद भारत

## डब्ल्यूईएफ की बैठक में सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह स्विट्जरलैंड के दावोस में संपन्न विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में शामिल प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने भारत को निवेश के लिए अनुकूल देश माना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने दावोस बैठक में कई कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की और देश में निवेश को सुविधाजनक बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

दावोस बैठक में शामिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ के दौरान भारत को लेकर प्रमुख कंपनियों की निवेश धारणा में स्पष्ट बढ़त देखी गई और वे भारत में वृद्धि के लिए व्यापक दृष्टिकोण का स्पष्ट रुझान रखते हैं।

उन्होंने दावोस बैठक के दौरान वोल्वो के चेयरमैन एवं सीईओ मार्टिन लुंडस्टैड, ऑडी के चेयरमैन एवं सीईओ गर्नोट डोएलनर और इकोलैब के चेयरमैन एवं सीईओ डारेल ब्राउन समेत कई शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। सचिव ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत के निवेश परिदृश्य को अनुकूल नजरिये से देखा गया।

### भारत की मौजूदगी से वैश्विक विश्वास को बढ़ावा



डीपीआईआईटी सचिव राजेश सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत की मौजूदगी विश्वास के वैश्विक माहौल को बढ़ावा देने और मौजूदा आर्थिक सुधारों को लेकर आत्मविश्वास जगाने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर देने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूईएफ–2024 में यह प्रभावशाली उपस्थिति वैश्विक मंच पर खुद को एक विश्वसनीय और प्रभावशाली पक्ष के रूप में स्थापित करने की भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750–47,950 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,200 |
| चांदी तैयार | 73,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,650 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |

## मुरादाबाद मंडी

| | |
|---|---|
| चना : | 75 से 76 |
| रुपये मसूर : | 88 से 90 |
| मलका : | 82 से 85 |
| अरहर : | 118 से 125 |
| रुपये उड़द : | 95 से 101 |
| धोआ उड़द : | 110 से 120 |
| मूंग धोआ : | 104 – 106 |
| मूंग छिलका : | 102 रुपये |
| मूंग साबुत : | 100 रुपये |

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| ज्वार | 2600 –4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000 –2200 |
| चना | 5200 –5400 |

## सीमेंट उद्योग 15-16 करोड़ टन क्षमता जोड़ने को तैयार

**मुंबई।** बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की बढ़ती मांग के चलते सीमेंट उद्योग वित्त वर्ष 2024-25 से 2027-28 के बीच 15-16 करोड़ टन की क्षमता जोड़ सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि क्षमता वृद्धि बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग में बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने के लिए भी की जाएगी। सीमेंट की मांग वित्त वर्ष 2021-22 में आठ प्रतिशत और 2022-23 में 12 प्रतिशत बढ़ी थी। अगले वित्त वर्ष में 7-7.5 करोड़ टन अतिरिक्त क्षमता के जुड़ने की उम्मीद है। इनमें 50-55 प्रतिशत पूर्वी और मध्य क्षेत्रों से होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि योजनाबद्ध क्षमता वृद्धि में बड़े खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 50-55 प्रतिशत होगी।

# सोने, चांदी के हुक, सिक्कों पर अब आयात शुल्क 15 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

» केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी की अधिसूचना



सरकार ने पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगाकर सोने और चांदी के पिन, हुक जैसे उत्पादों (फाइंडिग्स) तथा सिक्कों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा कि कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क बढ़ाया गया है। अब इसपर 4.35 प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया गया है।

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को सर्राफा के बराबर लाने के उद्देश्य से 10 प्रतिशत के मूल सीमा शुल्क के अतिरिक्त एआईडीसी लगाया गया है। सोने या चांदी के 'फाइंडिग्स' का मतलब हुक, क्लैंप, पिन या स्क्रू बैक जैसे छोटे उत्पादों से है, जिसका उपयोग आभूषण के पूरे टुकड़े या उसके एक हिस्से को आपस में जोड़ने या थामने के लिए किया जाता है।

अतिरिक्त शुल्क 22 जनवरी से अमल में आ गया है। सरकार ने 2021-22 के बजट में कृषि अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए कुछ उत्पादों पर आईडीसी उपकर लगाने का प्रस्ताव किया था।

## मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक कोडशेयर साझेदारी करेगी। साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने कहा कि भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम एक देश के रूप में भारत की सफलता की गाथा का हिस्सा बनना चाहते हैं। मलेशिया एयरलाइंस नौ भारतीय शहरों के लिए कुल 69 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। यह नौ भारतीय गंतव्यों को मलेशिया से जोड़ती है। ये नौ शहर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, अमृतसर, अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम हैं। पिछले सप्ताह भारत की यात्रा पर आए इस्माइल ने कहा कि बातचीत अंतिम चरण में हैं।

## आरईसी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 13.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 13.5 प्रतिशत बढ़कर 3,308.42 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,915.33 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,795.47 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,071.54 करोड़ रुपये हो गई।

# एनपीएस को आकर्षक बनाने को उठाए जा सकते हैं कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

» पीएफआरडीए कराधान के मोर्चे पर ईपीएफओ में समानता का अनुरोध किया




सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान तथा निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने नियोक्ताओं द्वारा योगदान के लिए कराधान के मोर्चे पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) में समानता का अनुरोध किया है। इस संबंध में कुछ घोषणाएं अंतरिम बजट में किए जाने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। वर्तमान में कर्मचारियों के लिए कोष निर्माण में नियोक्ताओं के योगदान में असमानता है, जिसमें कॉर्पोरेट द्वारा मूल वेतन तथा महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत तक के योगदान को एनपीएस योगदान के लिए कर से छूट दी गई है, जबकि ईपीएफओ के मामले में यह 12 प्रतिशत है। डेलॉयट की बजट अपेक्षाओं के अनुसार, एनपीएस के माध्यम से दीर्घकालिक बचत को बढ़ावा देने और 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर के बोझ को कम करने के लिए एनपीएस के वार्षिकी हिस्से को 75 वर्ष की आयु से धारकों के लिए कर मुक्त किया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के संबंध में सरकार ने पिछले साल उपाय सुझाने के लिए वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था।

### नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की उठी मांग

वित्तीय परामर्श एवं ऑडिट सेवा देने वाली कंपनी डेलॉयट के अनुसार एनपीएस को ब्याज तथा पेंशन के साथ शामिल किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को एनपीएस से प्राप्त आय पर रिटर्न दाखिल न करना पड़े। वर्तमान में 60 प्रतिशत की एकमुश्त निकासी कर मुक्त है। नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की भी मांग उठ रही है। अभी धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में किसी व्यक्ति के 50,000 रुपये तक के योगदान पर पुरानी कर व्यवस्था के तहत कटौती होती है।



### सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

# पर्वतमाला परियोजनाओं की संख्या 400 की जाएगी : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार पर्वतमाला परियोजना के तहत परियोजनाओं की संख्या अगले पांच साल में बढ़ाकर कम-से-कम 400 करने की योजना बना रही है। पर्वतमाला परियोजना या राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम बुनियादी ढांचा विकास का हिस्सा है। सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने पर्वतमाला परियोजना शुरू की है। यह परियोजना देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

हमने इसके तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की पहचान की है और ऐसी परियोजनाओं की संख्या 400 या उससे अधिक हो सकती है। पिछले साल सरकार ने कहा था कि वह इस कार्यक्रम के तहत पांच साल में 1,200 किलोमीटर से अधिक की लंबाई वाले रापवे के लिए 250 से अधिक परियोजनाएं विकसित करने की योजना बना रही है।

सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत रोपवे उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसको देखते हुए देश में एक बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करने की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज हम पांचवें स्थान पर है...और अगले पांच साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे...यही कारण है कि हम देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धौला कुआं-मानेसर खंड पर यातायात की भीड़-भाड़ पर चिंता जताई।

## यह शर्मनाक है कि हम नहीं जानते नेताजी के साथ क्या हुआ था : ममता

कोलकाता, एजेंसी

» पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने जयंती पर नेता जी को दी श्रद्धांजलि



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि यह देश के लिए शर्म की बात है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के लापता होने के इतने वर्षों बाद भी लोग यह नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था और न ही उन्हें उनकी मौत की तारीख पता है। उन्होंने नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा न निभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

केंद्र द्वारा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सोमवार को केंद्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन के अवकाश की घोषणा करने के स्पष्ट संदर्भ में ममता ने कहा कि आज कल राजनीतिक विज्ञापनों के लिए छुट्टियों की घोषणा की जाती है लेकिन उन लोगों के लिए कोई घोषणा नहीं की गयी जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी।

ममता ने बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कहा, यह भारत का दुर्भाग्य है कि इतने वर्षों बाद भी हमारे पास नेताजी की मौत की तारीख नहीं है। हम नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था। यह शर्मनाक है। देश मंगलवार को नेताजी की 127वीं जयंती मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा किया था लेकिन बाद में वह भूल गयी।

# राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं : राहुल

डोमडोमा (असम), एजेंसी

» कांग्रेस नेता ने कहा-अयोध्या में हुआ कार्यक्रम राजनीतिक था
» विरोध के बावजूद न्याया यात्रा को मिल रहा समर्थन



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शो किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि असम में उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं।

यह पूछे जाने पर कि राम लहर का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए पांच न्याय की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। इस सवाल पर कि क्या वह यात्रा के दौरान अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करेंगे तो राहुल गांधी ने कहा कि फिलहाल वह यात्रा मार्ग का अनुसरण करेंगे। पार्टी की ओर से तय यात्रा मार्ग में अयोध्या शामिल नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या के मंदिर में रामलला की नयी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया ।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने छात्रों से बातचीत करने से रोका

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान मेघालय में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करने से रोका गया। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री कार्यालय के जरिए विश्वविद्यालय प्राधिकारियों को यह निर्देश दिया।

## एक नजर

### रेलवे के तीन कर्मचारियों की लोकट ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई के पास एक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) के तीन कर्मचरियों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आठ बजकर 55 मिनट पर वसई रोड और नायगांव स्टेशन के बीच हुई। मृतकों की पहचान मुख्य सिग्नल निरीक्षक (भायंदर) वासु मित्रा, इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर (वसई रोड) सोमनाथ उत्तम लाम्बुत्रे और हेल्पर सचिन वानखड़े के रूप में हुई।

### दिल्ली : आप ने घोषित किए नए पदाधिकारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली के लिए अपने पदाधिकारियों की घोषणा की और अनिल पटोदिया को पार्टी का प्रदेश संयुक्त सचिव (मुख्य प्रकोष्ठ) नामित किया। पार्टी पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। पदाधिकारियों के मुताबिक, दस अन्य सदस्यों को चिकित्सक, ग्रामीण, अल्पसंख्यक और युवा जैसे विभिन्न प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नामित किया गया

## प्रधानमंत्री ने बच्चों से की भेंट



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को 2024 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और साथ में फोटो भी खिंचवाया। ● एजेंसी

## भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आईएएस बिश्नोई निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले हाल ही में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी प्रेमसुख बिश्नोई को निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार आईएएस अधिकारी और मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेमसुख बिश्नोई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित) 2018 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत दर्ज प्राथमिकी में प्रथम दृष्टया लिप्त पाया गया। ब्यूरो ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिश्नोई को गिरफ्तार किया और 48 घंटे से अधिक समय तक उन्हें पुलिस/न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया।

## मुस्लिमों की सार्वजनिक पिटाई पर शीर्ष अदालत ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में खेड़ा जिले के एक गांव में मुस्लिम समुदाय के पांच लोगों की सार्वजनिक रूप से पिटाई के मामले में गुजरात पुलिस से नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को बांधने और पिटाई करने का अधिकार कहां से मिला। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ गुजरात उच्च न्यायालय के 19 अक्टूबर, 2023 के आदेश के खिलाफ चार पुलिस कर्मियों- निरीक्षक एवी परमार, उप-निरीक्षक डीबी कुमावत, हैड कांस्टेबल केएल दाभी और आरआर दाभी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति गवई ने तल्ख लहजे में कहा, ''क्या आपके पास कानून के तहत लोगों को खंभे से बांधने और पिटने का कोई अधिकार नहीं।

# दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने छात्रों पर किया हमला

» एफटीआईआई में बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़े बैनर लगाने का विरोध

पुणे, एजेंसी



मुंबई में दो समूहों के बीच तनाव उत्पन्न होने के बाद तैनात पुलिसकर्मी। ● एजेंसी

दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) में मंगलवार को घुसकर 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़े बैनर लगाए जाने को लेकर संस्थान के छात्रों पर हमला कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एफटीआईआई छात्र संघ (एफएसए) ने दावा किया कि जिन छात्रों पर हमला किया गया, उनमें एफएसए के अध्यक्ष मनकप नोकवोहम भी शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त संदीप गिल ने बताया कि एफएसए ने सोमवार को परिसर में एक बैनर लगाया था जिस पर बाबरी विध्वंस, लोकतंत्र की हत्या लिखा था। मंगलवार दोपहर को 12 से 15 अज्ञात लोग परिसर में कथित तौर पर घुस आए जिन्होंने नारे लगाए, छात्रों पर हमला किया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन 25 से

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज करने के मकसद से 25 जनवरी से देश भर में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है जिनमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बूथ से लेकर राज्य स्तर तक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में जोश भरने का प्रयास करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आने वाले कुछ हफ्तों में विभिन्न राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी।

**उपलब्धि** — उत्तर प्रदेश के अस्पताल को सामाजिक कामों के बदले मिला ईनाम

# 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

» नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर होती है इस पुरस्कार की घोषणा

उत्तर प्रदेश के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साल 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस पुरस्कार के तहत संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।

एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आपदा के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से एक वार्षिक पुरस्कार स्थापित किया है।

इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल की स्थापना 1942 में की गई थी। यह भारतीय सशस्त्र बलों का एकमात्र हवाई चिकित्सा प्रतिष्ठान है जिसने विभिन्न वैश्विक संकटों में अपनी असाधारण सेवा दी है। सहायता प्रदान करना शामिल है।

# आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा, रोहित शर्मा कप्तान

## टीम में सबसे ज्यादा खिलाड़ी भारत के, अन्य में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के शामिल

दुबई, एजेंसी

रोहित शर्मा को मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी व मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी के मुताबिक टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं।



### रोहित और शुभमन चुने गए ओपनर



एकदिवसीय टीम में पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली।

### रविंद्र जडेजा और अश्विन को भी मिली जगह

साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का कप्तान चुना गया है। अश्विन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच में 25 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज थे। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाने के अलावा 48 रन भी बनाए थे। भारत हालांकि यह मुकाबला हार गया था।

### मध्यक्रम में विराट कोहली भी शामिल

मध्यक्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। कोहली एकदिवसीय प्रारूप में 1337 रन बनाकर दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पिछले साल छह शतक लगाए। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा और विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मिचेल ने पांच शतक की मदद से 52.34 के औसत और 100.24 के स्ट्राइक रेट से 1204 रन बनाए। क्लासेन ने भी पूरे साल बल्ले से दबदबा बनाया।

### गेंदबाजों में सिराज, शमी, कुलदीप और एडम जंपा



गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, शमी और कुलदीप यादव की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है। जंपा ने 26.31 के औसत से 38 विकेट चटकाए और विश्व कप के लगातार तीन मुकाबलों में चार विकेट चटकाए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर रहे। सिराज ने पिछले साल 44 विकेट चटकाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट भी शामिल रहे। भारत ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका पर एकतरफा जीत दर्ज की। कुलदीप ने पिछले साल 49 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किए। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार चरण में 25 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। शमी ने पूरे साल शानदार प्रदर्शन करते हुए हर बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 रन पर सात विकेट रहा। किसी भी भारतीय खिलाड़ी को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली।

## रोशिबिना को सर्वश्रेष्ठ वुशु सांडा खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी। दो बार एशियाई खेलों की पदक विजेता नाओरेम रोशिबिना देवी को मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ ने एक महीने तक चले जनता के मतदान के बाद सांडा वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना। रोशिबिना ने ईरान की शहरबानो एम सेमिरोमी (88179) और चीन की वु शियाओवेई (46753) को हराकर पुरस्कार जीता। उन्हें 93545 वोट मिले। रोशिबिना को पिछले साल एशियाई खेलों के महिलाओं के 60 किलो वुशु सांडा वर्ग के फाइनल में शियाओवेई ने हराया था। इस दौरान 23 देशों के 45 उम्मीदवारों के लिए मतदान हुआ।

# इंग्लैंड के सामने हैदराबाद में होगी स्पिन की चुनौती

## कोच राहुल द्रविड़ बोले- जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मिलेगी मदद

हैदराबाद, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला के शुरुआती मैच में जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मदद मिलेगी। टेस्ट मैच से दो दिन पहले पिच काफी सूखी दिख रही थी, खासकर दोनों छोर के गुड लेंथ क्षेत्र के आसपास। द्रविड़ ने कहा कि पिच के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। जब मैच शुरू होगा तब इसके बारे में पता करेंगे। अब तक जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है।



हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला शुरू होने से पहले पिच का मुआयना करते कप्तान रोहित शर्मा। ● एजेंसी

### पिच से मिलेगा टर्न

बताते हैं कि पिच से स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हालांकि अभी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है लेकिन खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगा। दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने भी पिच के बारे में चर्चा की है। टीम पिच को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। वुड ने कहा कि हमारे पास स्पिनर हैं, तेज गेंदबाज और अच्छे बल्लेबाज हैं। हाल के दिनों में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। हम खुद को इन पिचों के मुताबिक ढालेंगे। हमारे पास ऐसा कप्तान है जो हमेशा मैच को आगे ले जाने की सोचता है। ऐसे में यह मनोरंजक शृंखला होगी।

### बल्लेबाज- गेंदबाज दोनों के लिए होगी मददगार

हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, इसमें बदलाव आएगा। खिलाड़ियों के पास इन परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने का पर्याप्त अनुभव है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया। टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने दो घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।

### बैजबॉल से मिल सकते हैं ढेरों विकेट : बुमराह



जसप्रीत बुमराह ने कहा कि इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये 'बैजबॉल' से उन्हें फायदा हो सकता है और पांच मैचों की आगामी टेस्ट शृंखला में उन्हें ढेरों विकेट मिल सकते हैं। बुमराह ने कहा कि अगर वे तेजी से खेलेंगे तो उन्हें थकाएंगे नहीं और ढेर सारे विकेट भी दे सकते हैं।

### रोहित के खिलाफ फेंकने होंगे सटीक बाउंसर : वुड



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि रोहित शर्मा को शॉर्ट पिच गेंदों के इस्तेमाल से नियंत्रित करना और शृंखला में भारत को हराने की योजना में प्रमुखता से शामिल होगा। रोहित शॉर्ट गेंद के खिलाफ काफी अच्छा खेलते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वह बाउंसर नहीं फेंकेंगे। उन्हें बेहद सटीक बाउंसर फेंकनी होगी।

## भारत के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर मृधा को फटकार

**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी।** बांग्लादेश के गेंदबाज मारूफ मृधा को भारत के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप मैच के दौरान अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए मंगलवार को आईसीसी ने फटकार लगाई। मृधा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी की विज्ञप्ति के मुताबिक मृधा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

**अंडर-19 विश्व कप**

यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध है। यह घटना भारत की पारी के 44वें ओवर में घटी, जब बल्लेबाज को आउट करने के बाद मृधा ने आक्रामक तरीके से दो बार ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया था। मृधा ने अपराध के साथ ही सजा को स्वीकार कर लिया है। इस मामले में मैदानी अंपायर डोनोवन कोच और निगेल डुगुइड, तीसरे अंपायर अलाउद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर लैंगटन रूसेरे ने मृधा पर आरोप लगाया था।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग विश्व रैंकिंग में नंबर एक



**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साईंराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। एशियाई खेलों की यह चैंपियन जोड़ी मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैंपियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए से हार का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय 8वें नंबर पर हैं, जबकि लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमश: 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर हैं।

### इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ मैच में खेलेंगे रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह को इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ अहमदाबाद में बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए मंगलवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया। टी-20 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की झलक दिखा चुके रिंकू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में पदार्पण किया था और दो मैच में 17 और 38 रन बनाए। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 44 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें 57.57 की औसत से 3109 रन बनाए हैं। भारत ए ने पिछले सप्ताह इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ कराया था। भारत ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विदवथ कावेरप्पा, उपेंद्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल और रिंकू सिंह।

### सीरिया से हारकर भारत एशियाई कप से बाहर

**अल खोर (कतर)।** भारतीय टीम आखिरी ग्रुप मैच में सीरिया से 0-1 से हारकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। सीरिया के उमर खरबिन ने 76वें मिनट में गोल दागकर सीरिया को नॉकआउट की दौड़ में बनाए रखा है। भारत चार टीमों के ग्रुप बी में तीनों मैच हारकर और एक भी गोल किए बिना आखिरी स्थान पर रहा। भारत इससे पहले भी 1984, 2011 और 2019 में नॉकआउट में जगह नहीं बना सका था। भारत 1964 में उपविजेता रहा था जब सिर्फ चार टीमों ने इसमें भाग लिया था। इसके बाद से भारत कभी भी नॉकआउट में जगह नहीं बना सका है।



### किरन जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में



**जकार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वालीफाइंग दौर में दो करीबी जीत के बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। कोच्चि के 23 वर्ष के जॉर्ज ने अब तक दो सुपर 100 खिताब जीते हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्टावितो को 21-17, 12-21, 21-15 से हराया। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 12-21, 21-18, 22-20 से मात दी थी। मुख्य ड्रॉ में सातवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लो कीन यू के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। वहीं लक्ष्य सेन का सामना चीन के वेंग होंग यांग से होगा। किदांबी श्रीकांत की टक्कर मलयेशिया के ली जि जिया से होगी, जबकि प्रियांशु राजावत का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा।

# जोकोविच 11वीं बार सेमीफाइनल में

**अब तक 10 बार आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जीत दर्ज कर चुके हैं जोकोविच**

मेलबर्न, एजेंसी



नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 7-6, 4-6, 6-2, 6-3 से जीता। वह जितनी बार भी यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, उतनी बार अपराजेय रहे।

24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने मेलबर्न पार्क पर सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा।

जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था। आस्ट्रेलिया में 2021 में मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा था।

### कोको गॉफ भी सेमीफाइनल में पहुंचीं

अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मार्ता कोस्तयुक को 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत गत चैंपियन एरिना सबालेंका और नौवीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतने वाली कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 12 मैच जीत चुकी हैं।



## डब्ल्यूपीएल का पहला मैच मुंबई और दिल्ली के बीच बेंगलुरू में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के पहले मैच में 23 फरवरी को बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगा। पूरा सत्र बेंगलुरू और दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली में अरुण जेटली स्टेडियम 15 और 17 मार्च को एलिमिनेटर और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस साल डब्ल्यूपीएल में कुल 22 मैच होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस ने पिछले साल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराकर पहला खिताब जीता था।

**महिला प्रीमियर लीग का आगाज 23 फरवरी से**

## रवि शास्त्री और फारुख को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



रवि शास्त्री, फारुख इंजीनियर, दिलीप वेंगसरकर व अन्य। ● एजेंसी

**हैदराबाद, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को मंगलवार को बीसीसीआई ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। बीसीसीआई ने समारोह में 2019-20 सत्र के लिए शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

शुभमन गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यशस्वी जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 171 रनों की पारी खेलकर 2022-23 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण का पुरस्कार जीता। स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 2022-23 सत्र के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीता।




## एटली का विजन और संवाद की क्षमता सराहनीय



किंग खान शाहरुख खान ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली की निर्देशन शैली की सराहना की है। एटली कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म जवान को बॉक्स ऑफिस पर जोरदार सफलता मिली। फिल्म जवान में शाहरुख खान पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में नजर आए। जवान ने दुनिया में 1100 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया। शाहरुख खान ने कहा कि एटली का विजन स्पष्टता और संवाद करने की उनकी क्षमता वास्तव में सराहनीय है। वह उनकी निर्देशन शैली की सराहना करते हैं। वह विशाल, साहसी, जीवन से बड़े हैं, वह एटली हैं। यह सिर्फ एक स्क्रिप्ट को क्रियान्वित करने के बारे में नहीं था, बल्कि यह पात्रों, कथाओं और कहानी कहने की पारस्परिक खोज थी। फिल्म जवान आपको सोचने पर मजबूर करेगा, आपको प्यार में डालेगा, आपको गुस्सा दिलाएगा, आपको हंसाएगी और रुलाएगी भी, लेकिन यह आपके परिवार के साथ अनुभव करने लायक यात्रा होगी। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति, एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित फिल्म जवान का प्रीमियर 28 जनवरी को जी सिनेमा पर होगा।

### शाहरुख खान ने बताया जवान बने रहने का तरीका

शाहरुख खान ने जिंदगी में जवान बने रहने का मंत्र साझा किया है। उन्होंने बताया कि दिल से साफ रहें और उन चीजों की तुलना या उन पर संदेह न रखें, जो आप कर रहे हैं। दिल से जवान बनने और दिल से खुश रहने का एकमात्र तरीका है दिल से साफ होना, ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि उन चीजों के प्रति संदेह न रखें और न ही उनकी तुलना करें, जो काम आप कर रहे हैं। अपने आसपास के लोगों के प्रति अच्छा बर्ताव और सम्मान करें, अपने परिवार और दोस्तों से प्यार करें और दयालु बनें। मुझे लगता है कि दिल से जवान बने रहने के लिए बहुत कम समय की जरूरत होती है।

## प्रभास का बॉडी डबल भी लेता है एक फिल्म की मोटी फीस



प्रभास ही नहीं, उनका बॉडी डबल भी मोटी फीस वसूलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास की बढ़ती लोकप्रियता से उनके बॉडी डबल की भी चांदी हो गई है। वो जहां पहले काफी कम फीस पर प्रभास के लिए बॉडी डबल का काम करते थे। अब वो एक दिन के लिए 30 लाख रुपये चार्ज कर रहे हैं। प्रभास की कद-काठी का उनसे हुबहू मैच होना और उनके मुश्किल एक्शन सीन्स की वजह से मेकर्स उन्हें लंबी डेट्स के साथ कई दिनों तक के लिए रिजर्व रखते हैं। जिससे उनकी फीस 9-10 करोड़ रुपये प्रति प्रोजेक्ट तक हो चुकी है। उनकी मूवी सालार से लेकर कल्कि 2898 एडी में भी प्रभास के बॉडी डबल ने काम किया है।

### प्रभास की एक फिल्म की फीस 150 करोड़ रुपये से भी ज्यादा

बाहुबली स्टार प्रभास इंडस्ट्री के टॉप पेड एक्टर्स में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुपरस्टार एक मूवी के लिए करीब 150 करोड़ रुपये वसूलते हैं। बाहुबली की बंपर सफलता से प्रभास सिर्फ साउथ ही नहीं, बल्कि इंडिया के सबसे बड़े स्टार बनकर उभरे हैं। प्रभास का क्रेज साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में है। अभी वह कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें उनके धमाकेदार एक्शन सीन्स हैं। इसके लिए मेकर्स को प्रभास के बॉडी डबल का भी ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना पड़ रहा है। बता दें कि सुपरस्टार प्रभास सालार की सफलता के बाद निर्देशक नाग अश्विन की मूवी 2898 एडी को लेकर सिनेमाघर पहुंचेंगे। इस में प्रभास के अपोजिट अदाकारा दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आएंगी। इसके अलावा प्रभास निर्देशक मारुती की राजा साब को लेकर भी चर्चा में है। जो जल्दी ही सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में है।

## सुष्मिता सेन की वेबसीरीज आर्या 3 का ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सुष्मिता सेन की आने वाली वेबसीरीज आर्या-3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुष्मिता सेन जबरदस्त एक्शन करती हुई दिखाई दे रही हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पेज पर आर्या 3 के ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा गया है, एक आखिरी बार, शेरनी करेगी एक अंतिम वार। यह हॉटस्टार पर 9 फरवरी से स्ट्रीम होगी। आर्या 3 का निर्देशन राम माधवानी ने किया है। इसमें सुष्मिता सेन के अलावा चंद्रचूड़ सिंह, सिकंदर खेर, नमित दास, मनीष चौधरी, सुगंधा गर्ग जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

सुष्मिता सेन ने आर्या 3 में अपने किरदार पर बात करते हुए कहा कि यह सब तब शुरू हुआ जब आर्या के परिवार को टुकड़ों में तोड़ दिया गया, जिसके बाद वह बिजनेस की निडर शेरनी बन गई। अब बात खेल से परे न्याय की है। भले ही किस्मत में आर्या सरीन के लिए कुछ भी लिखा हो लेकिन वह उसका सामना डट के बिना किसी डर के साथ करती है। स्क्रीन पर आर्या सरीन के किरदार को निभाकर मुझे उस समय शक्ति मिली जब मैं खुद को संभाल नहीं पाती थी। उसके किरदार से एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को तलाश पाई।

### जालीदार ड्रेस पहनने पर अनन्या की तुलना उर्फी जावेद से



उर्फी जावेद अपने कपड़ों को लेकर हमेशा चर्चा में बनी रहती है। अब अनन्या पांडे का एक ऐसा लुक सामने आया है, इसके बाद लोग उनकी तुलना भी उर्फी जावेद से कर रहे हैं। अनन्या पांडे के नए लुक का सोशल मीडिया पर जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है। दरअलस अनन्या पांडे का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। इस में वह रैंप वाक करती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान अनन्या पांड ने बेहद अतरंगी आउटफिट पहन रखा है। उन्होंने वन पीस शॉर्ट ड्रेस के साथ-साथ एक जालीदार चीज को अपने हाथ में पकड़ा हुआ है। अनन्या पांडे के इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस जमकर तारीफ करते हुए नजर आए तो ट्रोल ने एक्ट्रेस की क्लास लगाई और उनकी ड्रेस को लेकर तरह-तरह के कमेंट्स किए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



## मुंबई: बिफ्फ फिल्म फेस्टिवल में कलाकारों को किया सम्मानित

मुंबई, अमृत विचार

मुंबई में बॉलीवुड इंटरनेशनल बिफ्फ फिल्म फेस्टिवल सीजन-4 का 20 जनवरी को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-दुनिया से आईं अनेक शख्सियतों ने हिस्सा लिया।

फेस्टिवल में बेहतरीन फिल्में, शॉर्ट, मोबाइल, स्टूडेंट्स, डॉक्युमेंट्रीज फिल्म व म्युजिक वीडियो दिखाए गए। बाद में कई कलाकारों को सम्मानित किया गया। बता दें, बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा और डायरेक्टर प्रतिभा शर्मा इस फेस्टिवल के संस्थापक हैं। आयोजन में बेस्ट फिल्म और अन्य बेस्ट कैटेगरी को चुनने के लिए पांच निर्णायक मंडल को नियुक्त किया गया है। कुनबा थियेटर अंधेरी वेस्ट में आयोजित कार्यक्रम में अजीत राय, धर्मेंद्र नाथ ओझा, नंदिता पुरी और बांग्लादेश के एक्टर डायरेक्टर तौकीर अहमद शामिल हुए। यशपाल, प्रतिभा और अविनाश दास ने कार्यक्रम का आरंभ किया। शिशिर, अखिलेन्द्र, राज ज्युतशी, नंदिता पुरी, एना बोल्मार्क, रामपाल बल्हारा समेत बॉलीवुड के अनेक गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

## यूएनएससी की स्थायी सीट भारत को मिलनी चाहिए: मस्क

न्यूयॉर्क, एजेंसी



कहा-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे में बदलाव की जरूरत

दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला व स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि कुछ बिंदुओं पर दुनिया की सबसे बड़ी संस्था संयुक्त राष्ट्र में बदलाव करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद में सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के नाते भारत को स्थायी जगह मिलनी ही चाहिए। ऐसा नहीं किया जाना बेतुका है। एलन मस्क ने ट्वीट कर कहा कि कुछ बिंदु पर, संयुक्त राष्ट्र निकायों के संशोधन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थायी सीट नहीं होना बेतुका है। उन्होंने लिखा कि अफ्रीका के लिए भी सामूहिक रूप से एक सीट होनी चाहिए। सयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद में फिलहाल पांच देश ही स्थायी सदस्यों के रूप में शामिल हैं।

बता दें, यूएनएससी, यूएन के छह प्रमुख अंगों में से एक है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने, महासभा में संयुक्त राष्ट्र के नए सदस्यों के प्रवेश की सिफारिश करने और संयुक्त राष्ट्र में किसी भी बदलाव को मंजूरी देने की जिम्मेदारी है।

## गायब हो जाते हैं शनि के चांद टाइटन के द्वीप

नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी ने की आश्चर्यजनक खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने शनि ग्रह के चांद टाइटन में एक आश्चर्यजनक जानकारी जुटाई है। टाइटन के समुद्र में द्वीपों का पता चला है, जो नजर आते हैं और खुद ही गायब हो जाते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे जादुई द्वीप नाम दिया है।

शनि का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल में पृथ्वी के अलावा एकमात्र ऐसी दुनिया है, जिसकी सतह पर तरल झीलें और विशाल समुद्र हैं। नासा के कैसिनी अंतरिक्ष यान ने शनि के इस बड़े चंद्रमा टाइटन की सतह पर झीलें पृथ्वी से मिलते जुलते देखी हैं। मगर टाइटन में अत्यधिक ठंड के चलते पर -179 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। जिस कारण टाइटन के समुद्र में हाइड्रोकार्बन, तरल मीथेन और ईथेन होते हैं।



टाइटन के समुद्र में गायब हो जाने वाले द्वीप।

इधर कैसिनी टाइटन में द्वीपों जैसे चमकीले क्षेत्रों का पता लगाया है, जो समुद्र पर तैरते दिखाई देते हैं और फिर गायब हो जाते प्रतीत होते थे। वैज्ञानिकों ने इन द्वीपों को टाइटन का जादुई द्वीप कहा है। अमेरिकी शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह द्वीप संभवतः एक अलग प्रकार के जमे हुए कार्बनिक ठोस पदार्थों के तैरते हुए टुकड़े हैं। विज्ञान पत्रिका जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स (एजीयू) यह खोज प्रकाशित है।

इस खोज को लेकर टेक्सास सैन एंटोनियो विश्वविद्यालय भौतिकी व खगोल विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ज़िनटिंग यू का कहना है कि समुद्र में यह द्वीप गायब होने से पहले घंटों से लेकर कुछ हफ्तों तक नजर आते हैं। इस रहस्य को समझने के लिए वैज्ञानिको ने विभिन्न सिद्धांत प्रस्तुत किए।

मगर सत्यता का सही पता नही चल पाया। इस पर नए तरीके से अध्ययन किया गया, तब पता चला कि टाइटन के जादुई द्वीप झरझरा छत्ते वाले कार्बनिक पदार्थ से बने हैं।

### टाइटन पर पनप सकता है जीवन

पानी की मौजूदगी के चलते टाइटन पर जीवन की संभावना जताई जा सकती है। इस उपग्रह पर जीवन की संभावना करीब दो दशक से बनी हुई है। जिसके चलते नासा ने इस उपग्रह की सतह को जानने के लिए कैसनी अंतरिक्ष यान को भेजा। कौसनी इस ग्रह की अनेक जानकारी जुटाने में सफल रहा है।

## एक नजर

### पाकिस्तान: नर्स पर एसिड अटैक चेहरा और छाती झुलसी, गंभीर

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 21 साल की एक नर्स पर मंगलवार को तेजाब से हमला किया गया। हमले में नर्स का चेहरा, गर्दन और छाती गंभीर रूप से झुलस गई। इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना लाहौर से करीब 280 किलोमीटर दूर चकवाल जिले में हुई है। पंजाब पुलिस के मुताबिक, पीड़िता का नाम सना सज्जाद है। वह एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स है। सना शाहीनाबाद स्थित अस्पताल में काम पर जा रही थी। रास्ते में ही दो मोटरसाइकिल सवारों ने उसे रोका और उस पर तेजाब फेंककर मौके से फरार हो गए। सना सज्जाद को गंभीर हालत में पास के ही नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि उन्हें घटना का सीसीटीवी फुटेज मिल गया है। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम को काम सौंपा है।

### मध्य प्रदेश: इंदौर केंद्रीय कारागार में कैदी ने लगाई फांसी, मौत

**इंदौर।** इंदौर में केंद्रीय कारागार के कैदी ने चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार शाम की है। जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने कहा, जेल के बैरक नंबर 2 में बंद अनिल मांझे ने आत्महत्या करने के लिए बेडशीट का इस्तेमाल किया। उसने बेडशीट के एक सिरे को शौचालय की जाली से बांध दिया और दूसरे सिरे से खुद को फांसी लगा ली। बाद वे उसे एमवाई अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और उसके परिवार के सदस्यों को इसके बारे में सूचित किया गया है। मांझे पर मामूली विवाद में पत्नी की हत्या करने का आरोप था।

## गाजा में 21 आईडीएफ सैनिकों की मौत

### इजराइली सेना पर बड़ा हमला, नेतन्याहू बोले- सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने बताया है कि सोमवार को गाजा में हमास के साथ हुई लड़ाई में उनके 21 सैनिक मारे गए हैं। दरअसल लड़ाई के दौरान एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में कुछ सैनिक आ गए। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी चपेट में आकर दो इमारतें भी तबाह हो गईं। वहीं इजराइली सेना के एक टैंक पर हमास के लड़ाकों ने आरपीजी से हमला किया। इन सैनिकों की मौत के बाद हमास के साथ लड़ाई में इजराइली सेना के अब तक 200 से ज्यादा सैनिक मारे जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कसम खाई कि फिलिस्तीन में एक दिन में सबसे ज्यादा मौतें होने के बाद इजराइल जीत पूरी होने तक गाजा में लड़ाई बंद नहीं करेगा। यह युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइली सेना को सबसे बड़ी क्षति पहुंची है। नेतन्याहू ने 21 सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में नेतन्याहू ने कहा, युद्ध की शुरुआत के बाद से सोमवार का दिन सबसे कठिन दिनों में से एक था।

उन्होंने कहा कि सेना उस हमले की जांच शुरू करेगी जिसमें एक आतंकवादी ने एक टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागा जिससे विस्फोट हुआ और सैनिक विस्फोट के बाद ध्वस्त हुई दो इमारतों के मलबे में दब गए। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि उनका दिल इस कठिन और दर्दनाक सुबह में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ है, लेकिन इजराइल पीछे नहीं हटेगा।

### यमन: अमेरिका-ब्रिटेन ने फिर किया हूती के 8 ठिकानों पर हमला

**वाशिंगटन।** यमन स्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने हमले तेज कर दिए हैं। पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने सोमवार को यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया है। पेंटागन के अनुसार, अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने अंडरग्राउंड स्टोरेज स्थल और हूतियों की मिसाइल व निगरानी क्षमता को तबाह किया गया है। वहीं, हूती विद्रोहियों ने कहा कि इजराइल द्वारा गाजा पर किए जा रहे हमले के बाद वह फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से खड़े हैं, इसलिए ये हमले फिलिस्तीनियों के समर्थन में हैं। छह देशों द्वारा हस्ताक्षरित एक संयुक्त बयान के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटिश सेना ने ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड के समर्थन से यमन में 8 अलग-अलग स्थानों पर हमले किए हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि हूती विद्रोहियों के खिलाफ ये हवाई हमले जारी रहेंगे। एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य



अधिकारी बताया कि लगभग 25 से 30 गोले दागे गए। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि इन हमलों ने हूती विद्रोहियों की हमलों की क्षमता को कम कर दिया है। हालांकि, उन्होंने अब तक नष्ट हुई मिसाइल, रडार, ड्रोन या अन्य सैन्य क्षमताओं की संख्या के बारे में कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है।

## गर्भपात की इजाजत वाला फैसला दिल्ली कोर्ट ने वापस लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट मंगलवार को अपने पहले एक आदेश को वापस ले लिया है। जिसमें कोर्ट ने 29 हफ्ते की गर्भवती महिला को गर्भपात की इजाजत देने का आदेश दिया था। केंद्र सरकार की ओर से हाईकोर्ट में अर्जी दी गई थी।



हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि आदेश वापस लिया जाता है। केंद्र की ओर से एक याचिका दायर करने के बाद आया है। जिसमें बीती चार जनवरी के आदेश को वापस लेने की मांग की गई है। गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दी गई थी। केंद्र सरकार ने अपनी याचिका में कहा कि गर्भावस्था का समापन तब तक नहीं हो सकता है। जब तक कि डॉक्टर भ्रूणहत्या न कर दें। ऐसा न करने पर बड़ी जटिलताओं के साथ समय से पहले प्रसव होगा।

## केएनपी में नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को दिया जन्म

श्योपुर, एजेंसी

सीएम मोहन ने दी बधाई, इससे पहले मार्च 2023 में ज्वाला चीता ने चार शावकों को दिया था जन्म



कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मंगलवार को तीन चीता शावकों का जन्म हुआ है। मादा चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे पहले मार्च 2023 में ज्वाला चीता ने चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावकों की मौत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुनो में शुरू किया गया अभिनव प्रकल्प चीता प्रोजेक्ट सफल हो रहा है। एशिया से गायब हुए चीता मध्यप्रदेश के पारिस्थितिक तंत्र में न सिर्फ फल फूल रहा है, बल्कि वंश वृद्धि में भी लगा है। यह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। कुनो में मादा चीता ज्वाला ने 3 नन्हे चीता शावकों को जन्म दिया है। प्रदेश में चीता प्रजाति के प्राणियों की संख्या अब 21 हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चीतों के कुनबे में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) में मंगलवार को चीता शावकों के जन्म के बाद चीतों की तादाद बढ़कर 17 हो गई है। इसमें सात शावक शामिल है। करीब एक महीने पहले ही नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। इससे पहले मार्च 2023 में मादा चीता ज्वाला ने ही चार शावकों को जन्म दिया था। उनमें से तीन की मौत कुछ ही महीनों में हो गई थी। कूनो प्रबंधन ने शावकों की मौत की वजह भीषण गर्मी को बताया था। इस मादा चीता को पहले सियाया के नाम से जाना जाता था, बाद में उसका नाम ज्वाला रखा गया था। ज्वाला को भी नामीबिया से कूनो नेशनल पार्क लाया गया है। कूनो नेशनल पार्क से काफी दिनों बाद बड़ी खुशखबरी सामने आई है। यहां अफ्रीकी देश नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है।

## भारत लगा रहा अफ्रीका को उठाने की बाजी, बढ़ेगी साझेदारी

अबुजा, एजेंसी



जयशंकर बोले उचित स्थान हासिल नहीं कर लेता, तब तक वैश्विक व्यवस्था संतुलित नहीं होगी

नाइजीरिया के साथ उन्नीसवें गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर नाइजीरिया में हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत अफ्रीका को उठाने की बाजी लगा रहा है और जब तक यह महाद्वीप अपना उचित स्थान हासिल नहीं कर लेता, तब तक वैश्विक व्यवस्था संतुलित नहीं होगी। उन्होंने कहा, इस महाद्वीप के बिना बहुध्रुवीयता नहीं हो सकती।

जयशंकर नाइजीरिया-भारत व्यापार परिषद (एनआईबीसी) में बोल रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा, नई वैश्विक व्यवस्था का फिर से संतुलन तभी होगा, जब इसके मूल में आर्थिकी होगी। आर्थिक उत्थान से ही अफ्रीका का उदय होगा। उन्होंने कहा, दूसरों के लिए बाजार बनकर या सिर्फ संसाधन मुहैया कराकर वैश्विक व्यवस्था में ऊपर जान बहुत मुश्किल है। इसलिए, अब मैं विकल्प पेश करता रहता हूं। उन्होंने कहा, अफ्रीका आगे बढ़ रहा है और भारत अफ्रीका को उठाने पर बाजी लगा रहा है।

मंत्री ने कहा, भारत अफ्रीका को उठाने की बाजी इसलिए लगा रहा है, क्योंकि आज अफ्रीका में जनसांख्यिकी, संसाधनों और महत्वकांक्षा में बहुत अधिक वृद्धि हो रही है।

### हीटिंग सिस्टम फेल...



**मॉस्को :** रूस की राजधानी मॉस्को समेत पूरे देश में इन दिनों भीषण सर्दी है। मॉस्को में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विंड चिल फैक्टर और कई जगहों पर हीटिंग सिस्टम काम नहीं करने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विंड चिल फैक्टर में हवाओं की वजह से तापमान 5 डिग्री और कम महसूस होता है। रूस में पारा गिरने की शुरुआत दिसंबर में शुरू हुई थी। यह गिरावट थमी नहीं है। इस हफ्ते, निजनी नोवगोरोड शहर में हीटिंग पाइप फटने से खौलता पानी सड़क पर फैल गया था। इससे 16 लोग झुलस गए थे। इसमें 3,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। ● एजेंसी

## फरवरी में रामलला के दर्शन करने जाएगा पूरा कैबिनेट

गुवाहाटी, एजेंसी



सीएम हिमंत बिस्वा ने एक्स पर दी जानकारी

असम कैबिनेट ने 22 फरवरी को अयोध्या राम मंदिर का दौरा करने का फैसला किया है। यह फैसला मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, कैबिनेट ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इ

सके साथ ही भारत के लोगों को भी बधाई दी। पूरा कैबिनेट 22 फरवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएगा। सीएम ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने दस जिलों में भूमिहीन मूलनिवासियों को भूमि देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'सोनितपुर, तिनसुकिया, धेमाजी, नागांव, विश्वनाथ, कामरूप (महानगर), कामरूप, बोंगाईगांव, गोलपारा और धुबरी जिलों में मिशन बसुंधरा 2.0 के तहत भूमिहीन मूलनिवासियों को भूमि दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन परिवारों में 84 फीसदी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए असम परीक्षा विधेयक 2024 को कैबिनेट की तरफ से मंजूरी दे गई है।

## अमेरिका: तीन अलग-अलग घरों में गोलीबारी, 8 की मौत

**शिकागो।** अमेरिका के इलिनोइस प्रांत के शिकागो में 3 जगह पर गोलीबारी कर एक बंदूकधारी ने 8 लोगों की हत्या कर दी। बाद में टेक्सास में कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ मुठभेड़ में उसने खुद को गोली मार ली।

पुलिस ने उसकी पहचान 23 वर्षीय रोमियो नेंस के तौर पर की है। एक फेसबुक पोस्ट में पुलिस ने लिखा, बंदूकधारी ने जोलीट शहर और विल काउंटी में वारदातों को अंजाम दिया। इसके बाद टेक्सास में पुलिस से मुठभेड़ में उसने खुद को गोली मारी ली। हमलावर 23 वर्षीय रोमियो नेंस है। पुलिस ने फरार नेंस को टेक्सास में नतालिया के पास खोजा था। पुलिस ने कहा कि हत्याओं का मकसद फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन हमलावर नेंस पीड़ितों को पहले से जानता था।

## दुनिया में पिछड़ा पाकिस्तान, पटरी पर लाना आसान नहीं



**खैबर पख्तूनख्वा।** पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के हालत को लेकर बड़ा बयान दिया है। नवाज ने कहा कि पाकिस्तान को पटरी पर लाना आसान काम नहीं होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए नवाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया में पिछड़ गया है और देश का पुनर्निर्माण करना होगा। शरीफ ने कहा कि उनकी सरकार ने न केवल पाकिस्तानी रुपये के मुकाबले डॉलर को 104 तक सीमित किया था, बल्कि देश से लोड शेडिंग को भी समाप्त कर दिया था। शरीफ ने इमरान से सवाल पूछा कि इन्होंने जनता के लिए अपने 10 साल के शासन के दौरान क्या किया? उन्होंने कहा इमरान ने इस प्रांत को बर्बाद कर दिया है।

**रिपोर्ट में दावा** | 34 लाख करोड़ का होगा भारत का टूरिज्म, मध्य वर्ग के दम पर पर्यटन सेक्टर होगा 3 गुना

## 2030 तक पर्यटन पर खर्च में विश्व का चौथा देश होगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

छुट्टियां मनाना और नई जगहें घूमना आमतौर पर उच्च वर्ग के लोगों की बात कही जाती रही है। हालांकि आने वाले समय में यह धारणा गलत साबित हो सकती है। दरअसल, उच्च वर्ग के साथ भारत का मिडिल क्लास भी नई-नई जगहों पर घूमना चाहता है और इसकी शुरुआत भी हो गई है। मध्य वर्ग की बढ़ती रुचि के कारण 2030 तक भारत पर्यटन पर खर्च करने वाला दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन जाएगा।



**2019** में पर्यटन पर 12.47 लाख करोड़ रूपये भारतीयों ने किए खर्च, 2030 तक यह आंकड़ा 34.08 लाख करोड़ होने की उम्मीद।

### पिछले साल यूएई रहा भारतीयों की पहली पसंद

पिछले साल छुट्टियों के लिए यूएई भारतीयों की पहली पसंद रहा। उसके बाद, थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मालदीव, हांगकांग, अमेरिका व ब्रिटेन रहे। बता दें कि दुनियाभर में पर्यटन पर सबसे अधिक खर्च करने वाला क्लास मिडिल क्लास है। कोरोना से पहले के आंकड़ों को देखें तो 2019 में पर्यटन पर भारतीय 12.47 लाख करोड़ खर्च करते थे। 2030 तक यह आंकड़ा 34.08 लाख करोड़ हो जाने की उम्मीद है।



इसकी बड़ी वजह मिडिल क्लास की आबादी है। अनुमान है कि 2030 तक देश में मध्यम वर्ग की आबादी 47.8 फीसदी होगी (मिडिल क्लास सालाना 5 लाख से 30 लाख के बीच कमाने वाले)। मैकिन्से एंड कंपनी, पीपल रिसर्च और बुकिंग कॉम की रिपोर्ट का के आधार पर यह अनुमान जताया गया है।

2030 तक भारत की औसत आयु 28.2 साल होगी जो दुनियाभर की तमाम बड़ी इकॉनमी से 10 साल कम होगी।

ब्रांड यूएसए कंपनी के एक सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि 2030 तक 23 लाख भारतीय पर्यटक के रूप में अमेरिका जाएंगे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 15 लाख था। कुछ समय से मध्य वर्ग के लोगों की पर्यटन के क्षेत्र में रूची बढ़ी है। बता दें, भारत भी पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है।

## एक माह में चौथी बार 6 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौकाएं जब्त कर ली हैं। आरोप है कि ये मछुआरे उसके जलक्षेत्र में मछलियां पकड़ रहे थे। इस तरह की एक महीने के भीतर यह चौथी घटना है।

श्रीलंकाई नौसेना ने बताया गया है कि भा दो नौकाओं को सोमवार को जाफना के डेल्फ्ट द्वीप के उत्तर में जब्त कर लिया गया। इसमें आगे कहा गया है कि पकड़े गए छह मछुआरों को कंकासनथुरई बंदरगाह ले जाया गया। उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। पिछले हफ्ते 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। उनकी दो नौकाएं भी जब्त कर ली गई थीं। दोनों देशों के बीच लंबे समय मछुआरों का विवादास्पद मुद्दा है। श्रीलंकाई नौसेना ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की थी।

## श्रीलंका: तमिल नेताओं ने की 13ए संशोधन को लागू करने की मांग

कोलंबो, एजेंसी

बोले- भारत को दखल देना चाहिए, तमिल नेता की भारतीय राजदूत संतोष झा से हुई बातचीत

श्रीलंका के तमिल नेताओं ने मांग की है कि श्रीलंकाई संविधान के संशोधन 13ए को लागू करवाने के लिए भारत को दखल देना चाहिए। श्रीलंकाई संविधान का संशोधन 13ए अल्पसंख्यक समुदाय को सत्ता की कुछ शक्तियों के हस्तांतरण की बात कहता है। श्रीलंका में तमिल समुदाय के वरिष्ठ नेता आर संपनथान ने सोमवार को श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा से मुलाकात की थी।

श्रीलंका में तमिलों के संगठन तमिल नेशनल अलायंस ने यह जानकारी दी। तमिल नेशनल अलायंस ने बताया कि संपनथान और भारतीय उच्चायुक्त के बीच दो घंटे लंबी बातचीत हुई, जिसमें मुख्य तौर पर संशोधन 13ए पर बात हुई। तमिल पार्टियों ने मांग की कि भारत को इस मामले में दखल देना चाहिए। इस बैठक में तमिल राजनीतिक बंदियों और सरकार द्वारा तमिलों की कब्जाई गई भूमि को लेकर बात हुई। भारत द्वारा श्रीलंका पर 13ए संशोधन को लागू करने का दबाव बनाया जा रहा है।

साल 1987 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी और श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति जेआर जयवर्धने के बीच इंडो- श्रीलंका समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इस समझौते के तहत श्रीलंका के संविधान में 13ए संशोधन को शामिल किया गया। इसके तहत श्रीलंका के सभी नौ राज्यों की सरकारों को कुछ शक्तियां देने का प्रावधान किया गया। इनके तहत कृषि और स्वास्थ्य आदि पर श्रीलंका के राज्यों की सरकारें भी फैसला ले सकतीं थी।